सुप्रभात

रांची, मंगलवार

03.06.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 318




12 'वारहेड' से करेंगे अटैक, सब हो जायेगा राख

## न्यूज डायरी

### 30 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**पलामू।** पलामू जिले की सतबरवा थाना पुलिस ने भूसी की बोरी में छुपाकर शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर हरियाणा राज्य के नंबर से पंजीकृत एक ट्रक को पकड़ा है, जिसमें लाखों रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। गढ़वा से डालटनगंज होते हुए दूसरे राज्य में शराब की बड़ी खेप भेजी जा रही थी।

### पाक की पोल खोल टीम से फीडबैक लेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई दुनिया को बताने गये सांसदों और राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लौट रहा है। टीम के लौटने पर पीएम मोदी सभी दलों से फीडबैक लेंगे। 33 देशों की दस दिवसीय यात्रा में भारतीय सांसदों ने सरकारों थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की। कोलंबिया ने भी अपना रुख बदला और आतंकवाद पर भारत का समर्थन किया। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह पीएम मोदी प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात करेंगे और फीडबैक लेंगे।

### अनुकंपा के आधार पर दो दिया गया नियुक्ति पत्र

दुमका। जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर संथाल परगना प्रमंडल, आयुक्त लालचंद दादेल ने दो कर्मियों को नियुक्ति पत्र सोमवार को सौंपा। नियुक्ति पत्र समेकित बाल विकास कार्यक्रम के तहत मो वशीम अख्तर एवं पालती हांसदा को निम्न वर्गीय लिपिक के पद के लिए दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त श्री दादेल ने नियुक्त अभ्यर्थियों को अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं सजग होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुकंपा पर प्राप्त नियुक्ति नहीं केवल अवसर है, बल्कि एक उत्तरदायित्व भी है।

### मनरेगा, बालू की स्थिति ठीक नहीं : वित्त मंत्री

**रांची।** सोमवार को योजना और विकास विभाग की ओर से बिल्डिंग अ सस्टेनेबल झारखंड ग्लोबल गोल्स लोकल सॉल्यूशन नामक विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। झारखंड के सतत विकास के लिए नयी पहल पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी सहित कई विभागीय अधिकारी शामिल हुए। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सतत विकास की अवधारणा पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, मनरेगा और बालू जैसे क्षेत्रों में स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए सतत विकास की जगह सतत करप्शन फ्री विकास पर बहस होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि सभी जिलों के बीच विकास को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बेहद जरूरी है। अगर हम पैरामीटर पर मेहनत करें तो लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

# आइपीएल 2025 : आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच आज फाइनल



एजेंसी

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 को आठ साल बाद नया चैंपियन मिलने जा रहा है। अब सभी की निगाहें आज अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल 2025 के फाइनल पर टिकी होंगी, जहां क्रिकेट प्रेमियों को एक नया चैंपियन देखने को मिलेगा। फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। आईपीएल के इतिहास में न आरसीबी और न ही पंजाब कभी खिताब जीत पायी है। ऐसे में इस बार ट्रॉफी किसी नयी टीम के नाम होगी।

**क्लोजिंग सेरेमनी की थीम ऑपरेशन सिंदूर**



**स्टेडियम की कुल क्षमता 1.32 लाख**

**चौथी बार फाइनल खेलेगी आरसीबी** : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का यह चौथा फाइनल होगा। इससे पहले टीम 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में खेल चुकी है, लेकिन तीनों बार हार मिली।

**दूसरी बार फाइनल में पहुंची पंजाब किंग्स** : पंजाब किंग्स दूसरी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा था। इस बार टीम ने लीग स्टेज में दमदार प्रदर्शन कर नंबर-1 पर रहते हुए प्लेऑफ में एंट्री ली और अब फाइनल में पहुंची है।



## जेईई एडवांस्ड 2025 का रिजल्ट, झारखंड का भी दबदबा

# रजित गुप्ता ने हासिल की ऑल इंडिया में पहली रैंक

एजेंसी

**कोटा।** आईआईटी कानपुर ने जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। कोटा के रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक वन हासिल किया है। इसके साथ ही कोटा के चार छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनायी है। कोटा के ही सक्षम जिंदल ने दूसरी रैंक, अक्षत चौरसिया ने छठी रैंक और देवेश पंकज ने आठवीं रैंक हासिल की है। पहली रैंक पाने वाले राजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन मेहनत, नियमित पढ़ाई और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए मैंने दो साल तक दिन-रात मेहनत की। रजित का सपना आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में पढ़ाई करने का है। राजित कहते हैं कि पढ़ाई के दौरान कभी भी प्रेशर नहीं लिया।

AIR Rank-1



रजित गुप्ता

## रांची के अनस झारखंड टॉपर धनबाद के अभिनीत सेकेंड

वरीय संवाददाता

**रांची।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेइइ) एडवांस्ड 2025 के जारी रिजल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में रांची के मो अनस ने ऑल इंडिया रैंक 42 हासिल की है और राज्य में टॉपर बने हैं। वहीं धनबाद के अभिनीत पांडेय एआइआर 101 हासिल कर राज्य के दूसरे टापर बने हैं। हर्ष गुप्ता एआईआर 210 के साथ तीसरे, देवघर के भव्यम शंकर एआईआर 274 के साथ चौथे, गुमला के हर्ष झा एआईआर 401 के साथ पांचवें, जमशेदपुर के ध्रुव प्रकाश एआईआर 483 के साथ छठे स्थान पर हैं। छात्रों ने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुओं को दिया।

जेईई एडवांस 2025 में झारखंड के विद्यार्थियों ने भी दमदार प्रदर्शन किया है। मो. अनस ने जेइइ मेन में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया था। कोटा में पढ़ाई करते हुए उन्होंने राजस्थान से ही रजिस्ट्रेशन कराया था।

## 4 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान से गिद्ध टकराया

# पटना से रांची आ रहे विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**हादसा टला**

### हवा में सभी यात्रियों की जान सांसत में रही



**पक्षी से टकराने के बाद विमान के अगले हिस्से में बना डेंट।**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां 175 यात्रियों को पटना से लेकर रांची आ रहे विमान में पक्षी टकरा गया। इसके बाद संभावित खतरे को देखते हुए पायलटों ने विमान को 40 मिनट तक हवा में रखा और सूझबुझ के साथ रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से इमरजेंसी लैंडिंग करायी। विमान में सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

अधिकारियों ने बताया कि रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर 175 यात्रियों को लेकर आए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। गनीमत रही कि सिर्फ विमान को नुकसान हुआ है। इसमें सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे।

रांची एयरपोर्ट के डायरेक्टर आरआर मौर्य ने कहा, रांची के पास इंडिगो के एक विमान की पक्षी से टक्कर हो गई थी। जिस समय घटना हुई विमान 10-12 नॉटिकल माइल्स दूर, 3000-4000 फीट की ऊंचाई पर था।

अधिकारी ने बताया कि विमान पटना से 175 यात्रियों को लेकर उड़ा था। लैंडिंग से पहले करीब 4 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे एक गिद्ध ने विमान को टक्कर मारी। एक अन्य सूत्र ने बताया कि बर्ड हिट के दौरान पायलट ने विमान को 40 मिनट तक सुरक्षित उड़ान में रखा। वहीं एक अन्य अधिकारी ने बताया कि गिद्ध के टकराने से विमान को डेंट लगा है। इंजीनियर्स विमान को हुए नुकसान का आकलन करने में जुटे हुए हैं।

## एक पाली में परीक्षा के मद्देनजर निर्णय

# नीट पीजी की 15 जून को होने वाली परीक्षा स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने नीट पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित कर दी है। नीट पीजी की परीक्षा पहले 15 जून को निर्धारित थी। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लिया गया है। पिछले सप्ताह एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत ने प्राधिकरण से एमबीबीएस और डेंटल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का पालन करते हुए एनबीईएमएस ने सोमवार को घोषणा की कि अब नीट-पीजी 2025 एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस निर्णय के लिए लॉजिस्टिक समायोजन की आवश्यकता है, विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने और सभी उम्मीदवारों को एक साथ समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए आवश्यक है।



एक आधिकारिक अधिसूचना में एनबीईएमएस ने कहा कि न्यायालय ने एक शिफ्ट में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है। जिसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने का भी निर्देश मिला, ताकि यह सुनिश्चित करते हुए कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए। इसके अनुसार एनबीईएमएस एक ही शिफ्ट में नीट-पीजी 2025 आयोजित करेगा।

## राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट में दायर की याचिका

### गैर जमानती वारंट निरस्त करने का किया आग्रह

**रांची।** कांग्रेस नेता सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चाईबासा कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को निरस्त करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उनके अधिवक्ता दीपांकर ने बताया कि बीते 29 मई को याचिका दायर की गई है। दरअसल चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर 26 जून को सशरीर पेश होने को कहा था, जबकि इसी मामले में चाईबासा कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी जो लंबित है। फिर भी इस पर विचार करने के बजाए चाईबासा कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। याचिका में इन बातों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी के अधिवक्ता ने गैर जमानती वारंट निरस्त करने का आग्रह किया है। बता दें कि राहुल गांधी के खिलाफ रांची में एक जबकि चाईबासा कोर्ट में दो मामले चल रहे हैं।

# 19 जून को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का होगा उद्घाटन, गडकरी से मिले संजय सेठ





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण की प्रगति की जानकारी दी और इसके लोकार्पण का आग्रह किया। नितिन गडकरी ने 19 जून को कॉरिडोर के लोकार्पण पर सहमति दी। यह झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर है, इसकी सौगात रांची की जनता को मिली है। इसका लोकार्पण होने के बाद रातू रोड को पिछले 4 दशक के जाम से मुक्ति मिलेगी। वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा और रांचीवासी भी राहत महसूस करेंगे। इस एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण की तैयारी जल्द शुरू हो जायेगी।

## कार्टून कोना




## सिक्किम में लैंडस्लाइड : झारखंड के भी कई परिवार फंसे

# सैन्य कैंप भी चपेट में, तीन शहीद, छह लापता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम से दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां अचानक हुए भूस्खलन ने भारतीय सेना के एक कैंप को भी अपनी चपेट में ले लिया है। इस हादसे में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए हैं जबकि 6 जवान अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान तेजी से जारी है। हादसे की खबर मिलते ही देशभर में शोक की लहर है। पीएम मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। रक्षा मंत्रालय और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा है कि लापता जवानों को खोजने में पूरी टीम लगी हुई है।

### भारी बारिश के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



सेना, स्थानीय प्रशासन और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम लापता जवानों के बचाव कार्य में जुटी हैं। भारी बारिश और दुर्गम पहाड़ी इलाकों की वजह से रेस्क्यू में दिक्कतें आ रही हैं। सिक्किम समेत भारत के कई नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। पहाड़ी इलाकों में यह बारिश भूस्खलन का कारण बन रही है और आम जनजीवन के साथ-साथ सेना की गतिविधियां भी इससे प्रभावित हो रही हैं।

### कैंप में अपनी ड्यूटी पर थे जवान

लाचेन जिले के छतेन इलाके में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते अचानक पहाड़ी इलाका खिसक गया। सेना का कैंप इसकी चपेट में आ गया। सेना के जवान ड्यूटी पर तैनात थे। अचानक इस आपदा का किसी को अंदाजा नहीं था और सब कुछ कुछ ही पलों में तबाह हो गया। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गयी, जिनमें दो सेना के जवान और एक पोर्टर शामिल है। तीनों जवानों के शव बाहर निकाल लिये गये हैं।

### झारखंड के लोग फंसे


लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन से हालात बिगड़ गये हैं। लाचुंग में भूस्खलन से रास्ते बंद हो गये हैं। यहां झारखंड के करीब दर्जनभर परिवार फंस गये हैं। सभी ने झारखंड सरकार से उन्हें बाहर निकालने की गुहार लगायी है। पीड़ित परिवारों ने कई वीडियो जारी कर कहा, हम मुश्किल में हैं। न खाना मिल रहा, न ही पानी, सरकार हमें यहां से किसी तरह सुरक्षित निकाले।

# झारखंड में मॉनसून का ट्रैक बदला अब 10 से 12 जून के बीच होगी इंट्री

**वेदर अपडेट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रवेश से पहले मॉनसून का ट्रैक बदल गया है। मौसम विभाग के अनुसार अब मॉनसून की इंट्री 10 से 12 जून के बीच हो सकती है। पहले यह अनुमान लगाया गया था कि मॉनसून अपने निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले राज्य में प्रवेश कर जाएगा। अगर मॉनसून 10 से 12 जून के बीच राज्य में प्रवेश करता है, तो 15 जून के बाद अच्छी बारिश की संभावना है। सामान्य तौर पर रांची में जून महीने में 197.6 मिमी वर्षा दर्ज की जाती है, लेकिन, यदि मॉनसून देर से पहुंचता है तो बारिश की मात्रा में कमी हो सकती है।



**तापमान में बढ़ोत्तरी** : मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 6 जून से तापमान में एक बार फिर बढ़ोत्तरी दर्ज की जा सकती है। रांची का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि अन्य जिलों में भी गर्मी तेज होगी।

**अगले 5 दिनों का पूर्वानुमान**

- आंशिक बादल छाये रहेंगे।
- 3 जून को हल्की गर्जना होगी।
- 4 और 5 जून को आसमान में बादल छाये रहेंगे और कुछ इलाकों में गर्जन वाले बादल बन सकते हैं।
- अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना होगी।

# मेरे और मेरे परिवार पर हमला करने के लिए सुपारी दे रही हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार नहीं, संगठित गिरोह चला रहे है झारखंड के मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर आरोप लगाये। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार मेरे और मेरे परिवार, मेरे करीबियों पर हमला करने के लिये अपराधियों को सुपारी दे रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस प्रदेश में केवल नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नहीं। बल्कि उन लाखों झारखंडवासियों की आवाज बनकर उपस्थित हुये हैं जो भ्रष्टाचार, दमन और भय की राजनीति से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े कुछ अत्यधिक भ्रष्ट और आपराधिक प्रवृत्ति के अधिकारी उनके, उनके परिवार और उनके निकट लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रचने में लगे हुये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों को सरकारी संरक्षण प्राप्त है और वे उन्हें डराने-धमकाने के लिये संगठित योजनाओं का सहारा ले रहे हैं। इनमें हमले की साजिश से लेकर झूठे मुकदमे, चरित्र हनन और फर्जी स्टिंग ऑपरेशन तक की तैयारी शामिल है।

उन्होंने कहा कि सरकार उनके खिलाफ इसलिये सक्रिय हो गई है क्योंकि उन्होंने अनेक घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों को सार्वजनिक रूप से उजागर किया है। इनमें छत्तीसगढ़-झारखंड शराब घोटाला, बालू, पत्थर, जमीन और कोयले के अवैध खनन एवं तस्करी से जुड़े रैकेट, जेएसएससी-सीजीएल जैसी परीक्षाओं में व्यापक अनियमिततायें और ग्रामीण योजनाओं के नाम पर हो रही वित्तीय लूट शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि जब इन मुद्दों को जनहित में प्रमुखता से उठाया, तो सत्ता में बैठे कुछ लोगों को उनकी सक्रियता असहज करने लगी। उन्होंने याद दिलाया कि यह कोई पहली बार नहीं है जब उन्हें चुप कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में शिकारपाड़ा क्षेत्र में उनके खिलाफ उग्रवादियों से जानलेवा हमला कराने की साजिश की सूचना उन्हें मिली थी। उस समय की खुफिया जानकारी को गंभीरता से लेते हुये केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंपी थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके कुछ करीबी अधिकारियों को संदेश दिया कि यदि उन्हें लगता है कि धमकियों, स्टिंग ऑपरेशनों या फर्जी मुकदमों के जरिये उन्हें डराया जा सकता है, तो वे भारी भूल कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जब उग्रवादियों के हाथों उन्होंने अपने जवान पुत्र को खोया था, तब भी वे न झुके थे, न रुके थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के मूलभूत मूल्यों का घोर अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड को अब डराने और दबाने की राजनीति नहीं। बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है।

## सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं बाबूलाल मरांडी : विनोद पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झामुमो ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाए गए उन आरोपों को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाला बताया है, जिसमें उन्होंने अपनी जान पर खतरा और सरकार द्वारा गलत मुकदमे में फंसाए जाने की आशंका जताई है। झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने इन आरोपों को हास्यास्पद बताते हुए इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा करार दिया है। साथ ही उन्होंने इन आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें ऐसे छिछले और आधारहीन आरोप लगाने से पहले अपनी गरिमा और जिम्मेदारी का ध्यान रखना चाहिए। यह स्पष्ट है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार की बढ़ती लोकप्रियता और जनहितकारी नीतियों से वे निराश और हताश हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मरांडी जी का यह रवैया झारखंड की प्रगति के खिलाफ है। जब राज्य सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करती है तो मरांडी जी परेशान हो उठते हैं। वे एंटी करप्शन ब्यूरो को सवाल भेजने लगते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि एक स्वतंत्र जांच एजेंसी को संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा प्रश्न भेजना कहां तक उचित है? यह सीधे-सीधे निष्पक्ष जांच में लगे सरकारी अधिकारियों पर दबाव बनाने की चाल है। जब सरकार रांची में रिम्स-2 अस्पताल जैसे जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट्स को लागू करने के लिए कदम उठाती है, तो मरांडी जी और उनकी पार्टी भाजपा के नेता इसका विरोध करते हैं। यह नेता प्रतिपक्ष का काम नहीं है। झारखंड की जनता विकास चाहती है, न कि बाधा उत्पन्न करने वाली सियासत।

विनोद कुमार पांडेय ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार जनता के हित में पारदर्शी और जवाबदेह शासन के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने जेएसएसपी और जेपीएससी जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की है और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कदम उठाए हैं। मरांडी जी के आरोप न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि यह जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा यह आग्रह करता है कि मरांडी जी और उनकी पार्टी भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएं और राज्य के विकास में सहयोग करें। झारखंड की जनता सियासी नाटक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में प्रगति चाहती है।

## पूर्व विधायक सीता सोरेन ने पासपोर्ट रिलीज करने के लिये कोर्ट से किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वर्ष 2012 में हुये राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले की आरोपी पूर्व विधायक सीता सोरेन ने सीबीआई की विशेष अदालत से अपने पासपोर्ट को रिलीज करने की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने पासपोर्ट का नवीकरण कराने के लिये इसे रिलीज करने की मांग की है। मामले में पूर्व विधायक सीता सोरेन, पिता बीएन मांझी, तत्कालीन आप्त सचिव राजेन्द्र मंडल समेत 6 आरोपी हैं। मालूम हो कि 30 मार्च 2012 को 2 सीटों के लिए राज्यसभा का चुनाव हुआ था। इसमें आरके अग्रवाल और पवन धूत उमीदवार थे। उमीदवार आरके अग्रवाल के पक्ष में मतदान करने के एवज में पैसा लेने का आरोप सीबीआई ने सीता सोरेन और उनके पिता और आप्त सचिव पर लगाया था। बता दें कि आयकर विभाग ने राज्यसभा चुनाव में वोटरों के खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने उक्त राज्यसभा चुनाव को रद्द कर दिया था और दोबारा 3 मई को चुनाव हुआ था। दोबारा हुये चुनाव में प्रदीप बलमुचू और संजीव कुमार ने जीत दर्ज की थी।


### शपथ-पत्र

नोटरी पब्लिक , लोहरदगा ।

शपथ-पत्र संख्या 5094

मैं, मुनिष बाड़ा, पिता सोमदेव बाड़ा, निवासी ग्राम मोरगांव, पोस्ट- भरनो, थाना-भरनो, जिला - गुमला (झारखण्ड) का निवासी हूँ, एतद् द्वारा शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पत्ते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा का मेरा आधार कार्ड संख्या 2570 3222 4162 है, जिसमें मेरा नाम मुनिष बाड़ा (Munish Bara) पिता सोमदेव बाड़ा (Somdeo Bara) दर्ज है, जो सही है।
3. यह कि मेरे नाम से ड्राईविंग लाईसेंस बना है. जिसका लाईसेंस न० JH0820130024840 है, जिसमें भूलवश मेरा नाम Manish Bara दर्ज है, जो गलत है।
4. यह है कि उक्त ड्राईविंग लाईसेंस में Manish Bara के स्थान पर मेरा सही नाम मुनिष बाड़ा (Munish Bara) सुधार किया जाय इस निमित यह शपथ-पत्र सम्पादित कर रहा हूँ।
5. यह कि उपरोक्त बाते मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

यह शपथ-पत्र दिनांक 02.06.2025 ई० को लोहरदगा जिला में सम्पादित किया गया ।

### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित **क्रमांक, सूचना संख्या, कार्य का नाम, निविदा मूल्य, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय, और बयाना राशि (ईएमडी)** मूल्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; **[1]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -36-2025;** रांची मंडल के पीडब्ल्यूआई/एलएडी के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/उन्नयन कार्य और ट्रैक मशीन साइडिंग का अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के साथ विकास; ₹ **9,00,42,656.38**; ₹ 6,00,200.00; 23.06.2025 को 15:00 बजे। **[2]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -37-2025;** रांची मंडल के पीडब्ल्यूआई/जीबीएक्स के तहत विभिन्न यार्डों के यार्ड सुधार/उन्नयन कार्य और ट्रैक मशीन साइडिंग का अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के साथ विकास। ₹ **8,96,31,326.94**; ₹ 5,98,200.00; 23.06.2025 को 15:00 बजे। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। (PR-226)


## पांच जून से पुनः शुरू होगा कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का जनता दरबार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा जन समस्याओं के समाधान तथा शिकायतों के निवारण के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा राज्य से लेकर जिला स्तर तक जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि सरकार गठन के प्रारंभ से ही कांग्रेस जन मुद्दों के प्रति गंभीर है और उनकी पंचायत से लेकर राज्य स्तर की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा किया जा रहा है। पूर्व में भी मंत्रीगण अपने प्रभार वाले जिलो में जाकर जनता दरबार लगा चुके हैं। इस क्रम में आगामी 5 जून को राज्य के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा 11 बजे से जनता दरबार का आयोजन कांग्रेस भवन में किया गया है, जहां पर लोगों की समास्याओं को सुनकर समाधान किया जाएगा।

श्री सिन्हा ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य जनता को समाधान का उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है ताकि अपनी समस्याओं को दूर करने में उन्हें अनावश्यक भाग-दौड़ और अन्य परेशानियों से बचाया जा सके। जनता दरबार में सभी विभाग से संबंधित समस्याओं पर कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के विभागों से संबंधित समस्याओं के अलावा यदि अन्य विभागों की समस्याएं आती हैं तो उस विभाग के मंत्री और अधिकारी से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। समय-समय पर निराकरण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी संबंधित अधिकारी से ली जाएगी। वहीं जनता की समस्याओं का दस्तावेजीकरण भी किया जाएगा।

श्री सिन्हा ने कहा है कि जिन उद्देश्यों के साथ जनता ने महागठबंधन पर अपना भरोसा जताया है उसके लिए बेहतर कार्य संस्कृति और मजबूत कार्य प्रणाली तैयार है। अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जाएगा जनहित के कार्यों से समझौता नहीं होगा।

## दारोगा चंद्रदीप प्रसाद के खिलाफ एसीबी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद नामकुम थाना का तत्कालीन दारोगा चंद्रदीप प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एसीबी ने मामले की जांच पूरी करते हुये जांच अधिकारी ने अदालत में आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत के साथ चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट में आरोपी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिये अभियोजन स्वीकृति आदेश भी है। सब इंस्पेक्टर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बीते 4 अप्रैल को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। वह दहेज प्रताड़ना के एक केस को मैनेज करने के नाम पर आशीष कुमार यादव नामक व्यक्ति से रिश्वत ले रहा था। मालूम हो कि पिछले दिनों एसीबी कोर्ट आरोपी को जमानत देने से इनकार कर चुकी है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए 25 करोड़ आवंटित

- इस राशि का उपयोग विभिन्न कार्यों में परामर्श और विशेषज्ञ सेवाएं लेने के लिए किया जायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने टेलीमेडिसिन और परामर्श सेवाओं के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों में परामर्श और विशेषज्ञ सेवाएं लेने के लिए किया जायेगा। इसके अलावा दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए, विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के लिए गुणवत्ता और अंकेक्षण कार्य करने के लिए और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक एजेंसी चार्ज का वहन करने के लिए किया जायेगा।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के उद्देश्य :** इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाना है। इससे राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

**केंद्र प्रायोजित योजनाओं का भी होगा लाभ :** इस पहल से केंद्र प्रायोजित योजनाओं का भी लाभ होगा। इससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में और अधिक गति आएगी और लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## कई जिलों के डीसी सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में देवघर के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, धनबाद के डीसी आदित्य रंजन, कोडरमा के डीसी ऋतुराज, गढ़वा के डीसी दिनेश कुमार यादव एवं खूंटी डीसी आर रॉनिटा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## कई जिलों के एसपी सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, क्रांति कुमार गडिदेशी, डीआईजी नौशाद आलम अंसारी, एसएसपी प्रभात कुमार, पीयूष पाण्डेय, एसपी हरविंदर सिंह, निधि द्विवेदी एवं राजकुमार मेहता ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## डीआईजी पलामू ने डीजीपी से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची।** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड में सोमवार को नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू ने अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पुलिस महानिदेशक ने पलामू क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज करने साथ-साथ नक्सल विरोधी रणनीतियों को परिष्कृत करने, संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने एवं विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू ने अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विदित हो कि नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक), झारखण्ड के पद पर रहते हुए उनका स्थानांतरण क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू के पद पर हुआ है एवं उनके स्थान पर सुरेन्द्र कुमार झा, पुलिस उप-महानिरीक्षक ने योगदान दिया है।

## जेल से संचालित होने वाले अपराधिक गिरोहों की गतिविधि पर हो विशेष निगरानी : आईजी

- रांची जिला की विधि-व्यवस्था व अनुसंधान पर समीक्षा बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** मनोज कौशिक पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, रांची के द्वारा सोमवार को एसएसपी रांची के कार्यालय स्थित सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक,रांची, पुलिस अधीक्षक (नगर, ग्रामीण, यातायात) तथा सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ रांची जिला के विधि-व्यवस्था एवं अनुसंधान के विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उन्होंने रांची जिला अंतर्गत विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

जिसमें अपराध नियंत्रण विशेषकर संगठित अपराध की रोकथाम हेतु निरोधात्मक उपाय करने तथा कार्ययोजना के तहत विशेष निगरानी रखने, संगठित गिरोह के सरगना एवं उनके सक्रिय आपराधिक सहयोगियों, उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्तियों, आश्रय प्रदाताओं का सम्पूर्ण डाटाबेस तैयार करने व फरार अपराधियों के विरुद्ध वारंट, इश्तेहार, कुर्की प्राप्त करने, जेल से संचालित होने वाले अपराधिक गिरोहों की गतिविधि पर विशेष निगरानी रखने , सिटी सीलिंग पॉइंट का क्रियान्वयन करने एवं सघन व प्रभावी एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने, थाना में आने वाले सभी पीड़ित व्यक्तियों व आगंतुकों के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करने, महिलाओं व बच्चों से संबंधित कांडों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं समयबद्ध निष्पादन, जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय व सेवन पर विशेष अभियान चलाने, अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने, आमजन को जागरूक करने, मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के स्थानीय एवं अंतरराज्यीय नेटवर्क के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने, सुगम ट्रैफिक व्यवस्था संधारित करने, साइबर क्राइम की घटनाओं पर विशेष निगरानी रखने तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने का निर्देश व प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से साइबर अपराधियों की अधिकतम गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही पुराने लंबित कांडों का ससमय निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित करने, जन शिकायत प्रणाली के परिवादों का त्वरित निष्पादन व रांची जिले में थाना परिसर में मालखाना प्रदर्श के समुचित रख-रखाव हेतु शहर के परिधीय थाना क्षेत्र में केंद्रीकृत मालखाना हेतु कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया ताकि थाना परिसर को स्वच्छ रखा जा सके।


### कार्यालय
### जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़
### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ द्वारा निविदा हेतु प्रकाशित विज्ञापन PR 352716 Fish (25-26)#D (मत्स्य स्पॉन), को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ।

PR.NO.354073 Fish(25-26):D

### कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ
### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ द्वारा निविदा हेतु प्रकाशित विज्ञापन PR 352720 Fish (25-26)#D (फ्राई कैचिंग नेट) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ

PR 354072 Fish(25-26)#D

### कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ
### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ द्वारा निविदा हेतु प्रकाशित विज्ञापन PR NO. 352718 Fish (25-26):D (मैश फीड) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,रामगढ

PR 354071 Fish(25-26).D


## राज्य के स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे देवघर, स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा

- एम्स में आयोजित राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर अस्पताल पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सावन की तैयारी को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सोमवार को देवघर पहुंचे। देवघर पहुंचते ही उन्होंने पूरे जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही अस्पताल पदाधिकारियों को कई अहम दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि देवघर जिले में आगामी 15 जुलाई से श्रावणी मेला की शुरूआत हो रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सजग है। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी के मद्देनजर सभी जिले के सदर अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाए जाएंगे और उसे पीपीपी मोड पर चलाया जाएगा।

**10 जून को राष्ट्रपति पहुंचेंगी देवघर**

वहीं 11 जून को देवघर के एम्स में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम की जानकारी एम्स के निदेशक ने दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में वह मौजूद जरूर रहेंगे। वहीं सांसद निशिकांत दुबे के कार्यक्रम में आने के सवाल पर मंत्री इरफान अंसारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए। लेकिन उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय सांसद होने के नाते वह कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे तो अच्छा रहेगा। मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देवघर में एम्स को लाने का क्रेडिट कांग्रेस को जाता है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सांसद फुरकान अंसारी ने एम्स को देवघर में स्थापित करने का प्रयास किया था। लेकिन सरकार परिवर्तन होने के कारण फीता भाजपा सरकार में काटा गया।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के देवघर आगमन के दौरान जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता उनके साथ मौजूद थे।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए सरकार तत्पर : मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मिले। मंत्री ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने के साथ डॉक्टरों की कमी को भी दूर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने में जुटी हुई है। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात की है और उन्हें आश्वासन मिला है कि झारखंड में जल्द ही तीन नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

# जेईई (एडवान्सड)-2025 में नारायणा जमशेदपुर के 38 छात्रों का चयन

■ नारायणा जमशेदपुर के अभिनव क्षितिज ने ऑल इंडिया रैंक 791 वां स्थान हासिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार जे.ई.ई. (एडवान्स)-2025 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा के नेशनल एकाडमिक हेड श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेंटर में रिजल्ट जांचे जाने तक 38 छात्र सफल हुए हैं। सफल छात्रों की सूची जारी की गयी है।


श्री श्याम भूषण ने कहा कि जे.ई.ई. (एडवान्स)-2025 के रिजल्ट में नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से जेनरल कटेगरी रैंकिंग में टॉप 10 में 5 छात्रों ने स्थान हासिल किया है, जिनका नाम - माजीद हुसैन (ऑल इंडिया रैंक-3), पार्थ मंदार वर्तक (ऑल इंडिया रैंक-4), अक्षत चौरसिया (ऑल इंडिया रैंक-6), साहिल देव (ऑल इंडिया रैंक-7) एवं बदलामुडी लोकेश (ऑल इंडिया रैंक-10)।

**नारायणा जमशेदपुर से जे.ई.ई. (एडवान्स) 2025 में सफल छात्र-छात्राओं की सूची :** अभिनव क्षितिज (ऑल इंडिया रैंक-791), अश्विनी कुमार (ऑल इंडिया रैंक-1630), ध्रुव एच भदोदारिया (ऑल इंडिया रैंक-1800), उज्जवल आदित्य (ऑल इंडिया रैंक-2506), आदित्य प्रभात (ऑल इंडिया रैंक-2809), मयंक गुप्ता (ऑल इंडिया रैंक-2975), दिव्यान्शु समल (ऑल इंडिया रैंक-3430), गुरवंश सिंह (ऑल इंडिया रैंक-4521), इमरान वकिल (ऑल इंडिया रैंक-5126), जयन्त (ऑल इंडिया रैंक-5733), मयंक कुमार (ऑल इंडिया रैंक-9888), अनुभव सेन (ऑल इंडिया रैंक-13475), शिवम मुखर्जी (ऑल इंडिया रैंक-15260), मयंक राज (ऑल इंडिया रैंक-22797), एम मीनल राज (ऑल इंडिया रैंक-23261), रितिका वर्मा (ऑल इंडिया रैंक-24221), उत्कर्ष कुमार (ऑल इंडिया रैंक-24337), मो. जिशान (ऑल इंडिया रैंक-26104), सौरभ कुमार (ऑल इंडिया रैंक-29350), हरकिरत सिंह करीर (ऑल इंडिया रैंक-30690), कुणाल सिंह (प्रिप-एस.टी.-1797), प्रियांशु सिंह (जेन-ईडब्लूएस रैंक-4366), इत्यादि। श्री भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि नारायणा आईआईटी/ नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेंडर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कराती है। जमशेदपुर सेंटर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर उनकी रैंकिंग का पता चलता है अर्थात जमशेदपुर सेन्टर में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कम्पीटिशन नहीं बल्कि उनका कम्पीटिशन पूरे भारत स्तर पर नारायणा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से हो रहा है।


परीक्षा में नारायणा के सफल छात्र- छात्राएं।


अभिनव क्षितिज।


अश्विनी कुमार।


ध्रुव एच भादोरिया।


उज्ज्वल आदित्य।


आदित्य प्रकाश।


मयंक गुप्ता।


दिव्यांशु समल।


गुरुवंश सिंह।

## आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुरः आकाशियंस का जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट तैयारी के साथ सफलता का परिचय दिया है। वेदांत सारस्वत, जो दो वर्षीय इंजीनियरिंग कोर्स के छात्र हैं, ने ऑल इंडिया रैंक 2247 प्राप्त किया है। अन्य सफल छात्रों में अभिजीत मिश्रा ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 3439, प्रत्युष जायसवाल ने ऑल इंडिया केटेगरी रैंक 10622 एवं आदित्य सहाय ने ऑल इंडिया रैंक 20280 हासिल किया है। इस उपलब्धि पर निदेशक राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकों ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आकाश इंस्टिट्यूट गुणवत्ता युक्त कोचिंग देने में विश्वास रखता है और हमें गर्व है कि आकाशियन्स ने शहर में सबसे अधिक प्रतिशत के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। छात्रों ने अपने सफल प्रदर्शन का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और आकाश इंस्टिट्यूट के IIT-JEE प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

# ऑल इंडिया रैंक 385 लाकर ध्रुव प्रकाश बने कोल्हान टॉपर

■ आईआईटी दिल्ली या बॉम्बे से रिसर्च करना चाहते हैं ध्रुव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के रहने वाले ध्रुव प्रकाश ने जेईई एडवांस 2025 में ऑल इंडिया रैंक 385 हासिल कर कोल्हान प्रमंडल के टॉपरबने हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर के छात्र ध्रुव ने पहले ही अपनी काबिलियत का लोहा मनवा दिया था। 10वीं में उन्होंने 98.6% और 12वीं में 94.8% अंक प्राप्त किये थे। इसके बाद उन्होंने इंजीनियर बनने का सपना देख कोचिंग शुरू की। जेईई मेंस के दोनों चरणों में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा। पहले अटेम्प्ट में 99.97 परसेंटाइल और दूसरे में 99.93 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक 489 वहीं जेईई एडवांस में उन्होंने 360 में से 242 अंक हासिल कर AIR 385 प्राप्त किये।


अपने माता-पिता और भाई के साथ ध्रुव प्रकाश।

ध्रुव का सपना है कि वे आईआईटी दिल्ली से मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग या आईआईटी बॉम्बे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लेकर गणित के क्षेत्र में रिसर्च करें। पढ़ाई के अलावा उन्हें चेस खेलने का भी शौक है। पिछले दो वर्षों से उन्होंने किसी तरह की यात्रा नहीं की, लेकिन अब वे दुबई घूमने की ख्वाहिश रखते हैं।

अपनी सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता, शिक्षकों और कठिन मेहनत को देते हैं। उनका कहना है कि कंसिस्टेंसी और डिसिप्लिन ही उनके इस बेहतरीन परिणाम का राज है। उनकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रही– सुबह 4 बजे उठकर पूरे दिन का प्लान तैयार करते, सुबह 9 बजे तक न्यूमेरिकल, फिर दोपहर में थ्योरी और शाम को दोबारा प्रैक्टिस और रिविजन में जुट जाते।

ध्रुव के पिता राम निरंजन सिंह टाटा स्टील में कार्यरत हैं। उन्होंने बेटे की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि यह मेहनत और समर्पण का नतीजा है। वहीं माता प्रियंका ने बताया कि ध्रुव शुरू से ही शांत, अनुशासित और मेधावी छात्र रहा है। उसका छोटा भाई धैर्य, जो अभी सातवीं कक्षा में पढ़ता है। वह भी भाई की इस उपलब्धि से बेहद उत्साहित है और कहता है। भाई ने माइलस्टोन सेट किया है।

## स्पीड न्यूज



### गम्हरिया की याशिका राज को जेईई एडवांस में मिला 10,888 वां रैंक


**गम्हरिया।** जेईई एडवांस के परीक्षा परिणाम में गम्हरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कॉलोनी की याशिका राज को 10888 वां रैंक प्राप्त हुआ है। परिणाम घोषित होते ही कॉलोनी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत गौतम कुमार की पुत्री याशिका राज ने देश की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अव्वल रैंक लाकर परिवार और राज्य का नाम रोशन किया है। इस कठिन परीक्षा में अच्छे अंक आने के कारण देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में इन्हें पढ़ने का मौका मिलेगा।

### कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करे राज्य सरकार : साहिस



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव ने आजसू पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव, आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव और राष्ट्रीय सुढ़ी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें धमकी देनेवाले की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। झारखंड की वर्तमान विधि व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र साहिस ने कहा कि यह झारखण्ड की विडंबना ही कही जायेगी कि यहां न तो पत्रकार सुरक्षित है और न ही सामाजिक–राजनीतिक कार्यकर्ता ही निडर होकर अपना काम कर सकते हैं। सहिस ने कहा कि कृतिवास मंडल की धमकी मामला बीडीओ सह जनसूचना पदाधिकारी पोटका प्रखंड कार्यालय से आरटीआई मांगने से जुड़ा है और यह जनहित से जुड़ा मामला है इसलिए इस मामले की जांच पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा अविलंब करते हुए दोषी तत्वों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए।

### हर कार्यकर्ता बाबूलाल मरांडी के साथ : सुधांशु



**जमशेदपुर।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा हेमंत सोरेन सरकार पर उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश रचने तथा अप्रिय घटनाओं की आशंका के लगाए गए आरोप को जमशेदपुर भाजपा ने अत्यंत गंभीर, चिंताजनक और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला बताया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इस मुद्दे पर हेमंत सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है और श्री मरांडी के साथ चट्टान की भांति खड़े होने और पूर्ण समर्थन की घोषणा की है।

## लोयोला स्कूल की 10 वर्षीय माया ने कैंसर मरीजों के लिए बाल दान किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

■ बच्चों को देने और बांटने की महत्ता सिखाने के लिए माया की प्रेरणादायक कहानी

**जमशेदपुर।** लोयोला स्कूल, जमशेदपुर की 10 वर्षीय छात्रा माया ने अप्रैल 2025 में कैंसर मरीजों के लिए अपने बाल दान करने का एक निस्वार्थ निर्णय लिया। यह छोटा लेकिन महत्वपूर्ण इशारा न केवल माया की दयालुता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिखाता है कि किसी और के लिए जो चीज अधिक मूल्यवान है, उसे बांटने की महत्ता क्या है। माया की कहानी हमें बच्चों को देने और बांटने की महत्ता सिखाने के महत्व की याद दिलाती है। जब बच्चे दूसरों की जरूरतों को प्राथमिकता देना सीखते हैं और



अपने कार्यों के प्रभाव को समझते हैं, तो वे आवश्यक जीवन कौशल जैसे सहानुभूति, दया और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करते हैं। देने और बांटने से बच्चे दूसरों की भावनाओं और जरूरतों को समझने और उनकी सराहना करने में मदद करते हैं।

## अर्का जैन यूनिवर्सिटी में महामहिम राज्यपाल का आज होगा आगमन

■ डीसी और एसपी ने किया रहे तैयारियों का निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/गम्हरिया।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी, गम्हरिया के तृतीय दीक्षांत समारोह में मंगलवार, 3 जून को महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के संभावित आगमन को लेकर किए जा रहे तैयारियों का उपायुक्त नितिश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने यूनिवर्सिटी


अरका जैन, गम्हरिया कैंपस का निरीक्षण करते डीसी नितिश कुमार सिंह व एसपी मुकेश लुणावत। साथ में अरका जैन के निदेशक डा अंगद तिवारी।

परिसर, कार्यक्रम स्थल, सेफ हाउस, ग्रीन हाउस, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग आदि का जायजा लेकर संबंधित पदाधिकारी एवं यूनिवर्सिटी के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ने यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर समेत अन्य सम्बन्धित पदाधिकारियों को आपसी तालमेल स्थापित करते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न कराने को कहा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मौसम को ध्यान में रखकर सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने, कार्यक्रम स्थल एवं मुख्य द्वार समेत सभी मुख्य स्थलों, चौक- चौराहों पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## टाटा स्टील फाउंडेशन और जिला प्रशासन के बीच एमओयू पर किया गया हस्ताक्षर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

■ पूर्वी सिंहभूम के तीन प्रखंडों में एजुकेशन सिग्नेचर प्रोग्राम के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में साझेदारी

**जमशेदपुर।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति में पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन एवं टीएसएफ (टाटा स्टील फाउंडेशन) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गये हैं, जिसका उद्देश्य जिले के तीन प्रखंडों क्रमशः मुसाबनी, डुमरिया और गुरबांदा में एजुकेशन सिग्नेचर प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को समतामूलक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन की ओर से डीएसई श्री आशीष पांडेय एवं टीएसएफ की ओर से दिव्यहस रे ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस साझेदारी के तहत एक सशक्त सार्वजनिक विद्यालय प्रणाली को पुनर्जीवित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चे अपनी पूरी क्षमता के साथ विकास कर सकें।

जिला प्रशासन एवं टीएसएफ अपने-अपने विशेषज्ञता क्षेत्रों और क्षमताओं का लाभ उठाकर अगले तीन वर्षों में तीनों चयनित प्रखंडों में कार्यक्रम को पूरी तरह लागू करेंगे। इस दौरान जीरो स्कूल ड्रॉपआउट, शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार, तथा सशक्त विद्यालय प्रबंधन समितियों के निर्माण को प्राथमिक लक्ष्य के रूप में रखा गया है। यह एमओयू हस्ताक्षर तिथि से प्रभावी होकर 31 मार्च 2028 तक मान्य रहेगा। इसके तहत उक्त तीन प्रखंडों के 37 पंचायत, 224 गांव के 295 स्कूल शामिल हैं।

## मरीन ड्राइव के किनारे सुबह अवैध हथियार संग तीन अपराधी गिरफ्तार

■ हो रही थी पिस्टल की सौदेबाजी

■ तीनों का रहा है आपराधिक इतिहास



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर स्थित मेरिन ड्राइव, खरकई नदी के किनारे से सोमवार सुबह अवैध हथियार के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ घूम रहे हैं और किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने मौके पर पहुंचकर छापामारी की। पुलिस टीम को देखते ही तीनों अपराधी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर मौके पर ही पकड़ लिया।

## प्रखंड कमेटी लोगों के बीच जायें और समस्या को लेकर आंदोलन करें : आनंद दुबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जुगसलाई।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर नसीम पैलेस गौरीशंकर रोड जुगसलाई में एक बैठक का आयोजन संगठन सृजन अभियान के तहत प्रखण्ड कार्यकारीअध्यक्ष इरसाद हैदर के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि प्रखंड स्तर पर संगठन को धारदार बनाने का कार्य की जाए, प्रखण्ड स्तर पर नये लोगों को संगठन से जोड़ें जनहित की अनेकों



समस्या है। उन्हें एक एक कर आंदोलन के माध्यम से समाधान करने का कार्य करें। इसी प्रकार से मण्डल अध्यक्षगण भी संगठन सृजन अभियान के तहत कमिटी का विस्तार करें, नये सदस्यों को जोड़ने का कार्य करें। समाज के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को सहयोग करें, जन समस्याओं को चिन्हित करें सम्बन्धित अधिकारी को मांग पत्र सौंप कर, समस्या समाधान कराने का प्रयास करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी के द्वारा संविधान बचाओ अभियान, जातीय जनगणना, सेना के सौर्य के अभियान को मजबूती के साथ रखें। केन्द्र की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने पुरे देश में महंगाई रोकने में विफल है। गरीब और मध्यम परिवारों का तानाबाना चरमरा गई है। महंगाई के कारण शिक्षा और स्कूल से अनेकों छात्रों का पढ़ाई छूट गये है। बहुत से अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई कराने में असमर्थ हो गये है। केंद्र सरकार के कारण अनेकों सरकारी उपक्रमों को निजीकरण कर दिया गया है। यह बड़ी चिंता की बात है। जो छात्र पढ़ाई कर रहें है। उन्हें नौकरी कहाँ मिलेगी। रेलवे में रिक्त पदों पर बहाली रोक दी गई है। रेल यात्रा और हवाई यात्रा दिनों दिन महंगी हो रहा है। आम जनता को परेशान किया जा रहा है। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने आजसू पार्टी के नेता सह जुगसलाई नगरपालिका मण्डल अध्यक्ष मो. तनवीर ऊर्फ राजू को कांग्रेस पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया। बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रखण्ड अध्यक्ष कैसर आलम अंसारी, प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष इरसाद हैदर, जुगसलाई मण्डल 2 अध्यक्ष राजू गद्दी, प्रदेश सचिव के के शुक्ल, जिला महामंत्री ज्योति मिश्र, नलनी सिन्हा, मलखान दुबे, नवनीत मिश्र, रसीद करीम, सरदार हरविंदर सिंह, लालचंद, नजीर अब्बास अंसारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भारत फायनांस के कर्मचारी से लूट के मामले में चार अपराधी गिरफ्तार

**सरायकेला।** थाना क्षेत्र के सीनी ओपी के कमलपुर में 24 अप्रैल को भारत फाइनेंस कंपनी के एजेंट से 98,311 रुपये, टैब और बायोमैट्रिक मशीन लूटी गयी थी। जांच में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन्हें गिरफ्तार किया है, उनमें मो हुसैन (34), अशोक महतो (32), देवाशीष महतो (23) और राकेश महतो (21) शामिल हैं। इनमें मो हुसैन पर पहले से छह आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, हत्या का प्रयास और रंगदारी जैसे संगीन अपराध शामिल हैं। सभी सरायकेला–खरसावां जिले के विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं। पूरे कांड का मास्टरमाइंस मो हुसैन है, उस पर आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें सरायकेला जिले में 5 कांड दर्ज है, जबकि उड़ीसा के बड़बिल में एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा, एक ग्लैमर, तीन मोबाइल फोन, दो कीपैड फोन, लूटा हुआ काला बैग और 3400 रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विधवा महिला को डायन बता कर उसके दरवाजे के पास चहारदीवारी बनायी, प्रशासन ने तोड़वाया



**गम्हरिया।** प्रखंड के गायत्रीनगर में विधवा महिला कौशल्या देवी को उसके पड़ोसी दिलीप घोष द्वारा डायन कहकर अपमानित करने और उसके घर के दरवाजे के पास अवैध चहारदीवारी निर्माण किये जाने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। उपायुक्त के निर्देश पर सोमवार को गम्हरिया के सीओ कुमार अरविंद वेदिया आदित्यपुर थाना के पुलिस बल के साथ गायत्री नगर पहुंचे और उंक्त अवैध चहारदीवारी को तोड़ कर हटवाया। विदित है कि दिलीप घोष द्वारा डायन कहकर अपमानित किये जाने और चहारदीवारी निर्माण कर घर से बाहर निकलने का रास्ता बंद किये जाने की सूचना जब पद्मश्री छूटनी महतो को हुई तो विगत 9 मई को वह कौशल्या देवी को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचकर उपायुक्त और एसपी से इस बावत शिकायत की। तत्पश्चात, प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आदित्यपुर थाना प्रभारी और गम्हरिया के बीडीओ को जांच का आदेश दिया। जांच के बाद पुलिस प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर उस चहारदीवारी को हटाने का निर्देश भी दिया। किंतु, दो सप्ताह बीतने के बाद भी दिलीप घोष ने उसे नहीं हटाया। उसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर सोमवार को यह कार्रवाई की गई।

### साकेत अस्पताल, मानगो के अस्पताल में घुस कर कर्मचारियों से मारपीट, आइएमए खफा

**जमशेदपुर।** साकेत अस्पताल, मानगो में कुछ बदमाशों की गुंडागर्दी मामले में आइएमए के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी एसपी से तत्काल मुलाकात की, जहां मरीज के साथ आए कुछ लोगों ने स्टाफ और मैनेजर पर बेरहमी से हमला किया। प्रतिनिधिमंडल को सिटी एसपी ने एफआईआर दर्ज कर कानून के अनुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने थाना प्रभारी और डीएसपी को तत्काल दोषियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार जेल भेजने का निर्देश दिया है। आइएमए के अध्यक्ष डा जीसी माझी व सचिव डा सौरव चौधरी ने एसपी से मिलनेके पश्चात कहा कि हम एसपी की त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हैं। डा सौरव चौधरी ने कहा, मसला चाहे कुछ भी हो आप हेल्थ स्टाफ को मार कैसे सकते है? कानून अपने हाथ में लेने का हक किसी को नहीं है। इस तरह की गुंडागर्दी हम किसी कीमत में बर्दाशत नहीं करेंगे।

### अनुकंपा समिति ने चार आवेदनों पर की अनुशंसा पांच नवनियुक्त कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र







**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल पांच अनुकंपा आवेदन पर विचार–विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने सभी आवेदनों की बारीकी से जांच की गई, जिसमें आवेदकों के आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल थे। दस्तावेजों की जांच के उपरांत समिति ने चार आवेदनों को नियुक्ति के लिए उपयुक्त मानते हुए अनुशंसा की। इनमें तीन आवेदक तृतीय वर्ग और एक आवेदक चतुर्थ वर्ग पद के लिए चयनित किए गए। एक आवेदन को आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण फिलहाल होल्ड पर रखा गया है। उपायुक्त द्वारा नव नियुक्त पांच कर्मियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया। तृतीय वर्ग पदों पर मुस्कान मार्डी, कुणाल सिंह, शंकर सिंह एवं भाष्कर दास की नियुक्ति की गई, वहीं चतुर्थ वर्ग पद पर दोला साहू को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी नवचयनित कर्मियों को बधाई देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान एवं उत्तरदायी रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में दायित्वबोध के साथ कार्य करना अनिवार्य है। आप सभी से अपेक्षा है कि ईमानदारी और समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। बैठक में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, स्थापना उप समाहर्ता चंद्रजीत सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### शांतिपूर्ण बकरीद मनाने का निर्णय



**हरिहरगंज पलामू।** थाना परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता सीओ मनीष सिन्हा तथा संचालन एसआई शशि शेखर पांडेय ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोगो ने बकरीद शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। सीओ ने कहा कि बकरीद पर्व त्याग और बलिदान का पर्व है। बैठक में एसआई विगेश राय, धनंजय गोप, अविनाश कुमार, सुधांशु शेखर झा, मुन्ना राम, अभय कुमार त्रिपाठी, विनोद राय, समाजसेवी भोला गुप्ता, गंगा जयसवाल, मुस्लिम अंसारी, इरफान शाहिद, दिनेश प्रसाद, अतहर हुसैन, अरुण मिश्रा, संजय मेहता थे।

### भाईचारगी में मनायें पर्व : थाना प्रभारी



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने की। बैठक में थाना क्षेत्र के कई गणमान्य एवं समाज सेवी जुटे थे। बैठक में पुर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, राजेंद्र साहु, बदरुद्दीन अंसारी सहित दोनों समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बकरीद को लेकर थाना प्रभारी ने दोनों समुदायों को आपसी भाईचारा कायम करते हुए पर्व को मनाने की बात कही। थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पर्व के दौरान आशांति फैलाता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें उन पर कार्रवाई की जायेगी।

### भाकपा की बैठक में योजनाओं की शिथिलता पर जतायी गयी चिंता



**रामगढ़ पलामू।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक रामगढ़ प्रखंड के बेड़मा में निरंजन कमलापुरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति देश में शहीद हुए सेना के जवानों एवं शहीदों के प्रति 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सर्वसम्मति से रामजन्म भुइयां को अंचल सचिव, सुषमा मुर्मू एवं गफार मियां को सहायक सचिव एवं रामगढ़ अंचल के प्रभारी के रूप में जमालुद्दीन को चुना गया। बैठक में बालकिशुन राम, दिवानी राम, उर्मिला देवी, नरेश भादव, भीखम यादव, टेनी भुइयां, संतोष परहिया आदि उपस्थित थे।

### ऑक्सब्रीज स्टार का 12वीं में शानदार रिजल्ट, सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास



**मेदिनीनगर।** ऑक्सब्रीज स्टार ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। इस बार संस्था से 556 छात्र-छात्राएं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से लगभग सभी प्रथम श्रेणी से पास हुए। संचालक राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि अब तक जिन विद्यार्थियों ने अपने अंक साझा किये हैं, सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सबसे प्रसन्नता की बात यह रही कि छात्रों ने न केवल अंग्रेजी बल्कि सभी विषयों में उम्दा प्रदर्शन किया है। कहा कि हम विद्यार्थियों को दिन-रात मेहनत, अनुशासन और समर्पण की भावना सिखाते हैं, और यही हमारे सफल परिणाम का राज है।

### 22 को जयराम महतो के आगमन और सम्मेलन को सफल बनाने पर हुई चर्चा



**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पलामू जिला कार्य समिति की बैठक स्थानीय पलामू क्लब में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्ष पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता ने की और संचालन जिला सचिव विकास यादव ने की। बैठक में 22 जून को टाइगर जयराम महतो के पलामू आगमन और प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। जेबीकेएसएस के केंद्रीय प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कहा कि टाइगर जयराम महतो के पलामू आगमन को लेकर पलामू के युवा काफी उत्साह में है। इस अवसर पर प्रमंडलीय अध्यक्ष सोनू पटेल ने कहा कि पलामू जिला में टाइगर जयराम महतो का आगमन 22 जून को होगा। मौके पर पार्टी के पाटन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रीति पासवान, डालटन भंडारिया के पूर्व प्रत्याशी अनिकेत मेहता ने भी संबोधित किया।

### सामाजिक कार्य में सहयोग हेतु युवा पीढ़ी का आगे आना जरूरी : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर।** पलामू के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक सामाजिक संस्था व्हाट्स एप ग्रुप इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने नई संस्कृति सोसाइटी के कार्यालय में संस्था के संचालक अजीत कुमार पाठक को जरूरतमंद लोगों के लिए वस्त्र, खिलौने वितरण करने हेतु सौंपा। इस अवसर पर धीरज मिश्रा ने कहा कि सभी लोगों को खास कर आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने का सराहनीय कार्य जाना चाहिए जिससे कि आम जनमानस के साथ ही जरूरतमंद लोगों को चेहरे पर भी मुस्कान लाने के साथ ही पुण्य का भागी बना जा सके। श्री मिश्रा ने प्रमंडल के पलामू सभी लोगों से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि आगे भी जरूरत मंद लोगों को सहयोग करने का कार्य किया जायेगा। मौके पर संस्था के संचालक अजीत पाठक ने आभार प्रकट किया और अन्य लोगों से भी सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग देने का आग्रह किया।

# पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय के दाह संस्कार में उमड़ी भीड़

## राजहरा के लब्जी नदी में किया गया अंतिम संस्कार, पुत्र अभिषेक पाण्डेय ने दी मुखाग्नि

खबर मन्त्र टोली

**नावा बाजार, विश्रामपुर।** गढ़वा के पूर्व विधायक व नावा बाजार प्रखंड के राजहरा निवासी युगल किशोर पांडेय का निधन रांची के मेडिका हास्पिटल में इलाज के दौरान हो गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव राजहरा के लब्जी नदी तट पर किया गया। पुत्र अभिषेक ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में आसपास के गांव के अलावे विभिन्न दलों के नेता सहित उन्हें चाहने वाले लोग शामिल हुए। भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन इलाके के लिए अपूरणीय क्षति है। रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष आलोक पाठक ने कहा कि युगल किशोर पांडेय का निधन उनके लिए तो व्यक्तिगत क्षति हुई। लेकिन आज हमलोगों ने एक अभिभावक खो दिया है। उनके मृदुल स्वभाव के कारण वह इलाके में काफी लोकप्रिय थे। अंतिम संस्कार में रिटायर्ड मेजर वैद्यनाथ तिवारी, प्रहलाद दुबे, कामख्या नारायण पांडेय, धनंजय पांडेय, सत्येन्द्र पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, रबिंद्र पांडेय, जन्मजेय पांडेय, सुधीर चंद्रवंशी, दीपक पांडेय, नंददेव यादव, रेखा चंद्रवंशी, गुड्डू तिवारी, मंदीप चंद्रवंशी अशोक चौहान, पटेल दुबे ओमप्रकाश पांडेय, छोटू पांडेय, उमाशंकर पांडेय, राम सरीख तिवारी, चंद्रशेखर पांडेय विवेकानंद पांडेय, बिजय पांडेय, बिनय पांडेय, अनिमेष पांडेय, अश्लेष पांडेय, ब्रजेंद्र पांडेय, दिलीप पांडेय, शैल पांडेय, मुनेश्वर विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।







### कांग्रेस भवन मे कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** पलामू गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन रविवार को रांची के मेडिका अस्पताल में हो गया। रांची से उनका पार्थव शरीर अंतिम दर्शन दर्शन के लिए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में सोमवार की सुबह आठ बजे लाया गया। सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किये। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पार्टी का झंडा देकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि उनके निधन से कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है। इनका मार्गदर्शन लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलता रहा था जमीन से जुड़े हुए नेता कहलाते थे । पूरे जिले में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, दीनानाथ तिवारी, श्याम नारायण सिंह, विमला कुमारी, सत्यानंद दुबे, शमीम अहमद राईन, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शैलेश चंद्रवंशी, जितेंद्र कमलापुरी, नसीम खान, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नफीस खान, सुधीर सिन्हा, सोनू सिंह मिट्ठू खान समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

**1980 में पहली बार बने थे गढ़वा विधायक**

स्वर्गीय युगल किशोर पांडेय 1980 में पहली बार गढ़वा विधानसभा के लिए कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीते थे। इस दौरान अपने राजनीतिक करियर में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं और वे अपने क्षेत्र में एक लोकप्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे। राजनीतिक में आने के पहले एक बड़े संवेदक के रूप में जाने जाते थे। विधायक बनने के बाद ठिकेदारी को हमेशा के लिए छोड़ दिया। साथ हीं समाजसेवा को अपनाया।

**गढ़वा में इन्होंने पिता सूरत पांडेय के नाम पर खोला डिग्री कॉलेज**

पूर्व विधायक स्व युगल किशोर पांडेय का शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन्होंने अपने कार्यकाल 1983 ई में गढ़वा में अपने पिताजी सूरत पांडेय के नाम डिग्री कॉलेज की स्थापना की थी। आज यह कॉलेज गढ़वा के एक बड़े कॉलेज के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। पूर्व विधायक स्व पांडेय के निधन से शिक्षा जगत भी मर्माहत है। साथ हीं समर्थकों और परिवार में गहरा दुख है। उनकी यादें और कार्य हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे।

**अंतिम संस्कार में शामिल रहे ये लोग**

दाहसंस्कार में शामिल होने वालों में कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी विवेक शुक्ला, रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र यादव, मंदिर चंद्रवंशी, पंकज लाल दुबे सुरेंद्र कुमार, विकास कुमार यादव।

नवगठित आपराधिक गिरोह ने आगजनित घटना को दिया था अंजाम

# गिरफ्तार अपराधी लोकल गैंग चलाना चाहते थे : रीष्मा रमेसन

- छतरपुर हाइवा आगजनित कांड का पुलिस ने किया उदभेदन पांच गिरफ्तार
- आग्नेयास्त्र, गोली समेत अन्य सामान बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर, छतरपुर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुटिया मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा 27 मई को दो हाईवा में आग लगाकर जला दिया गया था। इस संबंध में आवेदक द्वारा अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध छतरपुर थाना में आवेदन प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। इस घटना को चुनौतीपूर्ण लेते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव के नेतृत्व में एसआईटी गठन कर मामले का उदभेदन करने का निर्देश दिया था। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय आधार पर घटना में शामिल पांच अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें सभी ने अपराध स्वीकारते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी। एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार अपराधी ने फरवरी में नौडिहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकुह कला रोड में एक हाईवा में एवं विगत दिनों जौरा माइंस में सुनियोजित तरीके से साजिश के तहत दो हाईवा गाड़ी में भी आग लगायी थी।

# जिले के 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया

- शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते लोग।

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में पेंशन अदालत सह सेवानिवृति शिक्षकों के लिये विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्ति के दिन से ही सभी शिक्षकों को उनके रिटायरमेंट से जुड़े सभी लाभ प्रदान कर किये गये। उपायुक्त के हाथों सम्मानित होने वाले रिटायर्ड शिक्षकों में रामनारायण राम, राम अश्रेय राम, कमली कुमारी, श्यामदेव महतो, गोरखनाथ पांडेय, आशारानी शुक्ला, सदरुदीन खां, रश्मि माला, निशा गुप्ता एवं रामचंद्र राम शामिल रहे।उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीवन का नया चरण है जिसे सेवा और अनुभव से और भी मूल्यवान बनाया जा सकता है।

### हहिरगंज में स्मृति मेडिकल का उद्घाटन



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मेन रोड स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने सोमवार को स्मृति मेडिकल हाल का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा गोपाल प्रसाद तथा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह ने किया। संचालक अभिषेक कुमार ने बताया कि यहां विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी दवा उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर डॉ जे पी ठाकुर, कपिलदेव ठाकुर, पूर्व उप प्रमुख सीमा देवी, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, अजय ठाकुर, छोटू ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी, स्मृति कुमारी, बसंती देवी व कई लोग उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के सुंढा निवासी सलमा बीबी पति बरकत अंसारी की मौत 11 हजार बिजली करंट तार की चपेट में आने से हो गयी। मृतका अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने पोखराहा गयी थी। रविवार की रात छत पर सोयी हुई थी। जहां छत से गुजरा हुआ 11 हजार बिजली करंट तार की चपेट में आ गयी। इस दौरान मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। परिजन उसे सदर अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के तीन बच्चे हैं उसके पति बरकत अंसारी फेरी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

## सतेंद्र यादव प्रखंड और सिराजुद्दीन अंसारी बने राजद के नगर अध्यक्ष

- राजद के बिश्रामपुर प्रखंड व नगर अध्यक्ष का चुनाव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** राजद प्रखंड व नगर कमिटी के चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक सोमवार को बिश्रामपुर में हुई। पर्यवेक्षक अश्वनी पांडेय की देखरेख में पूरी चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुयी। सतेंद्र यादव सर्वसम्मति से पांचवीं बार प्रखंड अध्यक्ष चुने गये। वहीं सिराजुद्दीन अंसारी लगातार छठी बार राजद के नगर अध्यक्ष चयनित हुये। दोनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों को मनोनयन पत्र भी बैठक में ही दे दिया गया जिसके बाद पार्टी नेताओं -कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर दोनों का अभिनंदन किया। दोनों अध्यक्षों ने समवेत स्वर कहा कि संगठन को मजबूत और विस्तारित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। बैठक में संजय उपाध्याय, मुन्ना यादव, रामप्यारी यादव, जसीम अंसारी, महेंद्र यादव, मनोज प्रजापति, मुद्रिका यादव, रिपुंजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, गोपीनाथ विश्वकर्मा, विकास यादव, चंद्रप्रकाश चौबे, कलाम अंसारी, गोपाल चौधरी, जितेंद्र चौधरी भी थे।

## ससुरालवालों ने गला दबा कर की युवती की हत्या

- मृतका के पिता ने हजारीबाग पदमा ओपी प्रभारी से की कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के शाहपुर निवासी सुरेश जायसवाल की बेटी श्वेता जायसवाल की हत्या हजारीबाग के पदमा में ससुरालवालों ने कर दी। ससुरालवालों ने एक जून की देर शाम श्वेता के मौत होने की सूचना उसके मायके में दी। मृतिका के पिता सुरेश जायसवाल ने हजारीबाग पदमा ओपी प्रभारी को आवेदन देकर बेटी की हत्या की प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। प्राथमिकी के अनुसार पलामू के शाहपुर की श्वेता जायसवाल की शादी वर्ष 2020 में हजारीबाग पदमा निवासी मनोहर जायसवाल के बेटे सतेंद्र जायसवाल के साथ हुई थी। मृतिका के पिता ने ससुरालवालों पर बराबर बेटी को प्रताड़ित करने व हत्या करने का आरोप लगाया है। कहा कि मेरी बेटी गर्भवती थी इस दौरान ससुरालवालों ने गर्भापात कराने का दबाव बनाने लगे। इसके बाद बेटी को मायके पलामू लाया गया। न्यायालय के निर्देश पर 21 फरवरी 2005 को बेटी को डालटनगंज से पदमा लाकर ससुरालवालों ने पिटाई कर दी।

### सोलर प्लेट चोरी का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार



**पांकी पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम डंडार कला में अज्ञात अपराधियों के द्वारा 29 मई को चार सोलर प्लेट की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में डंडार निवासी संतोष कुमार ने चोरी की घटना का प्राथमिकी पांकी थाना में दर्ज कराया था। एसपी रीष्मा रमेसन ने एसडीपीओ लेस्लीगंज के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने तीन अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें गिरफ्तार चोर विकास कुमार पिता विनोद राम चंद्रवंशी, दीपक कुमार पिता उदय पासवान दोनों ग्राम नीमाचक, चंदन कुमार पिता कलदेव मिस्त्री ग्राम सेहदा थाना लावालौंग चतरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इनलोगों के निशानदेही पर चोरी के चार सोलर प्लेट बरामद किया गया है। छापेमारी दल में पुअनि पुनम टोप्पो के साथ पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, सअनि सुरेंद्र राम, आरक्षी आशीष यादव, सुदामा राम व अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## पोलपोल के पलामू ढाबा में खड़े ट्रक से भारी मात्रा में शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

- पुलिस ने किया चालक व खलासी को गिरफ्तार



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा पुलिस ने गुप्त सूचना पर सोमवार को दोपहर करीब एक बजे रांची मेदिनीनगर मार्ग किनारे पोलपोल गांव में स्थित पलामू ढाबा में खड़ी ट्रक से लगभग 200 अधिक अंग्रेजी शराब की पेटी बरामद किया है, जिसकी कीमत लाखों रुपये में बतायी जा रही है। पुलिस ने तत्काल ट्रक को जब्त करते हुए ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस ने इसकी सूचना उत्पाद विभाग को दे दिया है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि ट्रक (एच आर 69 डी 3182) गढ़वा की ओर से आ रही थी तथा पोलपोल स्थित पलामू ढाबा में ट्रक को खड़ा कर खलासी व ड्राइवर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली जिसमें शराब मिली।



### कोविड से निपटने के लिए सीएचसी पूरी तरह तैयार : डॉ गोपाल

**हरिहरगंज पलामू।** कोविड का नया वेरिएंट देश में तेजी से पांव पसार रहा है। इससे निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें कमर कस चुकी है। इस क्रम में हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी अलर्ट मोड पर है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि सिविल सर्जन पलामू के निर्देश पर आपातकालीन स्थिति में कोविड से संक्रमित मरीजों का बचाव के लिए तैयार है।

## तौकीर बने राजद प्रखंड अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड कार्यालय पांकी में प्रखंड राजद इकाई का गठन किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश के नेतृत्व निर्देश पर चुनाव प्रभारी के रूप में विश्वनाथ राम मौजूद थे। बैठक मे तौकीर आलम का निर्विरोध राजद प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रवेक्षक विश्वनाथ राम, सहायक निर्वाचन विनोद राम, प्रखंड अध्यक्ष तौकीर आलम को पद का निर्वाचन प्रपत्र प्रदान किया। प्रखंड अध्यक्ष तौकीर आलम ने मौके पर कहा कि उन्हें जो जवाबदेही दी गयी है, उसका वे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन के हर छोटे बड़े कार्यकर्ताओं को सबका मान सम्मान देने और संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने की बात कही। तौकीर आलम ने कहा कि पूर्ण निष्ठा से सभी कार्यकर्ताओं को लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। बैठक में दो लोगों का चयन डेलीगेट के लिए किया।

# प्रेरणादाई: रुदीडीह मुखिया मधुबाला ने खुद ट्रैक्टर चलाकर की खेत की जुताई

### क्षेत्र के लिए बना चर्चा का विषय

मनीष दुबे



ट्रैक्टर चलातीं मुखिया।

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड अंतर्गत रुदीडीह पंचायत की मुखिया मधुबाला देवी ने ट्रेक्टर चलाकर खेती करते नजर आयी जिसने भी इस करिश्मा को देखा मुखिया की तारीफ करते नजर आये। आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही है जिससे समाज में महिलाएं आगे बढ़ रही है। महिलायें अब पुरुषों से कम नहीं हैं यह कर दिखाया है मुखिया मधुबाला देवी ने। पाटन प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में ट्रेक्टर चलाकर खेती करना महिलाओं को यह संदेश दिया है कि अब महिलायें भी आत्मनिर्भर हो सकती है। पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर सकती हैं। मुखिया मधुबाला देवी के ट्रेक्टर चलाकर खेती करते हुए वीडियो वायरल हुआ है जिसने भी यह देखा है सभी लोगों ने मुखिया की प्रशंसा करते जज्बे को सलाम किया है। मुखिया मधुबाला देवी ने कहा है कि अब जब महिलाएं देश की सेवा करने के बोर्डर की रक्षा कर सकते हैं तो खेती क्यों नहीं कर सकती हैं। ऐसे भी ग्रामीण क्षेत्रों में खेती का काम में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। महिलायें बढ चढकर हिस्सा लेती है। मुखिया मधुबाला देवी के द्वारा ट्रेक्टर चलाकर खेती करना और महिलाएं इससे प्रेरित होंगी तथा आगे बढ़-चढ़कर खेती करने में भाग लेगी। मुखिया मधुबाला देवी एक गृहिणी महिला है वह पहली बार मुखिया के पद पर आसीन हुई है। जनता के कार्य के साथ साथ खेती के काम में समय देती हैं।

# समदा आहर सुंदरीकरण मामले में राजनीति नहीं विकास की बात हो : अभिषेक तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



अभिषेक तिवारी, समाजसेवी।

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 17 के भावी प्रत्याशी अभिषेक तिवारी ने समदा आहर सुंदरीकरण मामले में वर्तमान में हुए विवाद को लेकर कहा कि जनहित के मुद्दे पर राजनीति नहीं समस्या का समाधान कराकर क्षेत्र के विकास की बात होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम बनने से पहले से ही मैंने 2016 से ही उपायुक्त पलामू, सदर अंचल अधिकारी मेदिनीनगर के पास, समदा आहर के सुंदरीकरण और गहरीकरण की मांग के साथ ही अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर आवाज उठाया है। कहा कि फिलहाल पिछले दिनों हल्का बारिश होने की वजह से समदा आहार से छेछानी टोला जाने वाले मुख्य सड़क पर कीचड़ जम जाने से दलदल होने के कारण सड़क से गुजरने वाले मुसाफिरों को, वार्ड वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के महीना होने के कारण परेशानी और ज्यादा बढ़ने की संभावना को देखते हुए सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। इसके अलावे समदा आहार जमीन की चौहदी को निकालते हुए समदा आहर को पूर्ण अतिक्रमण मुक्त करने की मांग नगर निगम आयुक्त से किया है। जिससे वार्ड वासियों को इस परेशानी से मुक्ति मिल सके।

# एसआईएस जवानों का सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

## देश की आंतरिक सुरक्षा को मिलेगा बल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** देश की आंतरिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने तथा आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सिविल डिफेंस विभाग और एसआईएस लिमिटेड के बीच एमओयू के तहत सिविल डिफेंस ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसकी पहली बैच की ट्रेनिंग गढ़वा जिले के बेलचंपा स्थित एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार से प्रारंभ हुई। प्रशिक्षण शुभारंभ के अवसर पर सिविल डिफेंस के डिप्टी कमांडेंट संतोष यादव, इंस्पेक्टर सूरज कुमार, सब इंस्पेक्टर विकास कार्तिक सहित कई प्रशिक्षक मौजूद थे। गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रोविजनल डीएसपी मंडल, ट्रेनिंग डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट अमिया शंकर, एसआईएस की कॉरपोरेट कम्युनिकेशन प्रमुख आस्था माथुर और ग्रुप कमांडेंट रमेश जसवाल की उपस्थिति में परेड की सलामी दी गई और दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। मौके पर ग्रुप कमांडेंट रमेश कुमार जसवाल ने बताया कि देश के 244 जिलों में एसआईएस के 3 लाख से अधिक जवानों को सिविल डिफेंस के तहत एयर स्ट्राइक, बम अटैक, केमिकल फायर फाइटिंग, फर्स्ट एड, हाई राइजिंग बिल्डिंग रेस्क्यू जैसे विषयों की व्यापक ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त जवान न सिर्फ आपात स्थिति में कार्य करेंगे, बल्कि आम नागरिकों को भी प्रशिक्षित कर उन्हें जागरूक करेंगे।

## बकरीद को लेकर थाना में बैठक आज

**मझिआंव।** बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर 3 जून मंगलवार को शाम 5 बजे मझिआंव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की जाएगी। इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आपसी सौहार्द, भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना है। उन्होंने कहा कि बैठक में विधि-व्यवस्था को लेकर संभावित समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। थाना प्रभारी ने दोनों समुदायों के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## मनरेगा में भ्रष्टाचार, मुखिया पर वार्ड सदस्यों ने लगाये गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के टाटीदीरी पंचायत में मनरेगा योजनाओं में भारी अनियमितता को लेकर पंचायत के वार्ड सदस्यों और ग्रामीणों ने मुखिया सगुनी राम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि डोभा योजना में 25,000 रुपये की अवैध वसूली की गई है। आरोप है कि कई योजनाओं को बिना कार्य कराए स्वीकृत कर दिया गया है, और एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम पर योजनाएं चलाई जा रही हैं। वार्ड सदस्य उपेंद्र कुमार, फिरोज अंसारी, अमरजीत कुमार सहित अन्य लोगों ने कहा कि एक ही कार्यकारिणी से योजनाएं चलाई जा रही हैं और मजदूरों को काम देने के बजाय जेसीबी से कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय के कर्मियों पर भी पैसे के बिना काम नहीं करने का आरोप लगाया। मुखिया सगुनी राम ने इन आरोपों को मनगढ़ंत और निराधार बताया है। वहीं बीपीओ कमलेश कुमार राम ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।


**Privilege CCL Employees Grih Nirman Swawlambi Sahkari Samiti Limited**

[Reg. No. JKD-01-01-01-04-(H)2018]

**NOTICE FOR ANNUAL GENERAL MEETING**

Annual General Meeting of CCL Employees Grih Nirman Swawlambi Sahkari Samiti Limited (PCEGNSSS Ltd.) has been scheduled for **22.06.2025 (Sunday) at 11:00 AM** at the office of the society.

Agenda of the meeting is as follows:

1. Confirmation of minutes of the AGM held on 25.12.2024.
2. Adoption of audited statement of account for the financial year 2024-25
3. Review of progress of work of Phase-I and Phase II and roadmap ahead.
4. Revision of estimate for construction of flats of Phase-1.
5. Discussion over Arbitration case between former consultant Privilege Housing PrivateLimited (PHPL)
6. Any other matter, with the permission of the house, may also be taken up.

**CEO**
**PCEGNSSS Ltd.**


## स्पीड न्यूज

### सोलर पंप दिलाने के नाम पर महिला से ठगी



**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के नावाडीह टोला निवासी गीता देवी पति गिरिजा पासवान को एक अज्ञात व्यक्ति ने सोलर पंप और चापाकल देने का झांसा देकर 15 हजार रुपए की ठगी कर ली। घटना भवनाथपुर वन विभाग कार्यालय के चेकनाका के पास की है। गीता देवी ने बताया कि एक अनजान व्यक्ति उनके घर पहुंचा और बताया कि उनके नाम पर दो लाख रुपये की सरकारी योजना के तहत सोलर पंप और चापाकल स्वीकृत हुआ है, जिसका बोरिंग आज ही होगा। झांसे में आकर महिला और उसके पति उसके साथ भवनाथपुर आए। ठग ने पति को रिवेन्यू टिकट लाने के बहाने श्री बंशीधर नगर कोर्ट भेज दिया और महिला को चेकनाका स्थित ग्राहक सेवा केंद्र ले जाकर उसके खाते से 15 हजार रुपए निकासी करवा लिया। उसने कहा कि यह रकम अधिकारी को घूस देने के लिए है। बाद में वह व्यक्ति पैसे लेकर फरार हो गया और मोबाइल भी बंद कर लिया। जब काफी देर तक वह नहीं लौटा, तो गीता देवी को ठगी का एहसास हुआ। पीड़िता ने प्रशासन से ठग की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

## हेताडकला पंचायत में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

**चिनियां।** प्रखंड अंतर्गत हेताडकला पंचायत में आदिम जनजाती व्यक्ति की मौत की सूचना मिलने पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां शिविर लगाया। स्वास्थ्य टीम ने गांव में पहुंचकर विभिन्न बीमारियों की जांच की और लक्षणों के अनुसार ग्रामीणों को आवश्यक दवाएं भी दी। मेडिकल टीम ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल आने की सलाह दी। शिविर में डॉ कृष्ण कुमार, डॉ दिनेश कुमार, फार्मासिस्ट बटेश्वर नारायण, राजन केशरी, विभूति तिवारी, अजीत कुमार, अशोक कुमार, मीरा कुमारी, सुमन कच्छप समेत सहिया और ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे दूषित पानी पीने को मजबूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित आंगनबाड़ी केंद्र कोड 01 की स्थिति दयनीय बनी हुई है। केंद्र पुराने और जर्जर भवन में संचालित हो रहा है, जहां बच्चों की सुरक्षा और सुविधा की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है। सेविका लीला देवी और सहायिका जिलेबनी देवी ने बताया कि केंद्र में मौजूद दो पुराने चापाकल अब सिर्फ सुबह दो से तीन बाल्टी पानी ही देते हैं। दैनिक जरूरतों और भोजन के लिए मजबूरन पास के कुएं से दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जलमिनार तो लगाया गया है लेकिन वह भी सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। बच्चों को पढ़ाई के लिए जर्जर भवन में बैठाया जाता है और शौचालय भी खराब हालत में है, जिससे स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सेविका ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार वरीय अधिकारियों को लिखित सूचना दी गई है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों और कर्मियों ने जल्द समाधान की मांग की है।



कुआं का पानी पीते बच्चे।

## एफएमडी व एलएसडी रोकथाम को लेकर टीकाकरण अभियान तेज, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** सोमवार को पशु अस्पताल भवनाथपुर में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सतेंद्र नारायण सिंह ने एआई कर्मियों (मैत्री कार्यकर्ताओं) के साथ बैठक कर समय पर टीकाकरण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विभागीय अभियान की क्षेत्र में जांच वरीय पदाधिकारियों द्वारा कराई जाएगी, ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि 19 मई से 17 जुलाई तक पशुओं में खुरहा-मुंहपका (एफएमडी) व लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) की रोकथाम के लिए निःशुल्क टीकाकरण कराया जा रहा है। इसकी शुरूआत दूरस्थ पंचायतों से की गई है ताकि समय पर अभियान पूरा हो सके। डॉ. सिंह ने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में रंजीत प्रसाद सिंह, संदीप कुमार, कृष्णा यादव, विनोद मेहता, आशीष कुमार यादव, अर्जुन कुमार, अवधेश कुमार यादव, जयप्रकाश पासवान, मनोज यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 9 मामलों का निष्पादन, 1.90 लाख रुपये का जुर्माना



**गढ़वा।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार-2006 के तहत अपर समाहर्ता सह न्याय निर्णयन पदाधिकारी राज महेश्वरम ने सोमवार को खाद्य सुरक्षा से संबंधित 09 मामलों का निष्पादन किया। इनमें सबस्टैंडर्ड के 5, मिसब्रांडेड का 1 और एक्स्ट्रान्यूअस से जुड़े 3 मामले शामिल थे। जिन खाद्य पदार्थों के नमूनों पर कार्रवाई की गई, उनमें इंडिया गेट बेसन, बूंदी लड्डू, पेड़ा, बर्फी, बेसन लड्डू, मूंगफली चिकी और प्रमोद सोनपापड़ी शामिल हैं। गढ़वा शहरी क्षेत्र के 6, नगर उंटारी, रमना और लगमा के एक-एक प्रतिष्ठान पर कुल 1.90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एसी ने सभी प्रतिष्ठानों को जुर्माना राशि चालान के माध्यम से जमा करने का निर्देश दिया है। मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज, प्रधान सहायक प्रमोद कुमार पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

## मुखिया रीता देवी की सास का निधन



**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के खरसोता पंचायत की मुखिया रीता देवी की सास फूला देवी का सोमवार को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं और कई वर्षों से ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थीं। उनका इलाज विभिन्न नामचीन अस्पतालों में चल रहा था, लेकिन सोमवार दोपहर करीब 3 बजे उन्होंने अपने खरसोता स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। निधन की खबर फैलते ही पंचायत के ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंचे। फूला देवी मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव की महिला थीं। वे अपने पीछे चार पुत्र विजय राम, संजय राम, विनोद राम, उमेश राम, दो बेटियां और नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। बता दें कि तीन दिन पूर्व ही मुखिया के पुत्र का विवाह संपन्न हुआ था, ऐसे में परिवार के लिए यह क्षति और भी भावनात्मक हो गई है। उनका अंतिम संस्कार खरसोता गांव स्थित कोयल नदी के शिवघाटी श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके 80 वर्षीय पति नन्दू राम ने दी।

## पुश्तैनी संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

मझिआंव। थाना क्षेत्र के करमडीह गांव में पुश्तैनी घर एवं जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में कुदुश खान (44), उनकी पत्नी जोसन बीबी (40) तथा यूनुस खान (40) और उनकी पत्नी अंजुम आरा (35) घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां डॉ विनोद कुमार सिंह द्वारा उनका इलाज किया गया। मामला मझिआंव थाना पहुंचा है, जहां दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच जारी है।

## बरई आजीविका महिला ग्राम संगठन के बैठक में की गयी गांव के कार्य योजनाएं का आंकलन

**बेरमो।** नावाडीह प्रखण्ड के भलमारा क्लस्टर के बरई पंचायत बनकटवा में बरई आजीविका महिला ग्राम संगठन का एक बैठक किया गया। इस बैठक के माध्यम से भलमारा क्लस्टर के ब्लॉक दीपू अग्रवाल ने महिलाएं को आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं को कृषि और पशु विभाग के बड़े पैमाने में बढ़ावा देना समय-समय पे टीकाकरण, मचान निर्माण, पशु शेड की उचित जमीन का चयन कर दीदी को लखपति बनाने के उद्देश्य से जुड़ने के लिए दीदी को बताया गया। मौके पर सेतु सावित्री देवी ने गांव का आकलन की।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने को लेकर सोमवार को कांडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अविनाश राज ने की। थाना प्रभारी ने उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से अपील की कि पर्व को हर वर्ष की तरह इस बार भी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि नमाज के दौरान पुलिस बल हर नमाजगाह पर तैनात रहेगा और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कुबार्नी के बाद बचे अवशेष को खुले में न फेंके। मौके पर एसआई विद्याशंकर प्रसाद, जुली टुडू, एएसआई रघुवंश महतो, मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, बाबू खान, मुर्तजा व कई लोग मौजूद थे।

## ट्रांसफर्मर जलने से 150 घरों में ब्लैकआउट

**धुरकी।** प्रखंड के कपूरी चौपाल के समीप स्थित ट्रांसफर्मर जल गया, जिससे क्षेत्र के करीब 150 से 200 घरों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। इससे प्रखंड मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत आसपास के इलाकों में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई है। गर्मी के इस मौसम में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। पानी की सप्लाई ठप हो जाने से पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। व्यवसायी वर्ग का कामकाज प्रभावित है और छात्र-छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग से जल्द नया ट्रांसफर्मर लगाने की मांग की है।

## गढ़वा के खिलाड़ियों ने झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जीते 8 मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गोड्डा में आयोजित प्रथम झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ मेडल जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। अंजली कुमारी ने अंडर-17 बालिका वर्ग और अंडर-19 बालिका वर्ग में गोल्ड तथा महिला वर्ग टीम में रजत पदक जीतकर व्यक्तिगत रूप से तीन मेडल हासिल किए। अंडर-19 बालक वर्ग में नितीश कुमार मेहता ने गोल्ड, अनिल कुमार मेहता ने रजत और अनिमेष कुमार पांडेय ने कांस्य पदक जीता। वहीं, हर्षित कुमार पांडेय और मयंक राज ने अंडर-15 बालक वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और खेल प्रेमियों ने टीम को बधाई दी। साथ ही कोच कमलेश कुमार दुबे और मैनेजर संजय कुमार सिंह के नेतृत्व की सराहना की। बधाई देने वालों में अलखनाथ पांडेय, मदन प्रसाद केशरी, आनंद सिन्हा, अशोक दुबे, नंद कुमार गुप्ता, सुशील केशरी, संजय सोनी, चंद्रभूषण सिन्हा, प्रिंस सोनी, अमोद पांडेय, नवनीत शुक्ला, शांति देवी, ओम प्रकाश गुप्ता सहित कई लोग शामिल हैं।



पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची।**
First Call PR- 339456

द्वितीय अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/01/2025-26 दिनांक– 31.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 04.06.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय, | दिनांक 11.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.06.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची–02। |
| 6 | ई–मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment, Chemicals, Standard Reference Microbial cultures, Glasswares/ Plasticwares and General items in 13 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand A-Ranchi Zone ( Ranchi, Ramgarh, Koderma, Chatra Medininagar, Latehar, Garhwa, Chaibasa, Saraikela and Kharsawan, Khunti, Lohardaga, Simdega, Gumla) | 6,66,000/- | 10,000/- |

NB:- For Details
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
PR 354055 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची।



**जिला परिषद कार्यालय कोडरमा**

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा–सह–डाक आमंत्रण सूचना संख्या–03 / 2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा।
2. सीलबंद आवेदन प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 09.06.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. सीलबंद आवेदन खोलने का समय :– दिनांक 09.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. आवेदन प्राप्ति का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा।
5. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | आवेदन शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Dismantling of Old Zila Parishad Building and Scrap materials after dismantling of Old Zila Parishad Building, Koderma. | 340533=03 (Dismantling) 423001=67 (Salvage Value) | 16000=00 | 750=00 | 15 days |

1) जिला परिषद कोडरमा, भवन निर्माण विभाग झारखण्ड रॉंची या किसी अन्य विभाग में निबंधित संवेदक या प्रतिश्ठित एवं समर्थ व्यवसायी / व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को सादे कागज पर कार्य का नाम अंकित करते हुए Dismantling कार्य तथा Salvage Value के लिए अलग–अलग दर देना होगा तथा आवेदन पर पूर्ण हस्ताक्षर, नाम, पता आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर अंकित करते हुए सीलबंद लिफाफे में आवेदन करना होगा ।
2) अग्रधन के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र (आठवाँ निर्गम या तीन / पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पास बुक / फिक्स्ड डिपोजिट के रूप में देय होगा, जो जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा के पदनाम से प्रतिज्ञप्त होना अनिवार्य होगा। जो कार्य समाप्ति के बाद वापस कर दिया जायेगा । Dismentaling एवं Salvage Value of Material की अन्तर राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा के पदनाम से कोडरमा में भुगतेय होगा । जो डाक डालते समय जमा करना होगा ।
3) Dismantling कार्य के लिए मान्य / प्राक्कलित राशि से अधिक दर एवं Salvage Value Materials के लिए मान्य प्राक्कलित राशि से कम दर स्वीकृत नहीं की जायेगी ।
4) कार्य पूर्ण होने की अवधि 15 दिनों के अन्दर Dismantling के बाद सभी Serviceable तथा Unserviceable सामग्रियों को कार्य स्थल से हटा लेना होगा अन्यथा 1% प्रति दिन के दर से विलम्ब शुल्क की वसूली की जायेगी ।
5) आवेदन शुल्क (जो लौटाया नहीं जायेगा) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, जिला परिषद कोडरमा के पक्ष में होगा एवं कोडरमा में भुगतेय होगा।
6) Salvage के लिए निविदत्त दर से Dismantling के लिए निविदत्त दर घटाने के बाद जिस निविदाकार की राशि अधिक होगी उसे कार्य आवंटित किया जायेगा ।
7) निविदा / डाक की अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, कोडरमा
PR 354087 (Panchayati Raj)25-26*D



**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि " टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 03 (तीन) अद्द दूकान संख्या 09,36,38 को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए **दिनांक 26 / 06 / 2025 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवदेन पत्र समर्पित कर सकते हैं :–

शर्त :–

1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000 / – (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जॉच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा । जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा / उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र / पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान ) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75 / प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा।
12. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 354024 ( District) 25-26 (D)

# बेहतर माहौल

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 2000 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों के परिणाम संकेत देते हैं कि राजस्व और मुनाफा वृद्धि में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही की तुलना में सालाना आधार पर राजस्व में 7.6 फीसदी की वृद्धि हुई। कर पश्चात लाभ में सालाना आधार पर 12.7 फीसदी और तिमाही आधार पर 15.7 फीसदी की वृद्धि हुई। एकबारगी समायोजित कर पश्चात लाभ सालाना आधार पर 9 फीसदी और तिमाही आधार पर 13 फीसदी बढ़ा। पेट्रोलियम और बैंकिंग एवं वित्त जैसे अस्थिर क्षेत्र, जिनका प्रदर्शन औसत रहा, उन्हें बाहर कर दिया जाए तो अन्य क्षेत्रों के लिए राजस्व में वृद्धि कुल मिलाकर सालाना आधार पर 9.5 फीसदी और तिमाही आधार पर 7.1 फीसदी रही, जबकि परिचालन लाभ में सालाना 18 फीसदी की वृद्धि हुई और कर पश्चात लाभ में सालाना आधार पर 21.4 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। वहीं करों का भुगतान सालाना और तिमाही आधार पर 13.9 फीसदी बढ़ा। कर पश्चात लाभ में 2 फीसदी की गिरावट आई। वित्त वर्ष25 की चौथी तिमाही में तेल एवं गैस कीमतों में गिरावट ने भी उनकी मदद की। बैंकों की आय में सालाना आधार पर 8.8 फीसदी की वृद्धि हुई और करों में 28 फीसदी का भारी इजाफा सहन करने के बाद सालाना आधार पर उनका कर पश्चात लाभ 3.3 फीसदी बढ़ा। गिरते ब्याज दर के दौर का सकारात्मक प्रभाव अभी तक सामने नहीं आया है। वाहन कलपुर्जा, पूंजीगत वस्तु, लॉजिस्टिक्स और औषधि क्षेत्र की राजस्व वृद्धि ने सालाना आधार पर 10 फीसदी की वृद्धि का आंकड़ा पार कर लिया। अधोसंरचना और सीमेंट क्षेत्र आपस में करीब से जुड़े हुए हैं क्योंकि सीमेंट की बिक्री विनिर्माण पर निर्भर है, ऐसे में दोनों के राजस्व में तिमाही आधार पर 15 फीसदी का इजाफा हुआ है।

## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारत को चाहिए नयी पीढ़ी की उद्यमिता




**हमारी** नई पीढ़ी के उद्यमियों को जोखिम लेने वाला होना चाहिए। उन्हें नवाचारी भी होना चाहिए और वैश्विक स्तर पर महत्त्वपूर्ण कारोबारी भी। बता रहे हैं देश में उद्यमिता के क्षेत्र में दो विशेषताओं का होना आवश्यक है। पहला, उसे इस कदर नवाचारी होना चाहिए कि वह अपनी कारोबारी योजना के अंतर्गत नए उत्पाद सामने लाए और नई प्रक्रियाओं को प्रस्तुत करे। दूसरा, उसकी मार्केटिंग भी वैश्विक होनी चाहिए ताकि वह भारत में विदेशी आपूर्तिकताओं से निपट सके और वैश्विक बाजारों में भी उनका सामना कर सके।

वित्तीय और कारोबारी नेटवर्क पर उद्यमियों का दबदबा था। इसके दो प्रमुख उदाहरण हैं बंगाल के बैंकर जगत सेठ और सूरत के कारोबारी मुल्ला अब्दुल गफ्फूर जिनके पास जहाजों का बेड़ा था और जिनका पश्चिम एशिया के कारोबार पर दबदबा था।

भारत पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख निर्यातक देश था, जहां दो बड़े साम्राज्य यानी सफवी और ओटोमन बहुत बड़े बाजार थे। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि मुगल काल में निजी उद्यमिता के अधीन काफी आर्थिक तेजी देखने को मिली। उस समय वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24 फीसदी थी जो 1820 तक घटकर 16 फीसदी रह गई। पश्चिम में औद्योगिक क्रांति के विस्तार के बाद यह गिरावट बढ़ी।


उपनिवेशकाल में हालात बदले। भारतीय अर्थव्यवस्था में कारोबार, सैकड़ों की तादाद में मौजूद अनौपचारिक, असंगठित बाजारों की मदद से आकार लेता था जो उत्पाद के स्रोत और खपत के क्षेत्रों को जोड़ते थे। इन पर भारतीय बैंकरों और फाइनैंशर्स का दबदबा था और वे लेनदेन के रिकॉर्ड और फंड के लेनदेन के लिए हुंडी पर निर्भर रहते थे। औपनिवेशिक शासक इससे संतुष्ट नहीं थे लेकिन शासन के आरंभिक दिनों में वे भारतीय बैंकरों पर निर्भर थे।

हालांकि, जब वैश्विक व्यापार की बात आती तो भारतीय कारोबारी ब्रिटिश कारोबारी समूहों द्वारा स्थापित एजेंसियों के बढ़ते दबदबे के कारण हाशिए पर पहुंच जाते। सुब्रमण्यन ने दो लोगों का उल्लेख किया- जमशेदजी जीजीभॉय और द्वारकानाथ टैगोर। उनके मुताबिक ये दो भारतीय कारोबारी थे जिन्होंने औपनिवेशिक दबदबे को चुनौती दी और अफीम और नील के वैश्विक व्यापार में प्रमुखता से उभरे।

औपनिवेशिक काल की एक और प्रमुख बात है औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय कंपनियों का उभार। सुब्रमण्यन स्टील और जलविद्युत के उत्पादन में जमशेद टाटा के नवाचारों और उनकी सक्रियता का खास उल्लेख करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने तालों, टाइपराइटर और आत्मविकास के अन्य उत्पाद तैयार करने में गोदरेज की भूमिका और बाद में किर्लोस्कर, बजाज और टीवीएस सुंदरम की भूमिकाओं को रेखांकित किया। यह उस समय हुआ जब औपनिवेशिक शासकों ने प्रथम विश्वयुद्ध के बाद भारतीय कंपनियों के लिए हालात आसान बना दिए थे। मैं वालचंद हीराचंद के काम को इसमें जोड़ना चाहूंगा जिन्होंने नवाचारी इकाइयों की स्थापना की।

उदाहरण के लिए आज की हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट, नौवहन कंपनी सिं?धिया, विशाखापत्तनम में पोत निर्माण उपक्रम और प्रीमियर ऑटोमोबाइल्स। आजादी के पहले के दौर में कई भारतीय उद्यमियों ने नई परियोजनाओं की शुरूआत की और वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। मुगल काल में सरकार उद्यमों पर अधिक निर्भर थी न कि उद्यम सरकार पर। बाद में औपनिवेशिक काल में स्वदेशी उपक्रमों को सरकार से शायद ही मदद मिली। प्रथम विश्व युद्ध के समय अल्पकाल के लिए जरूर उनको जरूरी सहायता मिली।

स्वतंत्रता ने अतीत का सिलसिला पलट दिया और सरकार और निजी उपक्रमों के बीच मजबूत रिश्ता कायम हुआ। लाइसेंस राज के दौरान और उसके बाद भी ऐसा हुआ। हालांकि, सरकार ने विकास प्रक्रिया पर अपना नजरिया आरोपित करने का प्रयास किया। उदाहरण के लिए उत्पादन संबद्ध पहल और निजी क्षेत्र को अधोसंरचना विकास योजनाओं में शामिल करने का निर्णय, चूंकि इस क्षेत्र में सरकार का एकाधिकार है इसलिए सरकार द्वारा निवेशकों का विशिष्ट चयन आवश्यक होता है।



\- नितिन देसाई

> हमें भारतीय उपक्रमों को नवाचार पर केंद्रित करना होगा और वैश्विक व्यापार के साथ संबद्धता बढ़ानी होगी। उद्यमिता पर एक सरकारी नीति की स्थापना करनी होगी और ऐसी प्रतिस्पर्धा की व्यवस्था करनी होगी जो बाजार की शक्तियों की ताकत को चिह्नित करे और बाजारोन्मुखी माहौल को बढ़ावा दे बजाय कि चुनिंदा कारोबारों या क्षेत्रों को बढ़ावा देने के।

नवाचार की बात करें तो लाइसेंस वाले दौर में इसका उभार हुआ लेकिन मुख्य रूप से वह नए सरकारी उपक्रमों के माध्यम से सामने आया। बहरहाल, इसमें अक्सर वह गति नहीं थी जो प्रबंधन स्वामित्व के माध्यम से आती है और इनमें से कई सरकारी पहलों का अंत हो गया। निजी कारोबारी क्षेत्र पर निर्भरता में 1980 के दशक में इजाफा हुआ और निजी क्षेत्र पर वास्तविक निर्भरता की शुरूआत 1991 में लाइसेंस राज समाप्त होने के बाद हुई। इसमें वित्तीय तंत्र के जबरदस्त उदारीकरण का भी योगदान था।

हाल के दशकों में उद्यमिता के क्षेत्र में प्रमुख उन्नति सॉफ्टवेयर, कारोबारी सेवाओं और डिजिटल इकनॉमी से संबंधित कारोबारी कंपनियों की तेज वृद्धि के रूप में सामने आई। भारत में कुशल श्रमिकों की किफायती उपलब्धता ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। इसका एक सटीक उदाहरण है भारत में विदेशी स्वामित्व वाली कंपनियों की स्थापना जो वैश्विक चिप डिजाइन में 20 फीसदी की हिस्सेदार हैं। ये कंपनियां भारतीय श्रमिकों पर निर्भर हैं लेकिन भारतीय उद्यमियों पर नहीं। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि चिप निर्माण या असेंबली में स्वदेशी उद्यमों की भागीदारी का स्तर बहुत कम है।

इसके कारण सरकार को औद्योगिक विकास के लिए भारी सब्सिडी आधारित नजरिया अपनाना पड़ता है। इस क्षेत्र में सरकार की संबद्धता का पैमाना 70 फीसदी पूंजीगत लागत सब्सिडी से पता चलता है जो गुजरात में बनाए जा रहे एक नए सेमीकंडक्टर संयंत्र को दी गई। यह राशि तकरीबन दो अरब डॉलर है। इन प्रयासों के बावजूद भारत में नवाचार का पैमाना चीन, दक्षिण कोरिया और ताईवान जैसे देशों से पीछे है। कई प्रमुख उद्यमी जो अधिक नवाचारी और वैश्विक रुझान रखने वाले हैं उन्होंने रिटेल फाइनैंस जैसे अपेक्षाकृत कम प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्र में विविधता लाने का निर्णय लिया है। इससे भी अधिक परेशान करने वाला रुझान है बीते कुछ दशकों में विनिर्माण निवेश में धीमी वृद्धि।

हमें भारतीय उपक्रमों को नवाचार पर केंद्रित करना होगा और वैश्विक व्यापार के साथ संबद्धता बढ़ानी होगी। उद्यमिता पर एक सरकारी नीति की स्थापना करनी होगी और ऐसी प्रतिस्पर्धा की व्यवस्था करनी होगी जो बाजार की शक्तियों की ताकत को चिह्नित करे और बाजारोन्मुखी माहौल को बढ़ावा दे बजाय कि चुनिंदा कारोबारों या क्षेत्रों को बढ़ावा देने के। पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनियों में प्रवर्तकों की शक्ति पर नियंत्रण और पेशेवर तरीके से कॉरपोरेट प्रबंधन में घरेलू और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रभाव में इजाफा करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। स्टार्टअप्स को विस्तार देना होगा ताकि नए उत्पाद और प्रक्रियाएं सामने आ सकें। काफी कुछ वैसे ही करना होगा जैसा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान में हो रहा है। छोटे उपक्रमों के लिए संगठित वित्तीय मदद बढ़ानी होगी। 2017 के व्यापक अध्ययन के मुताबिक अपनी वित्तीय जरूरतों

## लेटर टू एडिटर

### बयानबाजी बनाम बलिदान

हमारे आदर्शों के लिए इस तरह के बयान नए नहीं हैं। धर्म और जाति के नाम पर देश को बांटकर सैनिकों का अपमान करना कुछ लोगों की आदत बन गई है। ये नहीं समझते कि जिस आजादी और निर्भयता से वे बयानबाजी कर रहे हैं, वह उन्हीं सैनिकों की देन है, जो दुश्मन की गोलियों के सामने सीना तानकर खड़े होते हैं। ऐसे ओछी मानसिकता वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि दूसरों को भी सबक मिले।

–संदीप भारद्वाज, रांची

### सत्ता का नशा

राजनीति से जुड़े कुछ नेताओं को अपने पद और सत्ता का ऐसा नशा हो जाता है कि वे सार्वजनिक रूप से किसी के प्रति भी कटाक्ष, अभद्र टिप्पणी और अनुचित बयानबाजी करने से नहीं चूकते। सत्ता का अहंकार उनके व्यवहार में साफ झलकता है।

– राजकुमार सिंह, रांची

## ट्वीट

नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडगरी जी से मुलाकात किया। रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रगति की जानकारी दी, इसके लोकार्पण का आग्रह किया। उन्होंने 19 जून को कॉरिडोर के लोकार्पण की सहमति दी। यह झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर है, जिसकी सौगात रांची की जनता को मिली है। इसके लोकार्पण होने के बाद रातू रोड को पिछले 4 दशक के जाम से मुक्ति मिलेगी। वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा और रांचीवासी भी राहत महसूस करेंगे। इस एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण की तैयारी जल्द शुरू हो जाएगी।

– संजय सेठ सांसद-मंत्री

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते और असुरक्षित समाज

-डॉ. सत्यवान सौरभ

समाज

**समाज** में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दियाा। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायीं। ये कुछ वारदातें तो बानगी भर हैं। दरअसल नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं।

आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है।

समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की कीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे घातक कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है।

अब सवाल है कि इस नैतिक गिरावट को कैसे खत्म किया जाए।

# झारखंड के राज्य उपभोक्ता आयोग अधिकारों को लेकर सचेत

समस्या

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत के प्रतिनिधियों ने रांची जाकर राज्य उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष श्री वसंत गोस्वामी जी से की मुलाकात।



_अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत के प्रतिनिधियों ने रांची जाकर राज्य उपभोक्ता आयोग के प्रभारी अध्यक्ष श्री वसंत गोस्वामी जी से मुलाकात किया। इस टीम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री शिवाजी क्रांति, अध्यक्ष डॉक्टर कल्याणी कबीर, उपाध्यक्ष ऐंजिल उपाध्याय जी और कोल्हान प्रमंडल संयोजक वी प्रभु जी सम्मिलित थे।


ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने ग्राहक हित से संबंधित उपभोक्ता अधिनियम, कानून, जागृति पोर्टल, ग्राहक जागरण जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया। इस विषय पर भी गहरी चिंता जताई गई कि पर्याप्त जानकारी के अभाव में कई बार बहुत सारे केस काफी दिनों तक पेंडिंग रहते हैं।इस बात पर सभी ने सहमति जताई कि हर व्यक्ति में ग्राहक अधिकारों का बोध होना चाहिए तभी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकेगी।

इस अवसर पर आगामी पर्यावरण दिवस को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पत्र भी आदरणीय वसंत गोस्वामी जी और उनकी पत्नी ने भरा। ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने उम्मीद जताई कि इस बैठक के परिणाम सकारात्मक होंगे और भविष्य में भी संगठन और उपभोक्ता आयोग दोनों के आपसी प्रयास से हम समाज में हरेक व्यक्ति को ग्राहक हित के अनुकूल जागरूक बना सकेंगे और अधिकार मिलेगा।

केन्द्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडगरी 19 जून को रातू रोड रांची के एलिवेटेड कॉरीडर का उदघाटन करेंगे। आमंत्रित करते रांची क सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ। सौजन्य अजय सानी



## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## सड़क पर बने गड्ढों के कारण हो रहे हादसे : निदेश

**बरही।** बरही चौक से महज 300 मीटर की दूरी पर गया रोड स्थित मुमताज गैरेज के सामने समेत कई जगहों पर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिसके कारण आए दिन बाइक सवार गिरते रहते हैं। ताजा घटना सोमवार की शाम करीब 05 बजे की है। युवक अवधेश कुमार राणा बरही से अपने घर महुदी, चौपारण जा रहा था। इसी क्रम में सड़क पर बने गड्ढे के कारण वह गिर गया। इस दौरान बरही पश्चिमी के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश ने मानवता दिखाते हुए सड़क पर गिरे दोनों बाइक सवार को उठाया और उसकी मदद की। उन्होंने बताया कि उसे हल्की चोटें आई हैं। लेकिन दोनों स्वस्थ हैं। और दोनों घर चले गए। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अविलंब गड्ढे भरने की मांग की।

## लावारिस हालत में मिला एक घोड़ा, मालिक की तलाश

**बरही।** बरही के गौरियाकरमा में सोमवार की सुबह एक खेत के फसल में लावारिस हालत में भूरे रंग का एक घोड़ा मिला। जिसे देख गौरियाकरमा का युवा समाजसेवी संतोष कुमार ठाकुर व शंभू कुमार ने उसे बिना किसी नुकसान पहुंचाए पकड़ कर सुरक्षित अपने गांव में ही रखा है और घोड़े को उसके मालिक को सौंपने के लिए उसके मालिक की तलाश में जुटे हैं। इस संदर्भ में संतोष ठाकुर ने घोड़े के साथ अपना फोटो शेयर करते हुए बताया कि गौरियाकरमा व उसके पास के किसी भी गांव में कोई भी व्यक्ति घोड़ा नहीं पालता है। ऐसे में यह किसी दूर के क्षेत्र से भटक कर उनके गांव आ गया है। घोड़ा को उन्होंने फिलहाल सुरक्षित रखा और घोड़े के मालिक की तलाश में जुटे हैं। घोड़े के मालिक मिलते ही उन्हें सौंप दिया जाएगा। घोड़े के मालिक को खोजने के लिए उन्होंने इंटरनेट मीडिया का भी सहारा लेने की बात की।

## पांच फरार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरही थाना कांड संख्या 374/16 के अभियुक्त जोबराज मियां पिता स्व.लाटो मियां, शखावत मियां पिता नबी मियां एवं मो.अकबर अंसारी पिता अब्दुल अंसारी सभी ग्राम हथगड्डा थाना बरही, बरही थाना कांड संख्या 474/2009 के अभियुक्त बंधन यादव पिता स्व.माधो यादव ग्राम तेतरिया भंडार एवं बरही थाना कांड संख्या 218/2021 के अभियुक्त मुकेश प्रसाद पिता खूबलाल महतो ग्राम कोरियाडीह थाना बरही शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट निर्गत किया गया था। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आभास कुमार ने बताया कि लक्ष्य कांड के तहत ऐसे सभी पुराने वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। जिनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट निर्गत किया गया है।

## बरकट्ठा के प्रवासी मजदूर की पुणे में संदिग्ध मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गैड़ा गांव निवासी प्रवासी मजदूर सुरेन्द्र यादव (32 वर्ष) की पुणे के बारामती में रविवार की रात अचानक मौत हो गई। सुरेन्द्र वहां पोकलेन मशीन ऑपरेटर के रूप में काम कर रहा था और करीब एक माह पूर्व ही घर से बारामती के लिए निकला था। मौत की खबर मिलते ही उसके गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे पुत्र—आर्या (6) और आरव (2)—को छोड़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार सुरेन्द्र मिलनसार और शांत स्वभाव का व्यक्ति था। उसकी मौत से पूरा गांव स्तब्ध है। पुणे में रह रहे गैड़ा गांव के अन्य प्रवासी मजदूरों ने आर्थिक सहयोग जुटाकर शव को हवाई जहाज से रांची लाने की तैयारी शुरू कर दी है, जहां से मंगलवार को एंबुलेंस से उसका शव गांव लाया जाएगा।

### मेन रोड के व्यापारियों ने सांसद मनीष जायसवाल से मिलकर सौंपा ज्ञापन

# नो-एंट्री जोन से प्रभावित व्यापार पर जताई चिंता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के मुख्य वाणिज्यिक क्षेत्र मेन रोड के व्यावसायिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल से उनके सेवा कार्यालय में मुलाकात कर व्यापारिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि सदर अस्पताल से पंचमंदिर चौक, कांग्रेस ऑफिस रोड, गुरु गोविंद सिंह रोड, पगोडा चौक से आनंदा चौक और सांसद सेवा कार्यालय से बंशीलाल चौक तक के मार्ग को नो-एंट्री घोषित कर दिया गया है। इस निर्णय से टोटो जैसे छोटे वाहनों का संचालन ठप हो गया है, जिससे ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और व्यापार में भारी गिरावट आ रही है। व्यापारियों ने कहा कि टोटो मध्यम वर्ग, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सुलभ परिवहन साधन है। अब ग्राहक मेन रोड नहीं पहुंच पा रहे, वहीं स्कूटी और बाइक से आने वाले लोगों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा भारी चालान झेलना पड़ रहा है। एक ग्राहक यदि 100 रुपये की खरीदारी करता है, तो उसे पार्किंग उल्लंघन पर 1000 रुपये का चालान भरना पड़ रहा है। इससे ग्राहक व्यापारिक क्षेत्र से दूरी बना रहे हैं और दुकानदारों के सामने रोजगार संकट खड़ा हो गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि वे जल्द ही पुलिस, नगर निगम और ट्रैफिक विभाग से बैठक कर समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी और हर हाल में उनके साथ खड़े रहेंगे।



सांसद को जानकारी देते व्यापारी

# सख्ती के बावजूद नहीं सुधर रहे बाइक सवार

### हजारीबाग की सड़कों पर मचाई हुई है तबाही

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में ट्रैफिक पुलिस की तमाम सख्तियों और नियमों के बावजूद बाइक सवारों की मनमानी पर लगाम नहीं लग पा रही है। शहर के प्रमुख मार्गों पर बुलेट की 'धाड़-धाड़' आवाज और ट्रिपल लोड में सवार युवकों की रफ्तार ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। कोर्रा चौक से कॉलेज मोड, इंद्रपुरी से मटवारी, जबरा से सिंघानी फौरन, बिरसा चौक जैसे इलाकों में शाम होते ही तेज रफ्तार बुलेट बाइकें दौड़ने लगती हैं। कई बार ये सवार बिना साइलेंसर की बुलेट चलाते हैं, जिससे भयानक शोर उत्पन्न होता है। वृद्ध, महिलाएं और छोटे बच्चे इस आवाज से बुरी तरह परेशान हैं, लेकिन बुलेट चालकों पर कोई असर नहीं है। शहर में हेलमेट का उपयोग ना करना, ट्रिपल लोडिंग, ओवरस्पीडिंग और स्टंट करना आम बात हो गई है। पुलिस समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाती है, चालान भी काटे जाते हैं, पर इसका कोई स्थायी असर नहीं दिखता। शहरवासियों का कहना है कि जब तक सख्त कानून लागू कर ऐसे बुलेट चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह शोरगुल और खतरा बना रहेगा।

# बरही चौक बना कूड़े का ढेर

### बढ़ा मच्छरजनित बीमारियों का खतरा, प्रशासन से नाराज जनता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही चौक और उसके आसपास का इलाका इन दिनों कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुका है। सार्वजनिक स्थानों पर जगह-जगह फैला कचरा न सिर्फ बदबू फैला रहा है, बल्कि डेंगू, मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों को भी खुला निमंत्रण दे रहा है। बरही की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिख रही है।

पैदल चलना तक दूभर हो गया है और स्थानीय निवासी गंदगी और सड़ांध के बीच जीने को मजबूर हैं। बरही चौक के आसपास रह रहे लोगों की हालत सबसे दयनीय है, जिनका जीवन कचरे के बीच नारकीय बन गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बरसात का मौसम नजदीक है और अगर स्थिति नहीं सुधरी, तो संक्रामक बीमारियों का खतरा और बढ़ जाएगा। गौरतलब है कि पिछले महीने बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुड्डू की अध्यक्षता में एक प्रशासनिक बैठक हुई थी, जिसमें बरही चौक की साफ-सफाई, नो-पार्किंग जोन और अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई थी। लेकिन बैठक के बाद भी धरातल पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा रोष है। नागरिकों ने मांग की है कि तुरंत साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए ताकि बरही को गंदगी और बीमारियों के दलदल से निकाला जा सके।



फैली हुई गन्दगी

एक नजर में

## केडी माइंस में उग्रवादियों द्वारा आगजनी और फायरिंग, खनन कार्य जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड स्थित पगार ओपी के पांडु में स्थित एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में उग्रवादियों द्वारा की गई आगजनी और फायरिंग के बावजूद खनन और ट्रांसपोर्टिंग कार्य सुचारू रूप से जारी है। घटना के बाद भी सभी वाहन और मशीनें सामान्य रूप से काम कर रही हैं। बताया जाता है कि 1 जून की रात लगभग 8 बजे, ओबी एरिया में कार्यरत दो हाइवा वाहनों को उग्रवादियों ने आग लगा दी और उन पर तीन राउंड फायरिंग की। इस दौरान, एक वाहन चालक गौतम दुबे, जो बालेदेवरी गांव का निवासी है, भी मारपीट का शिकार हुआ और उसे गोली के छीटे भी लगे। घायल चालक को इलाज के लिए हजारीबाग के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद कोल माइंस में कुछ समय के लिए कोयला खनन और परिवहन कार्य प्रभावित हुआ, लेकिन जल्द ही काम फिर से शुरू हो गया।



वाहन पर गोली के निशान

घटनास्थल पर टीपीसी नक्सली संगठन के पर्चे भी मिले, जिनमें इस घटना की जिम्मेदारी ली गई और कुछ चेतावनियाँ भी दी गईं। यह भी सामने आया है कि इस संगठन ने 20 मई को पहले ही एक चेतावनी पर्चा जारी किया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है और इस घटना के पीछे के असल कारणों का पता लगाने के लिए गहन छानबीन की जा रही है।

### पदमा में विवाहिता की संदिग्ध हत्या!

## ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप, पुलिस हिरासत में पति

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** पदमा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना में 35 वर्षीय विवाहिता श्वेता कुमारी जायसवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना 1 जून 2025 को घटी। पुलिस ने पति सत्येंद्र जायसवाल को हिरासत में ले लिया है, जबकि ससुराल के अन्य सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए हैं। मृतका की चार साल की बेटी अनन्या ने अपनी नानी को फोन कर मां की मौत की जानकारी दी, जिसके बाद श्वेता के मायके पक्ष के लोग देर रात पदमा पहुंचे। मृतका के पिता सुरेश प्रसाद जायसवाल ने बेटी की हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाते हुए बताया कि श्वेता की शादी 22 फरवरी 2020 को सत्येंद्र जायसवाल के साथ हुई थी। विवाह में पांच लाख रुपये नकद और दस तोला सोना दिया गया था, बावजूद इसके दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा लगातार श्वेता को प्रताड़ित किया जाता रहा। पिता के अनुसार, श्वेता के गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया, जिससे आहत होकर वह मायके लौट आई थी। डाल्टनगंज कोर्ट में मामला दर्ज कराने के बाद न्यायालय के आदेश पर 21 फरवरी 2025 को वह पुनः ससुराल लौटी, लेकिन प्रताड़ना जारी रही और अंततः उसकी जान चली गयी ।

# तालाताड़ में धूमधाम से मनी मंडा पूजा

### मेला में उमड़ी भीड़, छऊ नृत्य ने मोहा मन

## दहकते अंगारों पर चलकर शिवभक्तों ने दिया आस्था का परिचय

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री मंडा पूजा समिति तालाताड़ के तत्वावधान में रविवार और सोमवार को तालाताड़ में पारंपरिक मंडा पूजा और छऊ नृत्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही मंडा मेला का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहान द्वारा झारखंडी रीति-रिवाज और पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

इस दौरान भोक्ताओं और 104 शोक्ताइनों ने दहकते अंगारों पर चलकर और बनस झूला पर झूलकर अपनी आस्था और शिवभक्ति का परिचय दिया। मंडा मेला और सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। छऊ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड की लोकसंस्कृति और परंपराएं ही हमारी असली पहचान हैं। ऐसे आयोजनों से हमारी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि मंडा में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। श्री चौधारी ने कहा कि हमसबों को अपनी संस्कृति को संजोए रखने की जरूरत है। बेहतर आयोजन के लिए विधायक ने मंडा पूजा समिति को बधाई दी।



मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी और अन्य अतिथिगण

## हजारीबाग नगर निगम ने तेज की नालियों की सफाई

**हजारीबाग।** बरसात से पहले जलजमाव और बीमारियों से बचाव के लिए हजारीबाग नगर निगम ने युद्धस्तर पर नालियों की सफाई अभियान शुरू कर दिया है। सफाई कर्मचारी सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक शहर की प्रमुख नालियों की सफाई में जुटे हैं। नगर निगम यूनियन अध्यक्ष विवेक कुमार वाल्मीकि ने बताया कि अगर समय पर सफाई नहीं हुई, तो बारिश में नालियों का पानी घरों में घुस सकता है और गंभीर बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो सकता है। नगर आयुक्त के निर्देश पर चार जेसीबी मशीनों को सफाई कार्य में लगाया गया है, जिनकी निगरानी हेड जमादार दीपक गोस्वामी कर रहे हैं। वाल्मीकि ने बताया कि यदि किसी वार्ड में सफाई को लेकर कोई समस्या हो, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। आम जनता और अधिकारियों के बीच संवाद की कमी के कारण कई बार सफाई को लेकर समस्याएं बनी रहती हैं। उन्होंने अपना संपर्क नंबर 7004501470 साझा करते हुए कहा कि वे नगर आयुक्त से मिलकर हर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे। उनका उद्देश्य है कि हर वार्ड स्वच्छ और व्यवस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक



बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** आगामी 7 जून को मनाए जाने वाले बकरीद पर्व को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने की, जबकि संचालन पत्रकार नरेश कुमार ने किया। बैठक में थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलाने या नकारात्मक संदेश सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को सतर्क रहने और निगरानी रखने की सलाह दी। अधिकारियों ने पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए प्रत्येक पंचायत स्तर पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और ग्रुप एडमिन सक्रिय रहेंगे। बैठक में सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र मंडल, प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, सासंद प्रतिनिधि कृष्णा राम, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि, पूर्व मुखिया और कई समाजसेवी उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया।

## सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की मांग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ के यूनियन प्रतिनिधियों ने सोमवार को क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा के नेतृत्व में सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा के बरका-सयाल एरिया चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुप कुमार टोप्पो से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की मांग की। मौके पर यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रिय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि अस्पताल में मरीजों के साथ डॉक्टर का व्यवहार अनुकूल नहीं है। जबकि डॉक्टर को मरीजो के साथ व्यवहारिक होना चाहिए।

### प्रेस क्लब रामगढ़ ने भुरकुंडा पंचायत भवन में किया

# पत्रकारों के बीच परिचय पत्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में सोमवार को प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भुरकुंडा, भदनीनगर, बासल और उरीमारी क्षेत्र के दर्जनों पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष वीरू कुमार और कोषाध्यक्ष दूर्वेज आलम ने उपस्थित पत्रकारों के बीच परिचय पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर बिरेंद्र कुमार उर्फ वीरू ने बताया कि जो पत्रकार साथी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, उनका परिचय पत्र क्लब के कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र प्रसाद के पास सुरक्षित है। सभी पत्रकार अपना परिचय पत्र उनसे प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में अवध किशोर शर्मा, उत्तम सिन्हा, धर्मेंद्र रंजन यादव, सुरेंद्र प्रसाद, अजीत कुमार, कमलेश मेहता, विजेंद्र कुमार, संजय पासवान, कर्मवीर सिंह, रॉकी अग्रवाल आदि मौजूद थे।



परिचय पत्र देते अध्यक्ष वीरू कुमार और उपस्थित क्लब के लोग

## किसी भी हालात में धर्म परिवर्तन न करें: किरण मुंडा

**कुजू।** संविधान में मिले अधिकारो से वंचित रह रहे आदिवासी मुलवासी को शिक्षा व नशामुक्ति के प्रति जागरूक को लेकर धर्म यात्रा निकाला गया है। उक्त बातें जागरुकता रैली का नेतृत्व कर रही जय सरना ट्रस्ट के केंद्रीय सचिव अधिवक्ता किरण मुंडा ने कही। वह आदिवासी मूलवासी समाज को जागरूक करने के लिए कटकमसांडी पत्थलकुदवा सरना स्थल से निकाली गई यात्रा धर्म अड्डा रैली में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आदिवासी समाज के धर्म संस्कृति परम्परा, जल, जंगल जमीन को बचाए रखना है। किसी भी हालात में धर्म परिवर्तन न करें।

## कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी



मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही/चुरचू।** चुरचू प्रखंड के चनारो ग्राम पंचायत में 2 जून को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में किसानों को भारत सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं के तहत आधुनिक व जैविक खेती की तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सत्र में विशेष रूप से फसलों में लगने वाले कीटों और बीमारियों की पहचान, पोषक तत्वों की कमी के लक्षण, एकीकृत कीट प्रबंधन, जैविक कीटनाशकों का उपयोग, तथा जीवामृत जैसे जैविक खाद तैयार करने की विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पौधा संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. लाईनौ कशिश, डॉ. जितेंद्र कुमार मंडल और डॉ. हिमानी प्रिया ने किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया बृजबिहारी महतो ने की, जबकि संचालन चोलेश्वर महतो ने किया।

# बिहार से लाये जा रहे नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा जब्त

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुट्टूपालू टोल प्लाजा पर बसों में की गयी छापामारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने रामगढ़ पुलिस की मदद से भारी मात्रा में नकली खोवा, पनीर और मुरब्बा चुट्टूपाली टोल प्लाजा पर जांच के क्रम में जब्त किया। बिहार से रांची लाया जा रहा 750 किलो नकली खोवा, 150 किलो नकली पनीर और 400 किलो मुरब्बा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये बतायी गयी है। साथ ही नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा ला रहे तीन बसों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। बिहार से नकली खाद्य पदार्थ ला रहे तीन बस आरजू बस, भोजपुर क्लासिक बस और राखी ट्रेव्लस पर जुमार्ना भी लगाया गया है। दो बसों पर 15-15 हजार तथा एक बस पर पांच हजार का जुमार्ना लगाया गया है। बिहार से लाये जा रहे नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा समेत अन्य खाद्य पर्दाथों के रैकेट का पदार्फास हुआ है। दो दिन पूर्व ही हजारीबाग में भी चार टन से अधिक में नकली खाद्य पदार्थ जब्त किया गया था। रामगढ़ में जब्त किये गये नकली खोवा, पनीर व मुरब्बा को कोई मालिक सामने नहीं आया तथा इस संबंध में किसी व्यक्ति को पकड़ा नहीं गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग को जानकारी मिली थी कि बिहार से भारी मात्रा में नकली पनीर और खोवा बस के जरिए रांची लाया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग और रामगढ़ पुलिस की ओर से बीती रात बिहार से आने वाली बसों की जांच की गई। इस दौरान पाया गया कि बसों में नकली पनीर और खोवा भरकर अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने हकीकत जानने के लिए बसों मालिकों से संपर्क किया, जिस पर बस मालिकों ने कहा कि उन्हें खोया और पनीर के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

अभी तक कोई भी इन खाद्य सामग्रियों को अपना कहने वाला सामने नहीं आया है। पनीर के टुकड़ों पर आयोडिन डालते ही वह काला हो गया, जिससे साफ है कि यह पनीर नकली है। नकली पनीर में सिंथेटिक केमिकल और स्टार्च मिलाया जाता है, जो शरीर के लिए जहर के समान है। इसे बनाने में डिर्टजेंट पाउडर, सिंथेटिक दूध और वनस्पति घी का प्रयोग होता है।



बरामद पनीर और खोवा

## बीएलटीएफ परिवार कल्याण दिवस का आयोजन



मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की परिवार कल्याण दिवस एवं सास, बहु, पति सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रदीप बैठा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक एचडब्लूसी, पीएचसी में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन गांवों में किया जाना है एवं योग्य दंपतियों को पुरस्कृत किया जाना है। साथ ही टीकाकरण में प्रसव पूर्ण चार तरह की जांच पर चर्चा की गयी। बैठक में डॉ.राकेश कुमार सिंह, बीपीएम धर्मेंद्र राम, संगीता देवी, गंगाधर दास आदि लोग मौजूद थे।

### बस एसोसिएसन ने विधायक को सौंपा आवेदन

# अवैध वसूली पर अंकुश लगाने की मांग की

- विरोध करने पर बस स्टाफ के साथ गाली ग्लौज एवं मारपीट करने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी, कोडरमा बजार, महराणा प्रताप चौक, झुमरीतिलैया बस स्टैण्ड में रंगदारी पूर्वक चुंगी एवं प्रवासी मजदूर के नाम पर बस वाहनों से जबरन अवैध वसूली करने को लेकर बिहार, झारखण्ड, बंगाल, बस एसोसिएसन के सचिव ईशान प्रकाश व पंकज कुमार ने विधायक डॉ. नीरा यादव को आवेदन देकर अवैध वसूली पर अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एसोसिएसन बस से मेघातरी बस स्टैंड के अलावा कोडरमा बाजार एवं महाराणा प्रताप चौक पर चुंगी के नाम पर 200 रुपये प्रति बस जबरन लिया जा रहा है, जबकि प्रावधान के तहत मेघातरी एवं कोडरमा बस स्टैंड पर प्रति बस 100 रुपया लेने का प्रावधान है। यह प्रावधान वैसे बसों के लिए है, जो स्टैंड पर रूककर सवारी लेती व चढ़ाती हैं, मगर ये दोनों स्टैंड पर वैसे बसों से भी जबरन लाठी-डण्डे के बल पर ठीकेदार के गुर्गों के द्वारा बसों से नाजायज वसूली की जाती है, जो वहां रूकती भी नहीं, यह न्याय संगत नहीं है। इसके अलावे झुमरीतिलैया अंतर्गत एनएच 20 पर माहाराणा प्रताप के समीप बिना स्टैंड के संचालन के वहां कई बार जबरन वसूली किया जा रहा है। विरोध करने पर बस स्टाफ के साथ गाली गलौज एवं मारपीट भी किया जा रहा है। हमारे बसो में गरीब मजदूर सफर करते हैं, तो ये लोग प्रवासी मजदूर बोलकर अलग से 500 रुपया प्रति बस रंगदारी पूर्वक वसूला जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा पैसा नहीं देने पर गाड़ी जलाने एवं शीशा तोड़ने की धमकी भी दी जा रही है। जिससे स्टाफ में भारी भय व्याप्त है। वहीं उन्होंने कहा कि यदि इस आवेदन पर अविलंब कार्रवाई नहीं होती है तो हम सभी बस संचालक आन्दोलन करने पर बाध्य होंगे।

## खबर एक नजर में

### बकरीद पर्व पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी



चतरा/सिमरिया। बकरीद त्योहार को लेकर सिमरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद जबकि संचालन थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून ने किया। वहीं बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य देवनन्दन साहू, प्रमुख रोहन साहू मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से शांति पूर्वक बकरीद पर्व को मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जहां बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि शांतिपूर्ण बकरीद का पर्व प्रखंड क्षेत्र के लोग मनाएं। वहीं थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून ने बताया कि बकरीद के पर्व पर किसी प्रकार का गलत अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। मौके पर डाडी मुखिया अनिता देवी, नरेश साहू, सुनीता कुमारी, शकुंतला देवी, मो फारुक, परमेश्वर यादव, ऐनुल हक, नेमधारी महतो, बाली ठाकुर, बलदेव साहू,दिलेश्वर महतो, अख्तर हुसैन, उगन भुइयां, जागेश्वर महतो, शारदा देवी, गुड्डू आलम, रामचंद्र साहू, अंचल निरीक्षक, करम साहू, नेहाल वारसी, एएसआई दिलीप रजक के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

### गिद्धौर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



गिद्धौर। थाना परिसर में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गिद्धौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनंत सयम विश्वकर्मा और संचालन सोनी खलको ने किया। मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, प्रमुख अनीता यादव, बीडीओ राहुल देव, सुनील कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव थे। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने समाज में आपसी पहचान बनाए रखने की अपील की और विशेष रूप से अफवाहों से सावधान रहने को कहा। उन्होंने यह सुझाव दिया कि सभी व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन त्योहार के दौरान ग्रुप सेटिंग को ओनली एडमिन करके रखें ताकि कोई अप्रिय सूचना फैलाने से रोका जा सके। मौके पर मुखिया जगदीश यादव, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, पंचायत समिति प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास, अजीज मियां, प्रसादी पासवान, महादेव दांगी, रामाशीष यादव उपस्थित थे।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का पर्व मनायें : बीडीओ



मरकच्चो (कोडरमा)। थाना परिसर में सोमवार को सीओ परमेश्वर कुशवाहा की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक का संचालन थाना प्रभारी नन्द किशोर तिवारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ हुलास महतो एवं थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं बीडीओ हुलास महतो ने सभी लोगों को मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनाने की अपील की। वहीं सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर प्रशासन की नजर है। विवादित या आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी नन्द किशोर तिवारी ने कहा कि पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्त करेगी, असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाह फैलने वालों पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें। बैठक में एसआई विशाल कुमार, एएसआई इसराफिल, सुनील यादव, विजय कुमार यादव, बसंत साव, खलील मियां, सरफराज खान, दिवाकर तिवारी, अनेश्वर सिंह, तौकीर आलम लक्ष्मण पासवान, पवन सिंह, सकलदेव सिंह, विनोद साव, अजीत साव समेत थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# तकनीकी खराबी के कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से वाटर पार्क दो दिनों के लिए किया गया बंद

- पर्यटकों की सुरक्षा ही हमारी पहली प्राथमिकता : वाटर पार्क प्रबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता



डोमचांच (कोडरमा)। प्रखंड के गैठीबाद स्थित द ग्रैंड मस्ती वाटर पार्क शनिवार को उद्घाटन के बाद आम पब्लिक के लिए रविवार को खोला गया, लेकिन खुलते ही बच्चों की शरारत पार्क प्रबंधन के लिए भारी पड़ गई। पार्क प्रबंधन द्वारा बताया गया कि कुछ शरारती बच्चों द्वारा मशीनों के साथ छेड़-छाड़ की गई, जिससे तकनीकी खराबी आ गई। जिसके बाद हमलोगों को पार्क को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि मशीनों को पूरी तरह से जांच-पड़ताल किया जा रहा है और जो भी तकनिकी खराबी आयी है, उसे ठीक किया जा रहा है। इसलिए एहतियातन तत्काल प्रभाव से वाटर पार्क को बंद कर दिया गया है। प्रबंधन ने कहा है कि जैसे ही मशीनों की मरम्मत पूरी हो जाएगी और सभी मशीनरी तकनीकों की जांच कर ली जाएगी, तो उसके बाद पार्क को पुनः शुरू कर दिया जाएगा। प्रबंधन ने कहा हमें खेद है कि पार्क में आए पर्यटकों को थोड़ी असुविधा का सामना करना पड़ा। उन्होंने आगंतुकों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया जाएगा। आपकी सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यशाला का समापन



कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन हुआ। रिसोर्स पर्सन सुधांशु कुमार प्रभारी स्टूडेंट्स सर्विस सेल ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम ने प्रथम दिन स्वयं की समझ कार्यशाला के उद्देश्यों महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं द्वितीय दिन सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाने एवं बनाये रखना तथा जीवन में आत्मसात करने के लिए विविध पहलुओं से अवगत कराया एवं तृतीय दिन प्रशिक्षु शिफा नूरी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद रिसोर्स पर्सन सुधांशु कुमार ने योगा एंड मेडिटेशन के महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। वहीं रिसोर्स पर्सन सुधांशु कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक विचार और सकारात्मक दृष्टिकोण होना अति आवश्यक है। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को सकारात्मक दृष्टिकोण से जोड़ना तथा स्वयं की समझ से अवगत कराना एवं उनके अंतर्निहित विविध कौशलों को निखारना है। कार्यशाला में बीएड. सत्र 2023-25 के सभी प्रशिक्षु, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ.पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, वीरेंद्र यादव, डॉ.पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, डीएलएड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## कोडरमा के छात्रों की जेईई एडवांस में शानदार सफलता, 'संपूर्ण शिक्षा कवच' बना राह आसान

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है, जहां तीन सरकारी विद्यालयों के छात्रों आदित्य प्रकाश, एसएस प्लस टू हाई स्कूल बसोडीह राहुल राणा व दीपक मोदी दोनों आरएमएमएम प्लस टू हाई स्कूल चंदवारा ने जेईई एडवांस 2025 में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया 'संपूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका में रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की मुख्यधारा में लाना और उन्हें डिजिटल शिक्षा, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सतत समर्थन उपलब्ध कराना है।

वहीं फिलो संस्था के साथ मिलकर जिला शिक्षा विभाग ने छात्रों को गणित, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों में गहन तैयारी कराई। कार्यक्रम के तहत 24x7 शिक्षक सहायता, टेस्ट सीरीज और व्यक्तिगत फीडबैक जैसी सुविधाएं दी गईं, जिसके परिणामस्वरूप 10 छात्रों ने जेईई मेन और 3 छात्रों ने जेईई एडवांस में सफलता पाई। वहीं उपायुक्त ऋतुराज ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिखाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। संपूर्ण शिक्षा कवच अब एक मॉडल के रूप में उभर रहा है, जो राज्य के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत जमडीहा नदी रेलवे पुल के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल मजदूर की पहचान उदय मांझी मिर्जापुर निवासी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा-कोवाड़ रेलवे लाइन में मालगाड़ी की चपेट में आने से पैदल चल रहा एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने घायल को पटरी से किनारे किया। वहीं सूचना पाते ही नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल मजदूर को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

## कमलेश रजक राजद प्रखंड अध्यक्ष बनाये गये



गिद्धौर। प्रखंड के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल पार्टी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजू लाल वर्मा जबकि संचालन विनय ठाकुर ने किया। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव किया। जिसमें कमलेश वर्मा को आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष मनोनयन पर दर्जनों लोगों ने बधाई दी है। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, राम आशीष यादव, यदुनंदन यादव, बसंत डांगी, जुबेर खान, विजय भारती एवं राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरकारी कर्मचारी संघ गिद्धौर की बैठक आयोजित



गिद्धौर। प्रखंड के लोटार डैम स्थित भास्कर स्वालंबन क्लब परिसर में सरकारी कर्मचारी संघ की बैठक हुई।बैठक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार दांगी की अध्यक्षता में हुई। सरकारी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बारी बारी से संगठन की मजबूती पर चर्चा की। साथ ही वार्षिक सदस्यता राशि की अंतिम तिथि का विस्तार कर 10 जून तक किए जाने का निर्णय लिया। सदस्यता राशि नहीं जमा करने वाले सदस्यों को संघ से हटाया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शक समिति का गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। मालूम हो कि शिक्षा एवं समाजिक विकास जैसे उद्देश्यों को लेकर वर्ष 2022 में सरकारी कर्मचारियों ने सरकारी कर्मचारी संघ गिद्धौर का निर्माण किया था। वर्तमान में इस संगठन में करीब 65 सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। बैठक में हजारीबाग श्रम अधीक्षक सह गिद्धौर सरकारी संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार रंजन, शिक्षक महेंद्र प्रसाद दांगी, कोषाध्यक्ष युगेश्वर दांगी, वरिष्ठ सदस्य रविन्द्र कुमार, अर्जुन राम दांगी, प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सुमन कुमार, आदर्श कुमार, पवन कुमार, अरविंद कुमार दांगी समेत अन्य मौजूद थे।

## मासिक धर्म स्वच्छता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत जरगा पंचायत के बिशनपुर गांव में समर्पण की ओर से मासिक धर्म स्वच्छता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव की किशोरियों और महिलाओं को न सिर्फ स्वास्थ्य और स्वच्छता की जानकारी दी गयी, बल्कि सामाजिक बंधनों से बाहर निकलने की राह भी दिखायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षिका मेरियन सोरेन ने मासिक धर्म के दौरान अपनायी जाने वाली स्वच्छता प्रबंधन की विधियां, सैनिटरी नैपकिन का सही उपयोग, निस्तारण प्रक्रिया और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं उन्होंने कहा कि मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसे समझना और सही तरीके से अपनाना जरूरी है। वहीं निलेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर सुरक्षित मासिक धर्म प्रबंधन किया जा सकता है। वहीं बाल मंच की सदस्य शारदा कुमारी ने कहा कि इस विषय पर पहले हम चुप रहते थे, लेकिन अब हम खुलकर बात करेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका चंचल देवी, चम्पा कुमारी, पिंकी देवी, बाल मंच की खुशबु कुमारी, प्रीति कुमारी, नेनशी कुमारी समेत कई महिलाएं व किशोरियां मौजूद थे।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। झारखंड एकेडमिक परिषद द्वारा जारी 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। कलेज का विज्ञान और वाणिज्य संकाय वर्षों से उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है और इस बार भी विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन और लगन से कॉलेज की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। वहीं विज्ञान संकाय में कुल 728 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें से 572 ने प्रथम श्रेणी और 94 ने द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त की, कुल मिलाकर सफलता दर 91.48 प्रतिशत रहा। वहीं छात्र पप्पू यादव ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा काजल कुमारी ने 448, सुभांगी वर्मा ने 440, संदीप कुमार ने 436, अभिषेक कुमार कसेरा ने 434, रोशन कुमार ने 432, रिमझिम कुमारी ने 431, नुसरत खातून ने 430, सूरज कुमार यादव ने 429 व काजल कुमारी ने 428 अंक हासिल किया है। वहीं वाणिज्य संकाय में शत-प्रतिशत परिणाम रहा, सभी 86 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। वहीं 75 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है, जबकि 11 ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की, कॉलेज के मेधावी छात्र अनमोल केशरी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पलक कुमारी 456, ऋषि कुमार 453, पलक कुमारी 452, श्रेया कुमारी 449, दिव्यम कुमार 447, माही सिंह 437, सौम्या केशरी 436, रौनक कुमार 431 व विक्की कुमार 423 अंक प्राप्त किये हैं। इस सफलत पर प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र बहादुर, प्रो. कमलेश कुमार कमल, प्रो. उमेश सिंह, प्रो. आरक़े. गुप्ता, प्रो. विपिन चंद्र यादव, प्रो. प्यारे लाल यादव, प्रो. नीता कुमारी, प्रो. नित्यानंद पांडेय, प्रो. समसुद्दीन, प्रो. दिनेश यादव, प्रो. चंदन कुमार, प्रो. सविता कुमारी, प्रो. अभिषेक रंजन, प्रो. प्रीति कुमारी, प्रो. मो. मोजिब फैज, प्रो. उषा कमल, प्रो. अंजना सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। वहीं प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में 11वीं कक्षा में नामांकन प्रारंभ हो चुका है।

## कादोडीह पंचायत भवन में चोरी

मरकच्चो। थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत सचिवालय कादोडीह का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने कंप्यूटर सेट का सीपीयू, प्रज्ञा केंद्र कमरे के टेबल पर रखा इप्सन कंपनी का प्रिंटर, सैमसंग कंपनी का मॉनिटर आदि की चोरी कर ली गई। वहीं मामले को लेकर पंचायत सचिव करण कुमार साव ने सोमवार को थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है एवं पुलिस से छानबीन कर समान बरामदगी की मांग की है।

## हंटरगंज में 15 अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त, दो गिरफ्तार



हंटरगंज/चतरा। हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार सीमावर्ती जबड़ा गांव में सोमवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ हंटरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओं की कमर तोड़ दी है। चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर छापेमारी करते हुए यह कार्रवाई की गई। इस दौरान 125 लीटर महुआ शराब और एक चोरी की बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। वहीं 15 शराब भट्ठी को जेसीबी लगाकर ध्वस्त करते हुए 1500 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया, साथ ही दो तस्कर सूर्यदेव यादव एवं ननकू यादव जबड़ा निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## सिमरिया पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी किया ध्वस्त, दो गिरफ्तार



सिमरिया। सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुट्टी गांव में सोमवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ सिमरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर छापेमारी करते हुए यह करवाई की गई। इस दौरान लगभग 40 लीटर महुआ शराब को नष्ट किया है और लगभग 200 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिमरिया थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून के नेतृत्व टीम ने त्वरित कार्रवाई की गई।

## मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक सम्पन्न



मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड में बीडीओ हुलास महतो की अध्यक्षता में सोमवार को मध्याह्न भोजन अंतर्गत स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बीडीओ ने शिक्षा विभाग के सभी कर्मियों को निदेश दिया कि मध्याह्न भोजन बनाने के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विद्यालयों में अतिथि भोजन का आयोजन सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच का कैंप आयोजन करने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी विद्यालयों में चखना पंजी एवं रोकड़ पंजी का संधारण करने को कहा गया। बैठक में बीईईओ जगरनाथ प्रसाद, बीपीओ प्रभुदेव यादव, बीपीएम आनंद शेखर, संतोष कुमार, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

सतगावां (कोडरमा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आदेशानुसार राष्ट्रव्यापी संविधान बचाओ रैली के तैयारी को लेकर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के सम्मुख प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह की अध्यक्षता बैठक की गई। वहीं प्रखंड पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू, प्रखंड प्रभारी सोनव्वर वारसी, प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत ओझा की उपस्थिति में बैठक संपन्न किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रभारी सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि प्रदेश से लेकर सभी प्रखंडों में यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है, जिसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आवाहन पर भारत के संविधान की रक्षा के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर आगामी 5 जून को जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली झुमरीतिलैया शिव वाटिका में आयोजित की गयी है, जिसके तहत बाबा साहब का अपमान एवं संविधान से छेड़छाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में संविधान बचाओ रैली के प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद प्रदीप बलमुचू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक अनूप सिंह, जिला नोडल पदाधिकारी राजीव रंजन प्रसाद सहित झारखंड कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। वहीं सतगावां से बसों द्वारा कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में उपस्थित रहेंगे। 5 जून को जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली में सतगावां प्रखंड से अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने को लेकर आग्रह किया गया है। मौके पर सोनव्वर वारसी, नवनीत ओझा, विजय प्रसाद सिंह, सच्चिदानंद सिंह, जागेश्वर यादव, सुनील राम, राम अवतार राम, सलाउद्दीन मोहम्मद, सिराजुद्दीन, अजय कुमार, तारिणी सिंह, महेंद्र अग्रवाल, अर्जुन सिंह, बलदेव प्रसाद यादव, गणेश दत्त यादव, मो. शाकिर खान, इम्तियाज आलम सहित सतगावां प्रखंड के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वन विभाग ने किया लकड़ी का बोटा जब्त



डोमचांच (कोडरमा)। वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को लगभग 3.30 बजे प्रभारी वनपाल अनिल कुमार साव एवं वनरक्षी इसलाम अंसारी द्वारा डोमचांच गिरीडीह पथ पर गश्ती के दौरान एक पिकअप वाहन डब्लूबी51ए-3320 से सेमर का बोटा कुल 7 पीस अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाचगांवा मोड़ के पास पकड़ा गया। मौके पर लकड़ी एवं गाड़ी का कोई भी वैध कागजात नहीं पाया गया। वहीं गश्ती दल को देखते ही ड्राईवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। मामले को लेकर जांचोपरान्त उचित कानुनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं लकड़ी का मूल्य लगभग पचहत्तर हजार रुपये बताया जा रहा है।

# कौलेश्वरी मंदिर पहुंचे श्रद्धालु का आरोप, पुजारी को 500 रुपये नहीं मिला तो श्रद्धालू को निकाला बाहर

- एसडीओ और सीओ से की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



हंटरगंज/चतरा। हंटरगंज प्रखण्ड के विश्व प्रसिद्ध मां कौलेश्वरी मंदिर की दर्शन व्यवस्था को लेकर एक श्रृद्धालु ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंदिर के पुजारी पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। श्रद्धालु ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करने की सीओ और एसडीओ से मांग की है। इसमें श्रद्धालु ने आरोप लगाया कि मंदिर में धर्म के नाम पर व्यापार हो रहा है। इससे आम श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है।

मंदिर में आए श्रद्धालु हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के तरवागड़ा निवासी जद्दू यादव का कहना है कि मैं सोमवार सुबह आठ बजे सपरिवार माता कौलेश्वरी के दर्शन और पूजा अर्चना को लेकर मन्दिर गया हुआ था। जब हम सपरिवार मंदिर में प्रसाद लेकर प्रवेश किये तो एक पुजारी के द्वारा चारों नारियल के संकल्प के नाम पर 500 रुपए की मांग की गई। जब मेरी पूरी फैमली ने इसका विरोध किया तो मुझे पुजारी के द्वारा बाहर निकलने के लिए बोला गया। जिससे मैं पूरा डर सहम गया और किसी तरह पूजा करके वहां से निकला और इसकी शिकायत कौलेश्वरी प्रबंधन समिति सचिव सह हंटरगंज सीओ अरुण कुमार मुंडा से की है। वही इसकी शिकायत मेरे द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी चतरा से भी शिकायत की गई। हालांकि यह पहला मामला नहीं है जब किसी श्रद्धालु के साथ इस प्रकार की अभद्रता की गई हो। अब देखना होगा कि इसपर मंदिर प्रशासन क्या करता है।

हालांकि इस मामले को लेकर प्रधान पुजारी से संपर्क साधना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो पाया है।

**क्या कहते हैं सीओ?**

इधर सीओ अरूण कुमार मुंडा ने बताया कि जांच का विषय है जांच की जायेगी। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

**क्या कहते हैं एसडीओ?**

एसडीओ जूहुर आलम ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। हालांकि श्रद्धालु के पास कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा ने डीसी और एसपी गुमला का किया स्वागत




गुमला। भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला जिला के नये डीसी प्रेरणा दीक्षित और नये एसपी हारिस बिन जमा से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में भाजपा के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनायें दी। मौके पर जिले का सौंदर्यकरण, विकास, ट्रैफिक जाम की समस्या,अपराध नियंत्रण, युवाओं में नशापान के बढ़ते प्रचलन की रोकथाम सहित विभिन्न पहलुओं पर दोनों पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष सविन्द्र सिंह, पूर्व प्रदेश मंत्री भूपन साहू, महामंत्री यशवंत सिंह, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, रविन्द्र सिन्हा, बिनोद कुमार शामिल थे।

### गुमला चेंबर का प्रतिनिधि मंडल ने नवनियुक्त डीसी का किया स्वागत

गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला के नवनियुक्त डीसी प्रेरणा दीक्षित से उनके कार्यालय में मुलाकात किया और उन्हें पुष्प गुच्छ देकर गुमला में स्वागत किया। सर्वप्रथम सचिव बबलू वर्मा ने उपस्थित चेंबर के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय कराया। उसके बाद अध्यक्ष राजेश सिंह ने चेंबर ऑफ कॉमर्स व जिला प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर व्यापारियों और आमजन के हित में काम करती है उससे अवगत कराया। मुख्य रूप से अध्यक्ष ने करमडीपा सिसई रोड से लेकर चांडाली तक पहुंचने वाली सड़क की चौड़ीकरण की मांग की। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, अनिकेत कुमार व दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### खोये हुए मोबाइल को बरामद कर गुमला थाना प्रभारी ने 3 लोगों को सौंपा



गुमला। थाना प्रभारी गुमला महेंद्र करमाली ने सोमवार को तीन लोगों का खोया मोबाइल बरामद कर उन्हें सौंप दिया है। शहर के कुम्हार मोड से पिंटू शर्मा का मोबाइल 26 नवंबर 2024 को घर के पास काम करने जाने के क्रम में गिरकर कहीं खो गया था। वहीं कुम्हरिया निवासी दिनेश इन्दवार का मोबाइल सूअर गुड़ा चौक के पास बाइक चलाने के क्रम में 26 अप्रैल 2025 को गिर गया था। जबकि लक्ष्मण नगर निवासी लकी सिंह का मोबाइल बीते रविवार को लिप्टस बगीचा के मैदान में क्रिकेट खेलने के क्रम में कहीं गिरकर खो गया था। मामले को लेकर सभी ने गुमला थाना में सन्हा दर्ज कराया था। इसके बाद एएसआई सुनील कुमार के द्वारा अनुसंधान के क्रम में तीनों का मोबाइल बरामद किया गया। सोमवार को सभी लोगों को थाना में बुलाकर थाना प्रभारी ने कागजी कार्रवाई के बाद मोबाईल उन्हें सौंप दिया।

### अपराध तभी कम होगा जब पुलिस और पब्लिक साथ मिलकर काम करेंगे : इंस्पेक्टर



बसिया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टेंगरा पालकोट का छात्र आर्यन कुमार को मैट्रिक जैक बोर्ड की परीक्षा में 93.2% अंक लाकर जिला में नवां स्थान प्राप्त किया है। सोमवार को थाना परिसर में एक समारोह का आयोजन कर बसिया थाना की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने आर्यन कुमार को सम्मानित करते हुए कहा कि पुलिस पब्लिक की दूरी को समाप्त करने का यह प्रयास है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध तभी कम होगा जब पुलिस और पब्लिक एक साथ मिलकर काम करेंगे। थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने कहा कि आज के युवा कुछ गलत विचारो के युवाओं के साथ संबंध बनाकर भटक रहे हैं। जिस कारण उनका भविष्य खराब हो रहा है। पालकोट थाना प्रभारी राहुल दसौंधी ने कहा कि आज के युवा देश के भविष्य है। इस लिए युवा पीढ़ी अपने भविष्य को बनाने में ध्यान दें। गलत संगति में न पड़े।

### घाघरा में नाबालिग के साथ दुष्कर्म

घाघरा। थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिक के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता अपने परिजन के साथ घाघरा थाना में बीते रविवार को आकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस आरोपी को पकड़कर सोमवार को घाघरा थाना ले आया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता 2 मई को प्रखंड के एक गांव में शादी समारोह में गई थी। वहां चुंदरी कटिया टोली निवासी पवन उरांव से संपर्क हुआ। जिसके बाद पवन उसे जबरन उठाकर घाघरा प्रखंड मुख्यात्य में एक पुराने घर में लाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद 3 मई को आधा रास्ता ले जाकर छोड़ दिया। साथ ही नाबालिक को धमकी भी दिया कि यदि वह किसी को बताती है तो उसे वह जान से मार देगा। जिसके डर से पीडिता घर में किसी को नहीं बता रही थी अंत में वह अपने परिजन को बताई जिसके बाद बीते रविवार को परिजन पीड़िता को थाना लेकर आए और थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा आवेदन प्राप्त हुआ है सूचना मिलते ही आरोपी को पकड़कर थाना लाया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मीटर रीडिंग नहीं होने पर विद्युत कार्यपालक अभियंता से की शिकायत

गुमला। एफजेसीसीआई के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपकर बिजली मीटर रीडिंग चार माह से नहीं होने की शिकायत की। श्री कुमार ने कहा कि नया प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के घर में चार से पांच माह पूर्व लगाया गया था और उनके पुराने मीटर को ले लिया गया था। जिसके बाद मीटर रीडिंग का कार्य होना था लेकिन चार से पांच माह गुजर जाने के बाद भी मीटर रीडिंग नहीं किया गया। मीटर रीडिंग नहीं होने के कारण आम उपभोक्ता इसके लाभ से वंचित हो रहे हैं।

## विज्ञान-वाणिज्य की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन छात्र-छात्राओं को डीसी ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित विज्ञान और वाणिज्य की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन छात्र-छात्राओं को डीसी डॉ ताराचंद द्वारा शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीसी ने सभी छात्र-छात्राओं से उनके कॅरियर से चुनाव संबंधी जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आपके पास कॅरियर के सभी अवसर खुले हैं। आप उनमें से बेहतर का चुनाव करें। डीसी लोहरदगा ने विज्ञान के विद्यार्थियों को तकनीकी आधारित विषयों की ओर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि देश को उच्च कोटि के डॉक्टर और इंजीनियर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि आज देश को डॉ त्रेहान और एपीजे अब्दुल कलाम की आवश्यकता है। आप सभी अपने जड़ों से जुड़े रहें और अपने माता-पिता का सम्मान करें।

जिस कॅरियर का चुनाव करें उसमें अपना उत्कृष्ट प्रयास दें। डीसी ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के कॅरियर काउंसिलिंग कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार, सभी सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं व उनके माता-पिता उपस्थित थे।

**टॉपर्स की सूची**

- विज्ञान संकाय-रोशनी भगत, 93.6%
- +2 नन्दलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा, श्रुति कुमारी, 91%
- एमएलए इंटर कॉलेज और पंकज कुमार गुप्ता, 87%
- ईआईएमए इंटर कॉलेज लोहरदगा शामिल है। वही
- वाणिज्य संकाय में करुणानिधि राम, 89.6%
- +2 चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा, आंचल कुमारी, 88.60%
- सेन्हा और जारा महविश, 86.7%
- ईआईएमए कॉलेज, मनहो शामिल है

## डुमरी : देश सेवा कर सेवानिवृति होकर लौटे बीएसएफ जवान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड क्षेत्र के बेलटोली गांव निवासी शंकरराम भगत बीएसएफ जवान सेवानिवृत होकर घर लौटे तो ग्रामीणों ने उनका फूल माला, नाच गान कर धूमधाम के साथ स्वागत किया। इस संबंध में बुजुर्ग जगरनाथ भगत ने बताया कि सेवानिवृत शंकर राम भगत लंबे समय से देश सेवा करके सकुशल सेवानिवृत होकर घर लौटे। इसी खुशी में पूरा गांव के ग्रामीणों द्वारा मिलकर आदिवासी रीति रिवाज, ढोल नगाड़े गाजा बजा के साथ मिलकर उनका स्वागत किया। सेवानिवृत हुए शंकर ने बताया कि वे 39 साल 3 माह 27 दिन तक नौकरी किया। इस दौरान छत्तीसगढ़, बंगाल, जम्मू कश्मीर, उड़ीसा, फिर दुबारा बंगाल, जम्मू कश्मीर में ड्यूटी की। हमेशा घर परिवार की याद आती थी मगर दिल में देश सेवा का जज्बा भरा हुआ था। इसलिए मन से देश सेवा में हमेशा अपना सेवा देते रहे। देश सेवा कर अपने आप में गौरव महसूस कर रहा हूं। सेवानिवृत होकर गांव घर आने पर बहुत अच्छा लगा। ऐसा सोचे भी नहीं था कि गांव वाले देश सेवा कर घर लौटने पर मेरा इतना जोरदार से स्वागत करेंगे। ये सब देखकर मैं गदगद हो गया। मौके पर प्रभा देवी, इतवारी देवी, अकलू भगत, कुंजलाल, विजय, सूरज उरांव, दुखनी सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### लोहरदगा डीसी ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

## लाइबरेरी के छात्र-छात्राओं के लिए पहचान पत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** डीसी डॉ कुमार ताराचंद द्वारा सोमवार को जिले के कई विभागों का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें राजस्व विभाग, पीएमयू, एनआईसी, झारनेट वीसी रूम, जिला निर्वाचन कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधीक्षक का कार्यालय, जिला समाज कल्याण कार्यालय, समाहरणालय परिसर इत्यादि का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के उपरांत कार्यालय परिसर में फैले कूड़े-कचड़े का प्रबंधन करने के साथ-साथ परिसर में वाहन पार्किंग के प्रबंध करने का निर्देश दिया गया। समाहरणालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने का भी निर्देश दिया गया। समाहरणालय प्रांगण में एक दूसरे भवन को जोड़ने वाले पथों की मरम्मती का निर्देश दिया। मौके पर डीसी डॉ ताराचंद ने विज्ञान भवन स्थित अध्ययन केंद्र और पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीसी ने कक्षा संचालन, वहां उपस्थित पुस्तकें, लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए बेंच-डेस्क की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, टॉयलेट की साफ-सफाई आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया। लाब्रेरियन को सभी छात्र-छात्राओं के लिए पहचान पत्र की व्यवस्था सुनिश्चत करने का निर्देश दिया गया। कैंपस में सीसीटीवी भी लगवाने का निर्देश दिया गया। अर्बन-फार्मिंग के तहत उद्यान विभाग से परिसर में पौधे लगवाने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज व अन्य मौजूद थे।

## चैनपुर के घोरहट्टी में नल जल योजना फेल

### गांव के ग्रामीण कुंए का दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, गांव के 6 में से 5 जल मीनार बेकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**





सर पर पानी ढोकर दूर से अपने घर ले जाती महिलाएं

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत जनवाल पंचायत के घोरहट्टी गांव में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है। आलम यह है कि गांव के लगभग 350 लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और कुंए का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। गांव में नल जल योजना के तहत छह जल मीनार स्थापित की है। लेकिन उनमें से पांच पूरी तरह से खराब पड़ी हैं। घोरहट्टी गांव में पानी लाने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिलाओं के कंधों पर है। उन्हें प्रतिदिन गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर पगडंडीनुमा रास्ते से सिर पर ढोकर कुएं से पानी लाना पड़ता है। विडंबना यह है कि यह कुएं का पानी भी दूषित है। जिससे आधी से ज्यादा आबादी को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि एक जल मीनार कुछ हद तक चालू है। लेकिन उससे मिलने वाला पानी पूरे गांव की जरूरत पूरी करने के लिए नाकाफी है। ग्रामीणों के अनुसार घोरहट्टी गांव में स्थापित सभी जल मीनारें पुराने हैंडपंपों को हटाकर उन्हीं बोरिंग में लगाई गई हैं। कहीं भी नया बोरिंग नहीं किया गया है। इस संबंध में जब जनावल पंचायत की मुखिया प्रियंका असुर से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि बोरिंग करके उसमें जल मीनार लगानी थी। लेकिन ठेकेदार और विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से पुराने ही बोरिंग में जल मीनारें लगा दी गई। मुखिया ने नल जल योजना में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का भी आरोप लगाया है।

**डीसी के निर्देश के बावजूद बदहाली जारी**

वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए गुमला के पूर्व डीसी कर्ण सत्यार्थी ने जिले के सभी प्रखंडों में खराब हुई जल मीनारों को ठीक करने का निर्देश दिया है। इसके बावजूद घोरहट्टी गांव में स्थिति जस की तस बनी हुई है और ग्रामीण आज भी कुंए का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता के प्रति जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

### गुमला : डीसी व एसपी का सांसद प्रतिनिधि ने किया स्वागत



**गुमला।** सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा सोमवार को नव पदस्थापित डीसी प्रेरणा दीक्षित व एसपी गुमला हारिस बिन जमा से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान जिले के दोनों वरीय अधिकारियों को गुलदस्ता प्रदान कर तिग्गा ने स्वागत किया। वहीं मुलाकात के दौरान जिले के जन समस्याओं पर उपायुक्त से चर्चा करते हुए उसके समाधान की अपील की। साथ ही पुलिस अधीक्षक गुमला से जिले में बढ़ते नशीले पदार्थ की बिक्री पर रोकथाम की मांग की।

## तिलसिरी गांव में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान

### एक किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के तिलसीरी गांव में पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। लोग एक किलोमीटर दूर कुआं का पानी लाकर पीने को विवश हैं। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में एक सोलर पानी टंकी 15 वें वित्त योजना से लगी हुई है। जिससे लोगों की पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो पाती है। जबकि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से एक सोलर पानी टंकी का स्ट्रक्चर विगत पांच महीने पूर्व खड़ा किया गया है। लेकिन अब तक पानी की सप्लाई उससे नहीं की जा रही है। गांव के 50 घरों के लोग करीब एक किलोमीटर दूर कुआं से पानी लाते हैं। जिससे उनकी दिनचर्या चल रही है। इस बाबत जनप्रतिनिधि और ठेकेदार को भी मौखिक रूप से कई बार कहा गया लेकिन कोई भी पहल नहीं किया गया। प्रातः उठकर बच्चे, बूढ़े, पुरुष और महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ता है। पानी की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। वही ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से उक्त समस्या को दूर करने का आग्रह किया है। इस बाबत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता शोएब अख्तर से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सोलर पानी टंकी जो अधूरा है। उसे संबंधित ठेकेदार को कहकर जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।

### मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम का होगा आयोजन



लोहरदगा। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर ट्रस्ट बरवाटोली के तृतीय वर्षगाँठ समारोह 04 व 05 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां मंदिर कमेटी के द्वारा पूरी कर लिया गया है। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 04 जून 2025 (बुधवार) को पूजन, भव्य शोभायात्रा एवं महाआरती के पश्चात 12 घंटे का अखण्ड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है। भव्य शोभा यात्रा दोपहर 3:00 बजे से शुरू होगी जो पूरे नगर का भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुचेगी। वही 05 जून 2025 (गुरुवार) पूजन एवं भव्य भण्डारा दोपहर 2:00 बजे से अनवरत जारी रहेगी। रात्रि 7 बजे से 12 घंटे का अखण्ड हरी कीर्तन होगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर कमेटी के सदस्य, धार्मिक संगठनों के लोग लगे हुए हैं। मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक डॉ गणेश प्रसाद ने बताया कि पूर्व के समय में बरवाटोली की पहचान अच्छा नहीं माना जाता था लेकिन अब परिस्थिति बदल गई है। अब बरवाटोली की पहचान धार्मिक अनुष्ठान व संस्कृति को बढ़ावा देने की है। लोगो मे शांति और सौहार्द का संदेश बरवाटोली देता है। वही अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने बताया कि मंदिर का तृतीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमे लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ होने का अनुमान है। सभी के लिए जलपान का आयोजन किया गया है। वही कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष चंदन गोयल, निखिल गर्ग, कुशल मित्तल, दुर्गा प्रजापति, मृत्युंजय मधुप, गुड्डू तमेड़ा, भोला साहू, उज्वल आनन्द, गौरव व अन्य मौजूद थे।

### झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत के प्रतिनिधिमंडल मिला डीसी से

लोहरदगा। झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत, जिला शाखा लोहरदगा की ओर से जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने लोहरदगा के नव पदस्थापित उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने चौकीदार पंचायत के प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण बातचीत की और कहा कि चौकीदारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा और समाधान हेतु हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर चौकीदार सीधे उनसे मिल सकते हैं और अपनी बात रख सकते हैं। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी के साथ-साथ निजावत अंसारी (संयुक्त सचिव, झारखंड प्रदेश चौकीदार पंचायत), सेन्हा थाना प्रखंड सचिव सुजीत उरांव, पंकज उरांव, बरसा उरांव, कुडू थाना प्रखंड सचिव राजू कुमार राम, जिला सचिव मिथिलेश यादव समेत अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से चौकीदारों की विभिन्न समस्याओं, जैसे मानदेय, वर्दी, कार्य की परिस्थितियां आदि विषयों पर चर्चा की और त्वरित समाधान की मांग रखी। जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने बताया कि उपायुक्त का रुख बहुत सकारात्मक और सहयोगपूर्ण रहा, जिससे चौकीदार पंचायत को भविष्य में काफी उम्मीदें हैं।

## घाघरा बीडीओ ने सुनी लोगों की समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** बीडीओ घाघरा के द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया।

इस क्रम में ग्रामीणों के 36 शिकायत संबंधित आवेदन प्राप्त हुई। जिसमें 14 आवेदनों पर ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। इस दौरान आवास योजना से संबंधित पांच मामले, नए राशन कार्ड से संबंधित तीन मामले, वृद्धा पेंशन से संबंधित पांच, मंईयां सम्मान योजना से संबंधित 22 पारिवारिक हित लाभ से संबंधित एक मामले शामिल थे। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बात की और समस्याओं के समाधान हेतु दिशा निर्देश संबंधित विभाग के कर्मियों को दिया। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। वही बीडीओ ने कहा कि डीसी गुमला के निर्देश के आलोक में जन समस्याओं के तत्वार्थ समाधान एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उक्त साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। ताकि उसका निष्पादन किया जा सके। मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला उद्योग केंद्र ने लगाया कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सोमवार को सभागार, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा में आरएएमपी योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में व्यापारिक संगठनों, उद्यमियों और विभिन्न संस्थानों को आमंत्रित किया गया ताकि अधिक से अधिक उद्यमीयों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें पंजीकृत किया जा सके।

जिसमे कुल 60 से अधिक उद्यमीयों ने हिस्सा लिया। ऑन द स्पॉट 9 उद्यम रजिस्ट्रेशन किए गए एवं कुल 30 उद्यमीयों के संबंधित कागजात भी जमा किए गए जिनका बाद में कार्यालय स्तर से निबंधन किया जाएगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, रघुबर सिंह, सहायक निदेशक एमएसएमई ज्योतसना गुड़िया, अग्रणी जिला प्रबंधक लोहरदगा नितिन किशोर, चैम्बर ऑफ कॉमर्स लोहरदगा रितेश कुमार, अजित कुमार विद्यार्थी, जिला समन्वयक, सूरज कुमार, उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक होगा गंगा दशहरा पर महाआरती का कार्यक्रम : सचिन

### गंगा दशहरा के अवसर पर भव्य गंगा आरती की तैयारी पूर्ण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में 5 जून को गंगा दशहरा कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण एवं भव्य होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर कई महिला समूह जुटे हुए हैं इस कार्यक्रम को लेकर शिव मंदिर बड़ा तालाब प्रांगण में संध्या 7:00 बजे महाआरती का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों की बच्चियों के द्वारा महा गंगा आरती का अभ्यास कराया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी नगर के सक्रिय सदस्य विजय खत्री के द्वारा बच्चों को मां गंगा दशहरा के बारे में बतलाया गया की गंगा दशहरा हिंदू धर्म में मनाए जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जो हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है और इसी दिन मां गंगा के धरती पर अवतरण हुआ था। इस दौरान अनिल गुप्ता ने कहा की इस बार बनारस के तर्ज पर ऐतिहासिक गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी सनातनी बंधु से आग्रह होगा कि शिव मंदिर बड़ा तालाब प्रांगण में गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर महाआरती कार्यक्रम में आए और कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर अशोक कांस्यकर ने कहा की जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने स्नेह और सहयोग का आश्वासन दिया है और शिव मंदिर परिसर को इस भव्य आयोजन के लिए दीप, पुष्प और सजावट से सुंदर रूप दिया जाएगा।ताकि भजन-कीर्तन और आरती का वातावरण भक्तिमय और दिव्य बन सके। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह शहर की सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त करने का माध्यम बनेगा।

इस दौरान गंगा दशहरा के इस पावन दिन पर गंगा माता की आराधना से जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा की इस आयोजन के जरिए श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ने और धार्मिकता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष गंगा दशहरा पर यह महाआरती पहली बार कन्याओं के माध्यम से आयोजित की जा रही है, जो एक नई धार्मिक परंपरा को जन्म देगा।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और गंगा माता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें।

## ऑटो चालकों और ग्राहकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति किया गया जागरुक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ऑटो चालकों को जानकारी देती सड़क सुरक्षा की टीम ।

**गुमला।** इंश्योरेंस के रिजेक्शन परसेंटेज के बढ़ने के उपलक्ष में सोमवार को सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन और आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को लेकर मोटरयान निरीक्षक के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें टेम्पो चालको व ग्राहकों नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयासेजन बजाज ऑटो एवं रिषभ ऑटो सेंटर में हुआ। इस उपलक्ष्य में उन्हें वाहन से संबंधित जानकारी जैसे लाइसेंस , फिटनेस , टैक्स और परमिट से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए परमिट के लिए आवेदन भरने का भी कार्य किया गया। उन्हें बताया गया की 3 जून 2025 को इस हेतु स्पेशल परमिट का कैम्प भी आयोजित किया जाएगा। जिसका स्थान पालकोट रोड स्थित महिंद्रा ट्रैक्टर के सामने निर्धारित है। जिन ऑटो ग्राहकों को अपने वाहन का परमिट बनवाना है उक्त दिवस को चयनित स्थान पर पहुंच कर आवेदन समर्पित करेंगे । ज्ञात हो कि परमिट आवेदन के लिए मुख्य रूप से सारे आवेदन ऑनलाइन ही किए जाते हैं । लोगों की सुविधा के लिए सचिव परिवहन प्राधिकार गुमला में पालकोट रोड स्थित महिंद्रा ट्रैक्टर के सामने कैम्प लगाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मोटर यान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की, सड़क सुरक्षा के प्रबंधक प्रभास कुमार, प्रणय कांशी उपस्थित थे।

## महुआडांड: बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय फरठिया के बैनर तले सोहरपाठ में सर्वधर्म सर्वजातीय विवाह

# नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर 11 जोड़ों की कराई विवाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड।** बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय फरठिया गढ़वा के बैनर तले सोमवार को महुआडांड प्रखंड स्थित सोहरपाठ में परम पूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम सर्वधर्म सर्वजातीय निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कर 11 जोड़ों की शादी कराई गई। परमपूज्य औघड़ प्रियदर्शी राम जी के सानिध्य व प्रेरणा परमार्थ आश्रम के संस्थापक श्रद्धेय भैया जी की प्रेरणा से आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में 11 अभावग्रस्त बेटियों की शादी कराई गई। समारोह का शुभारंभ सुबह 7:00 बजे भगवान अवधूत राम की पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद 11 वर-वधु जोड़े अपने परिजनों के साथ विवाह स्थल पर पहुंचे। डीजे की धुन पर बारातियों ने पारंपरिक उत्सव मनाते हुए द्वारपूजा की रस्म निभाई। फिर श्रृंगार कक्ष में वधुओं को पारंपरिक वेशभूषा में सजाया गया और निर्धारित स्थानों पर ले जाकर वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत संस्कारों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। विवाह में फल


11 जोड़ों की कराई गई विवाह।

हस्त, पाणिग्रहण, सप्त वचन और सिंदूरदान समेत सभी वैवाहिक रीतियों को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरी श्रद्धा से निभाया गया। नवविवाहित 11 जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरूआत के लिए करीब 1 लाख की उपयोगी उपहार सामग्री भेंट स्वरूप दी गई। इनमें पलंग, गद्दा, बर्तन सेट (115 आइटम्स), साइकिल, पंखा, कपड़े, जूते, घड़ियाँ, ट्रंक, वैनिटी बॉक्स, टेबल-कुर्सी, साड़ी, शर्ट-पैंट इत्यादि शामिल हैं। विदाई के समय सभी जोड़ों को लड्डू और गाजा भी भेंट स्वरूप दिया गया। इस पुनीत आयोजन में रंजीत सिंह, रंधीर सिंह, धीरज कुमार सिंह, कृपा शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, मिस्टर सिंह, अजीत दीक्षित, पप्पू सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, रामप्रवेश सिंह समेत प्रेरणा परमार्थ आश्रम के अन्य परमार्थियों ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही महुआडांड़ के जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, वनवासी कल्याण केन्द्र के जिलाध्यक्ष अजय उरांव आदि गणमान्य व्यक्तियों ने सराहनीय भूमिका निभाई।


सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया।

### अब तक कुल 55 बेटियों का हुआ विवाह

इससे पूर्व चार सामूहिक विवाह आयोजनों में 44 बेटियों की शादी कराई जा चुकी है। इस आयोजन के साथ यह संख्या अब 55 हो गई है। सभी बेटियां आज सुखी दांपत्य जीवन जी रही हैं। समारोह के पूर्व संध्या पर रविवार को आदिवासी परंपरा अनुसार पारंपारिक नृत्य-संगीत प्रदर्शन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर सामूहिक आदिवासी लोकनृत्य की प्रस्तुति आदिवासी लड़कियों/महिलाओं द्वारा दी गई। सबों ने उनकी प्रस्तुति का सराहना की व बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल, शिल्ड व नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।

## पलामू टाइगर रिजर्व में बीड़ी पत्ता माफियाओं का कब्जा, जंगल हो रहा है छलनी

# इको-सेंसिटिव जोन में हर रात चल रहा है धंधा, विभाग मौन

- हर साल होता है जंगल का दोहन, जानवर छोड़ रहे हैं जंगल
- सरकार को करोड़ों का नुकसान, फिर भी नींद में विभाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व, जो झारखंड का सबसे महत्वपूर्ण जैव विविधता वाला क्षेत्र माना जाता है, इन दिनों बीड़ी पत्ता माफियाओं की लूट का शिकार बना हुआ है। जंगल की रक्षा की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है, वही आंखें मूंदे बैठे हैं। हर साल बीड़ी पत्ता सीजन में जंगल की हरियाली नहीं, बल्कि माफिया का लालच फैलता है। एक तरफ स्थानीय ग्रामीण अगर सुखी लकड़ी लेकर निकल जाएं, तो उन पर वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर, बीड़ी पत्ता माफिया हर रात जंगल से हजारों बोरे पत्ते निकाल रहे हैं। ट्रैक्टर, ट्रक, बोलेरो, पिकअप व अन्य वाहन खुलेआम जंगल में दौड़ रहे हैं, लेकिन वन विभाग की कार्रवाई सिर्फ दस-बीस बोरियों की



जब्ती तक सीमित रहती है। जिन ठेकेदारों का नाम बीड़ी पत्ता तस्करी में शामिल होने के लिए पूरे इलाके में चर्चा में रहता है, उन पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यह सवाल उठना लाजमी है कि जब सभी को इन माफियाओं की पहचान है, तो विभाग क्यों चुप है? क्या ऊपरी दबाव, राजनीतिक संरक्षण और रिश्वतखोरी इसकी वजह है?

### अब नहीं रुकी लूट तो जंगल बचेगा नहीं

सरकार अगर अब भी नहीं चेती, तो पलामू टाइगर रिजर्व जल्द ही इतिहास बन जाएगा। समय आ गया है कि उन रसूखदार ठेकेदारों पर सीधी कार्रवाई की जाए, जिनके इशारे पर यह पूरा काला कारोबार फल-फूल रहा है। नहीं तो आने वाली पीढ़ियां सिर्फ किताबों में जंगल पढ़ेंगी, असल में नहीं देख पाएंगी।

### वन्यजीवों का पलायन, पर्यावरण पर खतरा

लगातार जंगल का दोहन और मानव हस्तक्षेप के कारण वन्यजीवों का जीवन संकट में है। टाइगर रिजर्व से बाघ और अन्य जानवरों का पलायन होना सामान्य हो गया है। इससे जैव विविधता पर असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर, सरकार को हर साल करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान झेलना पड़ता है। इसके बावजूद विभाग के अफसर मूकदर्शक बने हुए हैं।

## लवकुश यादव फिर तीसरा बार बनाये गये राजद प्रखंड अध्यक्ष


अध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लवकुश यादव के आवास पर सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल की प्रखंड इकाई का गठन किया गया। झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर चुनाव पर्वेक्षक राजेश कुमार रजक एवं अजय कुमार गुप्ता की उपस्थिति में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। सर्वसम्मति से लवकुश यादव को तीसरी बार लगातार प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। चुनाव पर्वेक्षक ने निर्वाचन प्रपत्र उन्हें सौंपा। पदभार ग्रहण करने के उपरांत अध्यक्ष लवकुश यादव ने सभी कार्यकताओं एवं नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे तीसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका पूरी ईमानदारी और तनमयता से निर्वहन करूंगा। उन्होंने संगठन को मजबूत करने सभी को साथ लेकर चलने और कार्यकताओं को मान-सम्मान की रक्षा करने की प्रतिबद्धता जताई। मौके पर मंटू भुइयां, विनय कुमार, नवीन कुमार, टिंकु कुमार, कजारू भुइयां, संतोष यादव, नरेश यादव, सुरेश यादव, नौशाद अंसारी, फुलदेव यादव, अजय यादव, रमेश यादव, नामधारी यादव, छोटकु यादव, केदार यादव, सुरेश राम, प्रभु यादव सहित कई गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारियातू मे प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित फूलसु मोड़ के ठीक सामने पूर्व टीओपी के पास संचालित मार्ग दर्शन कोचिंग सेंटर मे आज 3 जून मंगलवार को 11 बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए कोचिंग के डायरेक्टर सानू कुमार ने बताया की कोचिंग सेंटर मे पढ़ने वाले छात्र छात्रा जो मैट्रिक व इंटर मे बेहतर प्रदर्शन किया है उन्हें सम्मान किया किया जायेगा। जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी शिक्षा है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से ही बेहतर दिशा की ओर जाया जा सकता है। शिक्षा को बढ़ावा देने के उदेश्य से छात्र छात्रा के साथ अभिभावक को समय पर प्रतिभा सम्मान समारोह मे उपस्थित होने की अपील की है।

## सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सबकी हो सहभागिता: सीओ जयशंकर पाठक


बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक कि गई।

- चंदवा: बकरीद को लेकर चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न
- प्रतिबंधित पशु कुबार्नी पर रोक व सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश नही डालने की दी गई हिदायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी बकरीद त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सोमवार की शाम चंदवा थाना में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक व संचालन पुलिस निरीक्षक रंधीर कुमार ने की। मौके पर मौजूद बीडीओ चंदन प्रसाद ने बकरीद को लेकर प्रशासन द्वारा जारी किये गए दिशा निदेर्शों की जानकारी दी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाने की अपील की। इस दौरान सीओ श्री पाठक व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न देने, सोशल मीडिया में धार्मिक भेदभाव व भड़काऊ संदेश भेजने से बचने की बात कही। इस दौरान प्रखंड के सभी सदर से ग्रुप बनाकर प्रशासन के साथ समन्वय बनाने, संदिग्ध गतिविधि पर नजर बनाए रखने, बकरीद की नमाज को लेकर समय निर्धारित कर सूचित करने, किसी भी परिस्थित में कानून व्यवस्था को हाथों में नहीं लेने के लिए युवाओं को प्रेरित करने की बात कही। वहीं बैठक में चंदवा के प्रबुद्धजनों ने प्रशासन को आश्वस्त करते हुए कहा कि यहां की शांति व्यवस्था को जिले के लिए मिसाल है, इसे आगे भी कायम रखने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। मौके पर बेतर ओपी प्रभारी किशोर मुंडा, समाजसेवी रामयश पाठक, पूर्व उपप्रमुख हाजी फिरोज अहमद, असगर खान, प्रमोद साहू, मनोज चौधरी, मो अब्दाल, इंदुभूषण पाठक, बिनोद कुमार गुड्डु, इंद्रजीत साह, बाबर खान, जागे उराँव, रामबृक्ष प्रजापति, एसआई राकेश महतो समेत कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## बकरीद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

- शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व के मद्देनजर जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से की। उपायुक्त ने कहा कि बकरीद का त्योहार शांति, भाईचारे और सहयोग की मिसाल है। इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी समुदाय, प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने


बैठक करते उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान जिले में कहीं भी विधि व्यवस्था की समस्या न हो, इसके लिए पूर्व से ही पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। पुलिस पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर भी शांति समिति की बैठक आयोजित की जाए। सोशल मीडिया पर नजर रखने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान प्रतिबंधित पशुओं के परिवहन पर पूर्ण रोक रहेगी। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। कंट्रोल रूम और साइबर सेल पूरी तरह सक्रिय रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति या सूचना के लिए लोग 06565-247981, 08987796308, 6206159795 या 112 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि बकरीद के अवसर पर विधि व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साइबर सेल सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखेगा और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ लातेहार अजय कुमार रजक, एसडीओ महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ सहित जिला परिषद सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी मौजूद थे। सभी से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।

## निजाम अंसारी तीसरी बार बने राजद प्रखंड अध्यक्ष



**लातेहार।** सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय लातेहार में प्रखंड राजद इकाई का गठन किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश के नेतृत्व निर्देश पर चुनाव प्रभारी के रूप में अजीत श्रीवास्तव मौजूद थे। बैठक निजाम अंसारी को लातेहार का लगातार तीसरी बार निर्विरोध राजद प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रभारी अजीत श्रीवास्तव प्रखंड अध्यक्ष श्री अंसारी को पद का निर्वाचन प्रपत्र प्रदान किया। प्रखंड अध्यक्ष श्री अंसारी ने मौके पर कहा कि उन्हें जो जवाबदेही दी गई है, उसका वे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन के हर छोटे बड़े कार्यकताओं को सबका मान सम्मान देने और संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने की बात कही। निजाम अंसारी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा से सभी कार्यकताओं को लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। बैठक में दो लोगों का चयन डेलीगेट के लिए किया। बैठक में रंजीत यादव, नशबुलीन आलम, मोहर सिंह यादव, देववंश यादव, संतोष यादव, विनय कुमार, राज नारायण गिरी, मनोज कुमार यादव, वहाब अंसारी, शंकर यादव, मोहम्मद जावीर अंसारी, विष्णु देव यादव, वीडियो सिंह, उपेंद्र राम, चंद्रदेव सिंह, सयुव अंसारी, आवेश मियां, सज्जाद खान, चिंटू यादव, रंजय कुमार यादव और चंद्रशेखर यादव समेत राजद के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती देंगे : सुनील साहू

**लातेहार।** तेली साहू समाज संघर्ष समिति (टीएसफोर) की एक विचार-गोष्ठी लातेहार में जिलाध्यक्ष बलराम प्रसाद साहू के आवासीय परिसर में जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि टीएसफोर के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजू रंजन प्रसाद उपस्थित थे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि राजनीतिक चेतना और सामाजिक एकजुटता के अभाव में समाज लगातार पिछड़ता जा रहा है। पिछड़ापन से मुक्त होने के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती देनी होगी। प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही ने कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण-दोहन के खिलाफ समाज को एकजुट होकर आवाज बुलंद करना होगा तभी हमारी अहमियत को दुनिया समझ पायेगी। विचार-गोष्ठी में सुनील साहू, संजय स्नेही, राजु रंजन प्रसाद एवं बलराम प्रसाद साहू के साथ समाजसेवी, कमलेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, जनार्दन प्रसाद, शिव प्रसाद, विवेकानंद गुप्ता एवं प्रदूमन प्रसाद भी उपस्थित थें।


साहू समाज कि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## कोयला लोड हाईवा ने खड़ी हाईवा में मारा टककर,चालक घायल



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मगध कोलियरी से कुशमाही जाने वाले पथ पर बसिया ओवर ब्रिज के समीप सोमवार की अहले सुबह 5:00 बजे कोयला लोड हाईवा JH 2BP/ 0423 ने सड़क किनारे खड़ी हाईवा संख्या खल 19 उ/ 9624 को टक्कर मार दिया। जिससे कोयला लोड हाईवा के चालक विकास यादव 23 वर्ष पिता सुरेंद्र यादव ग्राम बड़काबर भगिया थाना बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल अवस्था में विकास यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोयला लोड हाईवा मगध कोलयरी से कोयला लौडकर कुशमाही साइडिंग जा रहा था। इसी बीच सड़क किनारे जानवर को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर खड़ी हाईवा में टक्कर मार दिया। कोयला लोड हाईवा चमातु निवासी मोहन साहू का है। जबकि खाली हाईवा अमृत यादव सेरेगड़ा का बताया जा रहा है घटना के बाद बालूमाथ पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों हाईवा को जप्त कर लिया है।

## राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड स्तरीय बैठक हुआ संपन्न



**मनिका।** मनिका प्रखण्ड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित लोहिया भवन परिसर में दिन सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक की अध्यक्षता राजद के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष रामसेवक उरांव ने किया। साथ ही बैठक का मुख्य उद्देश्य राजद के मनिका प्रखण्ड अध्यक्ष का चुनाव करना था। वहीं सभी के सर्वसम्मति से दामोदर यादव को राजद प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया। वहीं नवनिर्वाचित दामोदर यादव को राजद प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। मौके पर, राजद नेता बली प्रसाद यादव,जितेंद्र प्रसाद यादव,मोहर सिंह यादव, देवबंश यादव, रामसेवक उरांव, नागेंद्र यादव, अनिल विश्वकर्मा, अरविंद यादव, कामेश्वर यादव, संजय यादव, शंभू यादव, जयशंकर उरांव, दिनेश सिंह, रविन्द्र यादव, अरविंद यादव, बलराम यादव, अनिल यादव, सकलदीप यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चंदवा: प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मनरेगा मद से वर्ष 2024-25 में संचालित योजनाओं का हुआ सोशल ऑडिट, आए कई मामले, ज्यूरी ने लगाया जुमार्ना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के सभी 17 पंचायत में सोमवार मनरेगा अधिनियम 2005 के तहत वर्ष 2024-25 के लिए सामाजिक अंकेक्षण इकाई के द्वारा पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लोगों को संविधान की शपथ दिलाने के साथ की गई। इसके उपरांत जनसुनवाई कार्यक्रम में सोशल आडिट टीम के द्वारा पंचायत स्तर पर गठित ज्यूरी सदस्य के समक्ष मामलों को उठाया। जिसमें योजना स्थल पर योजना पट का न होना, पीएम आवास योजना में बिना मनरेगा मद से भुगतान के ही योजना बंद कर देना, योजना कार्य पूर्ण करने के बाद भी लाभुक को मैटेरियल का भुगतान नहीं होना, पूर्ण हो चुके


अलौदिया में सोशल ऑडिट में शामिल ज्यूरी सदस्य व अन्य।

योजनाओं में पूर्ण प्रमाणपत्र नहीं लगा होना, बिना पूर्ण दस्तावेज के की योजना संचालन होना समेत कई मामले आए जिस पर ज्यूरी ने अपना मंतव्य देते हुए जुमार्ना लगाया व जिन मुद्दों पर समाधान नहीं निकला, उन्हें प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई के लिए अग्रसारित कर दिया। प्रखंड के अलौदिया पंचायत में आयोजित जन सुनवाई में बतौर ज्यूरी मेंबर प्रखंड उप प्रमुख सह पंसस अश्विनी मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रभु तुरी, स्वयं सहायता समूह की सुनीता देवी व नरेंद्र कुमार ने ऑडिट टीम द्वारा लाए गए मुद्दों पर करवाई करते हुए पीएम आवास योजना में बिना मनरेगा राशि भुगतान किए जाने के एक मामले में 5 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। इस दौरान ज्यूरी सदस्यों ने योजना संचालन में पारदर्शिता बरतने, अनियमितता नहीं बरतने की बात कही। ऑडिट के दौरान दर्जनों लोगों ने मनरेगा जॉब कार्ड बनाने एवं रोजगार दिखाने को लेकर आवेदन किया जिस पर 15 दिनों के अंदर कार्ड बनाने के साथ काम मुहैया कराने की बात अश्विनी मिश्रा ने रोजगार सेवक से कही। वहीं सामाजिक अंकेक्षण के तहत हुटाप पंचायत भवन में जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमों के द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। पंचायत के वर्तमान रोजगार सेवक जितेंद्र पासवान द्वारा सामाजिक अंकेक्षण दल को पंजी प्रस्तुत नहीं करने पर 1 हजार रुपये का दंड लगाया गया वहीं पंचायत सचिव के द्वारा मापी पुस्तिका प्रमाणित नहीं किया गया था। इसके अलावे आवास योजना के तहत मिले आवास लाभार्थियों के द्वारा किए गए आवास निर्माण की अद्यतन समीक्षा की गई। इसके साथ ही मनरेगा आदि कार्य का सोशल ऑडिट किया गया। मौके पर मुखिया सुखनारायण सिंह, पंचायत स्तरीय ज्यूरी मेंबर पंसस लीलावती देवी, ग्राम प्रधान श्रवण पूजेर, सखी मंडल की सदस्य प्रमिला देवी के अलावे अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, कनीय अभियंता रितेश कुमार, संदीप टोप्पो, अमित कुमार, सूर्यदेव साहू, मनु उरांव, रमेश, राजेंद्र समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बरवाडीह पंचायत में मनरेगा की जनसुनवाई महज औपचारिकता बनकर रह गई



**बरवाडीह।** मनरेगा योजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई बरवाडीह में एक महज दिखावे की प्रक्रिया बनकर रह गई। जिस सुनवाई में जनता की भागीदारी सबसे अहम होती है, वहां न जनता पहुंची, न ज्यूरी मेंबर मौजूद थे, और न ही पंचायत समिति के दोनों सदस्यों को इसकी सूचना दी गई। पंचायत समिति सदस्य (पूर्वी) प्रवीण कुमार और (पश्चिमी) सदस्य ने साफ कहा कि उन्हें इस आयोजन की कोई जानकारी नहीं थी। जनसुनवाई से पहले न कोई सूचना दी गई, न प्रचार-प्रसार किया गया, न ही ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया। परिणामस्वरूप सुनवाई स्थल पर सन्नाटा पसरा रहा और जिनके हितों की बात होनी थी, वही लोग नदारद रहे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मंच अधूरा था और कोई भी जवाबदेह अधिकारी सवालों के घेरे में आने को तैयार नहीं दिखा। जब न सवाल पूछने वाला हो, न जवाब देने वाला, तो फिर कैसी जनसुनवाई ? इस मामले पर जब मनरेगा बीपीओ कमलेश सिंह से सवाल किया गया, तो उन्होंने पंचायत सेवक से बात करने की बात कही। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना भी है। बरवाडीह ही नहीं, क्षेत्र के अन्य पंचायतों से भी ऐसी शिकायतें मिल रही हैं, जिससे साफ है कि जनसुनवाई अब महज एक औपचारिक शब्द बनकर रह गया है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या इन जनसुनवाईयों पर भी कभी कोई असली सुनवाई होगी?

# एसकेएमयू की परीक्षा समिति की बैठक संपन्न पीएचडी का नामांकन प्रक्रिया जल्द होगी प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में परीक्षा बोर्ड की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने की। बैठक में विवि के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों से जुड़े कुल 15 एजेंडों पर गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि विवि में नये सत्र के लिए पीएचडी नामांकन प्रक्रिया को प्रारंभ होगी। ज्ञात हो कि पिछले कुछ वर्षों से पीएचडी नामांकन की प्रक्रिया रुकी हुई थी। जिससे कई योग्य और शोध के इच्छुक छात्र पीएचडी नामांकन से वंचित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विवि में शीघ्र ही पीएचडी नामांकन प्रक्रिया को प्रारंभ होगा। इस संबंध में विवि के पीएचडी सेक्शन को पूरी प्रक्रिया को



संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रारंभिक चरण में सभी स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्षों से योग्य शोध निर्देशकों की अद्यतन सूची एवं उनके अधीन रिक्त शोध सीटों की जानकारी मंगाई जाएगी। इसके बाद नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया यूजीसी की 2022 की नियमावली के अनुरूप संचालित होगी। जिससे छात्रों को एक पारदर्शी और न्यायसंगत अवसर मिल सके। यह निर्णय पीएचडी की प्रतीक्षा कर रहे उन छात्रों के लिए राहत लेकर आया है। जो लंबे समय से नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे थे। विशेष रूप से नेट व जेआरएफ उत्तीर्ण छात्र विश्वविद्यालय से बार-बार आग्रह कर रहे थे कि उन्हें शोध की दिशा में अवसर दिया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए छात्रहित में यह निर्णय लिया है। इस बार लगभग सभी विषयों में पर्याप्त संख्या में सीटें उपलब्ध हो सकती हैं। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो विमल प्रसाद सिंह, डीएसडब्लू डॉ जैनेन्द्र यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह, संकायाध्यक्ष डॉ टीपी सिंह, डॉ पीपी सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल एवं दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मजदूरों की समस्या का निराकरण प्रबंधन की शीर्ष प्राथमिकता : पीओ

एसडीओसीएम प्रबंधन के साथ आरसीएमयू की 10 सूत्री मांग को लेकर वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



बेरमो। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम परियोजना कार्यालय में सोमवार को पीओ के साथ यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (यूकोवयू) प्रतिनिधियों ने एजेंडा मीटिंग की। बैठक में यूकोवयू आरसीएमयू ने अपनी 10 सूत्री मांग रखी। आयोजित बैठक में यूकोवयू की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष जितेंद्र दूबे की अगुवाई में पीओ को मजदूर समस्या से अवगत कराया गया। बैठक में क्षेत्रीय सचिव भीम महतो और अध्यक्ष जितेंद्र दूबे ने कहा कि खदानों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। अधिक उत्पादन कराने में श्रमिक संगठन अपनी पूरी भागीदारी देगी। कहा कि मुख्यालय की ओर से मिले लक्ष्य को पाने के लिए प्रबंधन मशीनों का रख रखाव सही तरीके से करे, ताकि उत्पादन में बाधा उत्पन्न न हो। कहा गया कि उत्पादन उत्पादकता के साथ-साथ प्रबंधन मजदूरों के मूलभूत सुविधाओं का भी ख्याल रखे। इस अवसर पर पीओ शैलेश प्रसाद ने यूनियन प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मजदूरों की समस्या का निराकरण प्रबंधन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसके लिए यूनियन प्रतिनिधियों को प्रबंधन को सहयोग देना होगा। मजदूरों के सहयोग से ही एसडीओसीएम का उत्पादन लक्ष्य हासिल किया जाएगा। बैठक में मैनेजर राजीव कुमार सिंह, ईएंडएम इन्जीनियर अभिषेक कुमार, कार्मिक प्रबंधक मो तौकीर आलम, राम लखन, पीई कुमार अमित, किशन राय, यूकोवयू के कार्यकारी अध्यक्ष जवाहरलाल यादव, बुटल महतो, राम नारायण महतो, राजेंद्र रविदास, ओमप्रकाश, बेणेश्वर महतो, गणेश महतो, संदीप गिरि, राजकुमार, राजेंद्र रविदास, के अलावे सदस्य व वर्कर मौजूद थे।

## एक नजर में

### बोकारो : चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से की मुलाकात, विकास का सौंपा ज्ञापन



बोकारो। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने नव पदस्थापित उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और जिले की प्रमुख समस्याओं व विकास से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की पहल गैर मजरुआ खास जमीन की रजिस्ट्री शीघ्र शुरू करने बोकारो एयरपोर्ट का शीघ्र उद्घाटन ओपन जिम की मरम्मत और गुजरात कॉलोनी मोड़ पर रोड ब्रेकर निर्माण जैसी मांगें प्रमुखता से रखीं। संरक्षक संजय बैद ने इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक बताया। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर रोक की मांग की। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने बोकारो एयरपोर्ट की बहुआयामी आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इसके जल्द शुरू होने की आवश्यकता बताई। हवाई अड्डे को व्यवसाय पर्यटन स्वास्थ्य शिक्षा व रोजगार के दृष्टिकोण से जरूरी बताया। साथ ही ओपन जिमों की मरम्मत तथा गुजरात कॉलोनी मोड़ पर सुरक्षा के लिए रोड ब्रेकर निर्माण की आवश्यकता जताई गई। मुलाकात में सिद्धार्थ पारीख नरेंद्र सिंह विनय सिंह रवि शंकर प्रसाद राजेश पोद्दार सुभाष चौरड़िया मुकेश अग्रवाल संजय अग्रवाल व अंकित चोपड़ा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कर्मचारी संघ ने डीसी को दी गुटबाजी की सूचना

बोकारो। अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) जिला बोकारो के एक शिष्टमंडल ने डीसी अजयनाथ झा से भेंट की। महासंघ के जिला मंत्री मनोरंजन कुमार निराला ने अन्य सभी गतिविधि को अवगत कराया। इसमें बताया गया कि समाहरणालय संवर्ग का सम्मेलन सह चुनाव दिनांक 10 अप्रैल 2025 को हो चुका है जिसमें अध्यक्ष और मंत्री निर्वाचित हो चुके हैं। उनके द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि बोकारो जिला में दो गुट हैं- जो वैधानिक रूप से अलग हैं। उपायुक्त द्वारा संघ की सभी बातों को सुना गया और आश्वासन दिया गया कि हम लोग मिलकर कार्य करेंगे। मौके पर मंत्री निराला संघ अध्यक्ष उमेश प्रसाद महतो सहित जिला मंत्री विभांशु मिथिलेश कुमार पाठक संजय कुमार गोराई हिमांशु कुमार मांझी संजय कुमार उमेश कुमार मांझी नवीन कुमार खगेन दास आदि मौजूद रहे।

### डीसी के निदेश पर भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

बेरमो/बोकारो। डीसी अजय नाथ झा के निर्देश पर सोमवार को तेनुघाट (बेरमो) के सिंचाई विभाग में भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी ने आमजनों से आगे बढ़ कर रक्त दान करने का अपील किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है, जो कि पूरी तरह से गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान यह प्रमाणित कर चुका है कि रक्त दान करने से शरीर और भी ऊर्जावान होता है। रक्तदान कई मायने में शरीर को स्वस्थ बनाएं रखने का बेहतर उपाय है। रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है। रक्तदान सही मायने में जीवनदान देने जैसा है। जिंदगी में हम कई बार समय पर खून नहीं मिलने की समस्या से प्रभावित होते हैं, ऐसे में हम सभी स्वस्थ लोगों का दायित्व बनता है कि समय-समय पर रक्तदान करते रहें ताकि जरूरतमंदों की मदद हो सके। जानकारी हो कि, रेडक्रास द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर 21 जुलाई तक जारी रहेगा। कैलेंडर के अनुरूप जिले के सभी प्रखंडों में शिविर का आयोज किया जा रहा है।

### बेरमो : श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




बेरमो। अनुमंडल स्थित पेटरवार में सोमवार से पंचदिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह भव्य आयोजन पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत कसमार रोड अंतर्गत मंदिर टोला स्थित शिव मंदिर में संपन्न होगा। यज्ञ का आयोजन 2 जून से 6 जून तक किया जाएगा, जिसमें अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। मंदिर समिति के अनुसार, सोमवार प्रातः 5:30 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो महावीर स्थान मंदिर टोला से प्रारंभ होकर गंगेश्वर महादेव मंदिर, बस स्टैण्ड, रामचन्द्र गली बाजार, बबली जैन के घर के सामने, मटटोला, खत्रीटोला होते हुए राजा तालाब पहुंची। जहां पंडितों के द्वारा पूरे विधि विधान? एवं मंत्र उच्चारणों के साथ कलश में जल भरा गया। तत्पश्चात कसमार रोड मार्ग होते हुए मंदिर यज्ञ मंडप तक पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के साथ गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो और बविता देवी भी शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लिए भक्ति गीतों के साथ और पुरुष श्रद्धालु बैंड-बाजे और जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिये। वहीं महायज्ञ के दौरान हवन, पूजन, आरती, प्रवचन, भंडारा, कलश स्थापना और मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी की जायेगी। यज्ञ का समापन 6 जून को शिव परिवार, राधे-कृष्ण, माता महाकाली आदि देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा, शोभायात्रा एवं भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ किया जाएगा।

### बेरमो कांग्रेस कमेटी के मिलन समारोह में झामुमो उलगुलान के दिगंबर महतो ने ली सदस्यता



फुसरो। पांच नंबर धौड़ा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रधान कार्यालय में झारखंड सरकार मुख्य सचेतक, इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के निर्देशानुसार कांग्रेस का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजन किया गया। यहाँ मुख्य रूप में बेरमो विधायक सिंह की माता रानी सिंह उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो ने अपने चार साथियों में टेकलाल महतो उर्फ टीकू महतो, कार्तिक महतो जानकी महतो व हरलाल महतो के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। रानी सिंह ने सभी को पुष्पगुच्छ, फूल माला, अंग वस्त्र व कांग्रेस का पट्टा बनाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, इंटक के जिला अध्यक्ष परवेज अख्तर, गणेश मल्लाह, जयराम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह, अरुण सिंह, सलीम जावेद, फूलचंद महतो, केदार सिंह, मुस्तकीम अंसारी, फुलवा देवी, पम्मी सिंह, प्रताप सिंह, राजेश्वर सिंह, राजू दिगार, मुन्ना सिंह, नेजाम अंसारी, जितेंद्र सिंह, साधु बाउरी, रमेश मिश्रा, रामदेश राम, मनोज ठाकुर, प्रदीप सिंह, पवन राय, बैजनाथ सिंह, कलीम अंसारी, मनोज सिंह, राजू दिगार, प्रमोद सिंह, अशोक अग्रवाल, विल्सन फ्रांसिस, राजेंद्र अग्रवाल, सुनील सिंह, मनोज श्रीवास्तव, नारायण शर्मा, जेपी पाठक, रेहना राज, फूलों देवी, सुनीता देवी, प्रदीप सिंह, मनोज ठाकुर, अमित कुमार सिंह, प्रदीप महतो, जितेंद्र रामपिया, समर सिंह, शंकर दास, मो रईस आलम आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### डीवीसी चंद्रपुरा में 5 डीवीसी कर्मी हुए सेवानिवृत



बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में सेवानिवृत पांच डीवीसी कर्मियों के सम्मान समारोह में इन कर्मियों को उपहार भेंट कर डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत कर्मी सत्यनारायण शाह अजय कुमार सिंह दुखन मांझी भुवनेश्वर मंडल बालेश्वर नाथ देव के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने कहा कि डीवीसी द्वारा जो संसाधन डीवीसी सेवानिवृत कर्मियों को उपलब्ध कराई जाती है उससे उनका जीवन अत्यंत सुखद बीतेगा। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि डीवीसी में एक दूसरे से काफी लगाव रहता है। सेवानिवृत कर्मियों और उपस्थित उनके परिजनों से उन्होंने अपील किया कि वह अब खुशहाल जीवन जीने के लिए आवश्यक कदम उठाए। वरिष्ठ महाप्रबंधक डॉ डीसी पांडेय ने सेवानिवृति को गौरव का प्रतीक भावना बताया और कहा कि यह एक अनमोल क्षण है। वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने कहा कि किसी भी संस्था में जॉयनिंग के ही समय उसका रिटायरमेंट की तिथि लिख दिया जाता है। उन्होंने कहा कि डीवीसी में अपनापन संबंध काफी गहरा होता है। समारोह का संचालन अनिमेष गिरी ने किया। समारोह को डीजीएम आरआर ओझा वरिष्ठ प्रबंधक अभिमन्यु कुमार सिंह राजकुमार चौधरी कंचन अस्मिता टोप्पो अक्षय कुमार सेवानिवृत कर्मी व उनके परिजन आदि ने भी संबोधित किया।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा



बेरमो। डुमरी के इसरी बाजार से बीते बुधवार को एक यामहा बाइक की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पीड़ित के आवेदन पर गिरिडीह एसपी विमल कुमार के निर्देश पर डुमरी इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम बना कर चोरों की पहचान में पुलिस जुट गई थी। जिसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नावाडीह थाना क्षेत्र के सुरही से दो बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तीन बाइक को भी बरामद किया गया। इसकी जानकारी इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है।

### गोमिया के रिजवान की मलेशिया में मौत



बेरमो। गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया थाना क्षेत्र के महावीर स्थान निवासी रिजवान हुसैन (उम्र 49 वर्ष), पिता सिराज हुसैन की मलेशिया में काम के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। यह दुखद घटना 1 जून को हुई, जिसकी सूचना उनके परिजनों को 2 जून की सुबह लगभग 9 बजे प्राप्त हुई। मृतक रिजवान हुसैन मलेशिया में रोजगार के सिलसिले में कार्यरत थे और परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनके असामयिक निधन की सूचना मिलते ही उनके घर में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन गहरे सदमे में हैं और शव के अंतिम दर्शन की इच्छा लिए सरकार से मदद की आस लगाए बैठे हैं। इस बीच मृतक की पत्नी ने मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो को एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने निवेदन किया है कि सरकार विदेश मंत्रालय व मलेशिया स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से पहल करे, ताकि उनके पति का पार्थिव शरीर जल्द से जल्द भारत लाया जा सके।

### सीता सोरेन ने पूर्व पीए पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

दुमका। भाजपा नेत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन ने पूर्व पीए देवाशीष घोष के खिलाफ नगर थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में पीए देवाशीष घोष पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार लिखित शिकायत में चेक के माध्यम से फर्जी हस्ताक्षर कर अवैध रूप से राशि निकासी का आरोप लगायी है। हलांकि पुलिस मामले में अभी कुछ भी स्पष्ट कहने से बच रही है। मामला हाई-प्रोफाईल होने के कारण नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद जांच के बाद कुछ स्पष्ट करने की बात कही। यहां बता दें कि बीते माह में धनबाद के कतरास में शादी समारोह में पूर्व पीए देवाशीष घोष ने सीता पर जानलेवा हमला के प्रयास का भी आरोप में लोगों ने पुलिस के हवाले किया था।

### एसकेएमयू के कॉलेजों में क्विज प्रतियोगिता 22 जून को

दुमका। संताल लाहोंती वैसी, दुमका की ओर से सोमवार को आदिवासी कल्याण छात्रावास संख्या 5 के सभा भवन में बैठक आहूत हुई। बैठक में एसपी कॉलेज के विभिन्न कल्याण छात्रावास के छात्रनायक छात्रानायिका शामिल हुए। बैठक वैसी के संयोजक जोसेफ बास्की के दिशा निर्देशानुसार जोएल टुडू की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बोकारो : भू- अर्जन प्रखंड अंचल कर्मी और लाभुकों की मिलीभगत

# सरकारी योजनाओं की मुआवजा राशि का अवैध तरीके से बंदरबाट

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/कसमार। बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना के तहत कसमार अंचल में लगभग तीन दर्जन से अधिक विभिन्न सरकारी विभाग की निर्मित संरचनाओं को अधिग्रहित की गई है।

कई सरकारी योजनाओं की मुआवजा राशि अवैध तरीके के लाभुकों को दिया गया है। भू-अर्जन प्रखंड अंचल कर्मी व लाभुकों की मिलीभगत से लाभुकों को मुआवजा राशि दे दी गयी है। कई योजनाओं की कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर लाभुकों को मुआवजा राशि देने की तैयारी है। लेकिन भू-अर्जन कार्यालय बोकारो द्वारा एक आरटीआई कार्यकर्ता के जवाब में एक भी सरकारी संरचनाओं को अधिग्रहित नहीं करने की बात कही



गई है। जब आरटीआई कार्यकर्ता सह जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन सचिव भुनेश्वर महतो ने कसमार अंचल अंतर्गत चौड़ा मौजा से कसमार तक मुआवना किया तो तीन दर्जन सरकारी योजनाओं होने की बात सामने आयी है।

इनमें चौड़ा मौजा में यमुना मांझी के माड़ा योजना द्वारा निर्मित दो सिंचाई कूप तथा बगदा एवं जामकुदर मौजा में एक एक मनरेगा योजना द्वारा निर्मित सिंचाई कूप को मिट्टी भर सड़क निर्माण कर दिया गया है। इन योजनाओं का मुआवजा राशि लाभुक को भुगतान हुआ या संबंधित विभाग को इसकी जानकारी भी गुप्त रखी जा रही है। इसके अलावा सूदी चौक के पास सोलर आधारित जलमीनार खुदीबेड़ा मौजा में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा अधिष्ठापित सात नलकूप भी अधिग्रहण में शामिल है। मंजूरा मौजा में चार सोलर आधारित जलमीनार एवं नलकूप तथा हरिजन टोला में सामुदायिक भवन मंजूरा में स्वास्थ्य उपकेंद्र का चारदीवारी व गेट तथा कब्रिस्तान का चहारदीवारी व गेट शामिल है। वहीं गर्री मौजा में बजरंगबली मंदिर के सामने हाल में विधायक मद द्वारा बना यात्री शेड भी अधिग्रहण में शामिल है।

ये योजनाएं अब भी नहीं हटी है जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य बाधित है। जिसका मुआवजा सीधे संबंधित विभाग को मिलने का प्रावधान है। लेकिन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को यह सब मालूम नहीं है।

अनुकंपा के आधार पर दो अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

# नियुक्ति केवल अवसर ही नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व भी : दुमका आयुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिला अनुकंपा समिति बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में संथाल परगना प्रमंडल, आयुक्त लालचंद दादेल ने दो कर्मियों को नियुक्ति पत्र सोमवार को सौंपा। नियुक्ति पत्र समेकित बाल विकास कार्यक्रम अंतर्गत मो वशीम अख्तर एवं पालती हांसदा को निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर के लिए नियुक्ति-पत्र दिया गया। इस अवसर पर आयुक्त दादेल ने नियुक्त अभ्यर्थियों को अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं सजग होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुकंपा पर प्राप्त नियुक्ति नहीं केवल अवसर है, बल्कि एक उत्तरदायित्व भी है। जिसे ईमानदारी से निभाना अत्यंत आवश्यक है। मो वशीम अख्तर को जिला समाज कल्याण कार्यालय, दुमका एवं पालती हांसदा को बाल विकास परियोजना कार्यालय, जामा में प्रतिनियुक्त किया गया। इस अवसर पर आयुक्त सचिव अमित कुमार, अवर सचिव अल्बर्ट दास, मो अमजद हुसैन, सौरभ कुमार तिवारी, लिपिक बाबूराम मुर्मू व अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने 10वीं के जिला टॉपर राजलक्ष्मी को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

कथारा। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कक्षा 10वीं में जिला टॉपर राजलक्ष्मी को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मंत्री को लिखित पत्र सौंपा। जानकारी के गोमिया स्थित झामुमों कार्यालय परिसर में एक जून 2025 को सूबे के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया रहिवासी 10वीं कक्षा में बोकारो जिला टॉपर राजलक्ष्मी को अंग वस्त्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र की बेटी राजलक्ष्मी ने 10वीं की परीक्षा में जिला टॉपर बनकर गोमिया विधानसभा क्षेत्र एवं जिला का नाम रौशन किया है, जो काफी गौरव एवं हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि मेहनत एवं लक्ष्य के साथ अगर पढ़ाई किया जाए तो लक्ष्य प्राप्ति में कोई बाधा नहीं आती है। यह सब राजलक्ष्मी ने कर दिखाया है। वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी की सेविकाओं ने मंत्री को लिखित पत्र सौंप कर कहा कि सुपरवाइजर द्वारा उनसे दुर्व्यवहार किया जाता है। इस बाबत मंत्री ने बोकारो डीसी से बात कर तुगलकी फरमान पर संज्ञान लेने की बात कही। मौके पर डॉ जितेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, धनंजय सिंह, राजू शाह, मो असलम, ओमप्रकाश कुमार, बिनोद यादव, घनश्याम महतो, गणेश यादव सहित सैकड़ो की संख्या में रहिवासी उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखंड बोकारो अंचल के सदस्यों की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। स्थानीय जो हैवेन्स चीरा चास में बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखण्ड के बोकारो अंचल के सदस्यों का एक दिवसीय बैठक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के बोकारो अंचल के बोकारो एवं गिरिडीह जिला के सुदूरवर्ती सभी शाखाओं के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बैठक का शुभारंभ साथी अध्यक्ष एस के अदक महासचिव साथी दिनेश झा लल्लन उप महासचिव साथी एसएन दास संगठन सचिव साथी राकेश मिश्रा कोषाध्यक्ष साथी प्रदीप झा सहायक सचिव साथी सत्यजीत गिरि एवं साथी शहबाज आलम ने किया। बैठक में उपस्थित फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन के अखिल भारतीय महासचिव तथा बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखंड के महासचिव साथी दिनेश झा लल्लन ने उपस्थित




सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें अपना अस्तित्व को बचाने के साथ-साथ बैंक को भी बचाने के लिए तथा इसे जनोन्मुखी बनाए रखने के लिए संघर्ष हेतु खड़ा होना पड़ेगा। उन्होंने आह्वान किया कि संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा द्वारा 9 जुलाई को आहूत एक दिवसीय हड़ताल को सफल करने के लिए हम सभी पूरे मनोयोग से भाग लेंगे-कारण उनकी मांगों में हमारे मांग भी शामिल हैं। यूनियन के अध्यक्ष एसके अदक ने कहा कि सभी अंचलों में समस्याओं की स्थिति एक जैसी है। प्रबंधन पूर्णतया मनमाना रवैया अपनाए हुए है। अतः पूरे झारखंड में एक आंदोलन किया जाना चाहिए। सभा में बोकारो आंचल से राज्य कार्यकारिणी के लिए 10 सदस्य स्थाई समिति सदस्य एवं दो आमंत्रित सदस्य का चुनाव किया गया। जिसमें इंद्रजीत चौधरी दीपक कुमार लाल प्रियंका कुमारी अनुपम कुमारी परमहंस कुमार दीपक कुमार संजय हेंब्रम जगन्नाथ दास शुभम दोस्त शिव शंकर भगत तथा रणवीर कुमार राय वह अजय कुमार शामिल हैं। पूर्व उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति पर उन्हें अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक को सफल करने वालों में अजय कुमार विनय कुमार बृजेश सिंह शशि भूषण मिश्रा संदीप रवानी रवीनव कुमार मनोज विजय बांसफोड रामजी कुमार शोभा कुमारी आदि ने अपना योगदान दिया।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोड्डा में समर कैंप संपन्न


खबर मन्त्र संवाददाता


गोड्डा। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, गोड्डा में सोमवार को भाषा समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कमल सहित विद्यालय के शिक्षकगण की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गई। यह समर कैंप 25 मई से 2 जून तक आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को बांग्ला भाषा की मूल बातें, सामान्य बोलचाल, पारंपरिक पहनावे, बंगाली भोजन, रंगों के अर्थ और पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक पहचान से अवगत कराया गया साथ ही पेंटिंग, डांसिंग, संवाद प्रतियोगिता जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों



के द्वारा अपने कौशल का प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने कहा, भारतीय भाषाएं हमारी सांस्कृतिक आत्मा हैं। बच्चों का यह उत्साह यह दर्शाता है कि वे भाषायी विविधता को समझने और स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह प्रयास निश्चित रूप से राष्ट्र की एकता को मजबूत करता है। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कमल ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल भाषा सिखाना नहीं है, बल्कि छात्रों को विविध संस्कृतियों के प्रति संवेदनशील बनाना भी है। विषय विशेषज्ञ देव कुमार राय ने अपने उद्बोधन में कहा, भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि एक संस्कृति की संवाहक होती है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अनुमंडल पदाधिकारी उरांव द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कमल, पीजीटी जीव विज्ञान मो इफ्तिखार आलम, पीजीटी अंग्रेजी अल्बेन्स मरांडी, पीजीटी सीएस मनीष कुमार, अभिभावक जनार्दन राय उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत परीक्षाफल के लिए कड़ी मेहनत करें छात्रः अभिजित





खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट विज्ञान परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 29 छात्र-छात्राओं को डीसी अभिजित सिन्हा ने सोमवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी ने जिले के शतप्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त करने वाले 43 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। डीसी ने कहा कि इसी प्रकार प्रत्येक वर्ष शत-प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त करे के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में मौजूद जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय जो इस वर्ष प्रथम बार दशवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुआ और शत-प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त किया।

स्पीड न्यूज

## असम के मुख्यमंत्री ने की 'शिशु साहित्य समग्र' की सराहना

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि शिशु साहित्य समाज का दर्पण है। यह बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को दिशा देता है और समाज को समझने-बूझने में उनकी सोच को गहराई प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि असम में बाल साहित्य को समृद्ध करने में कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों का योगदान रहा है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने आयकर रिटर्न दाखिल किया

**कोलंबो।** श्रीलंका में अब ऑनलाइन आयकर रिटर्न दाखिल किया जा सकता है। श्रीलंका के राजस्व विभाग की वेबसाइट आईआरडी में यह सुविधा आज शुरू कर दी गई है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आयकर रिटर्न की ई-फाइलिंग शुरू होने पर खुद का 2024-2025 मूल्यांकन वर्ष के लिए रिटर्न दाखिल किया। ऐसा करने वाले देश के वह पहले व्यक्ति बन गए।

## पोलैंड के अगले राष्ट्रपति होंगे करोल नावरोकी

**वॉरसा।** पोलैंड के अगले राष्ट्रपति करोल नावरोकी होंगे। पोलैंड के राष्ट्रीय स्मृति संस्थान के प्रमुख और इतिहासकार नावरोकी को राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में 50.89 प्रतिशत मत मिले। निकटतम प्रतिद्वंदी सत्तारूढ़ सिविक कोएलिशन (केओ) के उम्मीदवार और वारसॉ के मेयर रफाल ट्रजास्कोवस्की को 49.11 प्रतिशत मत हासिल हुए।

## देशभर में कोरोना के मामलों ने बढ़ाई चिन्ता

**नयी दिल्ली।** देशभर में कोरोना के नए मरीजों की बढ़ती संख्या से वायरस को लेकर एक बार फिर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। कोरोना की नई लहर में जनवरी से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना से चार लोगों की मौत हो चुकी है। देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या की 3961 हो गई है।

## 24.28 करोड़ रुपये सोनपुर मेला के लिए स्वीकृत

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि सोनपुर मेला स्थल, सारण में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास और आधुनिकीकरण के लिए 24.28 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। सोमवार को यहां उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 की उप-योजना (सीबीडीडी ) के तहत सोनपुर मेला विकास की योजना को स्वीकृति दी गई है।

## सीएम ने निमार्णाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ तथा पुनपुन सस्पेंशन का लिया जायजा

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर रुककर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और यहां पर आकर मिलेगा। मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड में मीठापुर रेलवे क्रासिंग के पास दोनों तरफ सर्विस रोड होगा।

## केंद्र ने इलेक्ट्रिक यात्री वाहन विनिर्माण योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। यह योजना ईवी यात्री कार क्षेत्र में वैश्विक निमार्ताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को ई-वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी।यह योजना वैश्विक ईवी निमार्ताओं से निवेश आकर्षित करने और भारत को ई-वाहनों के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जबरदस्त उत्साह, योग संगम में 25,000 पंजीकरण

# देश में 1 लाख से अधिक स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आइडीबाइ) 2025 के प्रमुख कार्यक्रम योग संगम में भारत भर में 1 लाख से अधिक स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकॉल पर आधारित एक समन्वित सामूहिक योग प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। इस सामूहिक उत्सव का उद्देश्य योग के कालातीत अभ्यास और आज की दुनिया में इसकी स्थायी प्रासंगिकता के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ने सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरे कर लिये हैं। इस वर्ष 2025 में, हम 11वें आइडीबाइ को वास्तव में वैश्विक और समावेशी तरीके से मनाएंगे। इस साल का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसका उद्देश्य योग को एक वैश्विक आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तारीख करीब आने के साथ ही इसका उत्साह भी खासा बढ़ता नजर आ रहा है। प्रमुख उत्सव कार्यक्रम योग संगम को पहले ही भारत और उसके बाहर 25,000 से अधिक संगठनों से असाधारण प्रतिक्रिया मिल चुकी है। योग के अब तक के सबसे बड़े और सबसे समावेशी उत्सव के लिए मंच तैयार कर रहा है। शीर्ष-स्तरीय शैक्षणिक संस्थानों से लेकर प्रसिद्ध गैर सरकारी संगठनों तक, और प्रमुख कॉरपोरेट्स से लेकर प्रभावशाली सरकारी विभागों तक, हर तरफ से समर्थन मिल रहा है। एकल फाउंडेशन, अंतर्राष्ट्रीय योग संघ) और अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन जैसे संगठन उनमें से हैं जिन्होंने पूरे दिल से इसमें भाग लेने का संकल्प लिया है।



फाइल फोटो

**हर तरफ योग दिवस की गूंज :** उल्लेखनीय शैक्षणिक संस्थानों ने योग संगम की भावना को उत्साह के साथ अपनाया है। आईआईटी कानपुर, आईआईएम मुंबई, एनआईटी कुरुक्षेत्र, आईआईएम बैंगलोर, बीआईटी मेसरा और वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने पंजीकरण कराया है, जिससे भारत के सबसे प्रतिष्ठित परिसरों में इस कार्यक्रम की गूंज दिखाई देती है। यहां तक कि सरकारी विभाग भी उदाहरण पेश कर रहे हैं। गोवा वन भवन के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय, अल्टिन्हो ने योग संगम के साथ हाथ मिलाया है झ जो पर्यावरण जागरूकता और समग्र कल्याण के साथ योग के संरेखण पर प्रकाश डालता है।

**पंजीकरण में ये राज्य अग्रणी :** वहीं राज्य स्तर पर, राजस्थान, तेलंगाना, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब संगठनात्मक पंजीकरण में अग्रणी के रूप में उभर रहे हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों में योग के लिए गहरे समर्थन को दर्शाता है। जैसे-जैसे योग संगम का पैमाना और भावना बढ़ती जा रही है, आयोजक सभी शेष शैक्षणिक, सरकारी, कॉर्पोरेट और गैर-लाभकारी संस्थानों से इस आंदोलन में शामिल होने और इसे अब तक का सबसे प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने में मदद करने का आह्वान कर रहे हैं।

# वार्ता : दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट : मोदी

### भारत-पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासिओस से कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा, आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने की आपकी प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है।



**भारत-पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग :** पीएम मोदी ने कहा, भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर क्राइम, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है। मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं, इससे आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने की आपकी प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर हैं। यह यात्रा भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को नए आयाम प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक-दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जहां हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। हम इन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

## बाढ़ प्रभावित लखीमपुर जिले का सीएम ने किया दौरा

**लखीमपुर (असम)।** राज्य में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के चलते उपरी असम और बराक घाटी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस कड़ी में उपरी असम के लखीमपुर जिले में नीपको के डैम से अचानक पानी छोड़े जाने के चलते काफी तबाही हुई है। स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा राज्य के जल संसाधन विभाग के मंत्री पीयूष हजारिका, शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगू, केशव महंत आदि के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि हाल की बारिश के संदर्भ में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली या ऐसे प्राकृतिक आपदाओं के समय में किस प्रकार की सक्रियता और पूर्व चेतावनी अपनानी चाहिए, इस विषय पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। साथ ही, बारिश की पूर्व सूचना मिलने के बाद तुरंत अधिक सावधानी से जिला प्रशासन के साथ समन्वय करते हुए आगे की कार्रवाइयां करने के लिए अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया। ाानी के अचानक और अस्थायी रूप से छोड़े जाने से बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है।

## एक नजर में

## असम में बाढ़ का कहर जारी, 19 ज़िले प्रभावित, अब तक दो लोगों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। डिजास्टर रिपोर्टिंग एंड इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 19 ज़िले बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ की चपेट में आकर पिछले 24 घंटे के दौरान अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें एक महिला कछार जिले और एक पुरुष श्रीभूमि जिले से है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा रविवार की रात जारी बुलेटिन के अनुसार ब्रह्मपुत्र (डिब्रूगढ़ और निमातीघाट), धनसिरी (नुमलीगढ़), कपिली (कामपुर), काटाखाल (माटीजुरी), बराक (बीपी घाट) और कुशियारा (श्रीभूमि) नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 56 राजस्व सर्किलों के अंतर्गत 764 गांव प्रभावित हुए हैं। करीब 3.64 लाख की आबादी पर बाढ़ का असर पड़ा है जबकि 3524.38 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा 52 राहत शिविर और 103 राहत वितरण केंद्र खोले गए हैं। कुल 155 केंद्रों में 10,272 लोग शरण लिए हुए हैं, वहीं 45,331 लोग शिविरों से बाहर राहत सामग्री प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार कुल 2,35,193 पशु प्रभावित हुए हैं, जिनमें 71,538 बड़े पशु, 40,017 छोटे पशु और 1,23,638 पोल्ट्री शामिल हैं। अब तक 696 पशु (12 बड़े, 28 छोटे और 656 पोल्ट्री) बह चुके हैं।

## प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एफआरयू स्थापित होंगे : स्वास्थ्य मंत्री सिंघल



एजेंसी

**गुवाहाटी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अशोक सिंघल ने सोमवार को गुवाहाटी स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में विभाग की कार्यप्रणाली की व्यापक समीक्षा की। बैठक में आयुक्त एवं सचिव पी अशोक बाबू और बनार्ली शर्मा, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के आयुक्त-सचिव डॉ. सिद्धार्थ सिंह, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक डॉ. उमेश फांग्सो, परिवार कल्याण निदेशक कमलजीत तालुकदार और एनएचएम असम के कार्यकारी निदेशक डॉ. मनोज चौधरी समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, बुनियादी ढांचे के विकास और विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। मंत्री सिंघल ने राहत शिविरों में नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## गजब डोले गाने ने मचाई इंटरनेट पर धूम



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा ने आज के समय में हर जगह धूम मचा रखी है। सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का नया गाना 'गजब डोले' ने इंटरनेट पर खूब धूम मचा रखी है। भोजपुरी संगीत की दुनिया में इन दिनों सुपरस्टार सिंगर्स के फैंस के बीच गजब का कंपीटिशन शुरू हो गया है। पहले जहां नए गानों को रिलीज के बाद मिलियन्स तक पहुंचने में करीब 24 घंटे लगते थे, वहीं अब कुछ ही घंटों में धमाकेदार व्यूज से गाने सपुरहिट हो रहे हैं।

## असम में निर्वासन अभियान के खिलाफ याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या से निपटने के लिए असम सरकार की डिपोर्ट करने की नीति के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने याचिकाकर्ता को गौहाटी हाई कोर्ट का जाने को कहा। यह याचिका बीटीसी माइनोरिटी स्टूडेंट्स यूनियन ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े ने कहा था कि असम सरकार विदेशी होने के संदेह में लोगों को बिना कानूनी प्रक्रिया के हिरासत में लेकर जबरन सीमा पार भेज रही है। उन्होंने कहा कि असम सरकार सुप्रीम कोर्ट ने 4 फरवरी के आदेश के बाद ऐसा कर रही है। हेगड़े ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 4 फरवरी को कहा था कि उन 63 विदेशी नागरिकों को वापस उनके देश डिपोर्ट कर दिया जाए।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत बनाने की सशक्त कड़ी है : शिवराज

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के पांचवे दिन सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मोतिहारी पहुंचे। जहां पीपरा कोठी कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में किसानो को संबोधित करते कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने की सशक्त कड़ी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि उत्पादन में लागत को कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। विकसित कृषि और समृद्ध किसान के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को नई तकनीकी सिखा रही हैं। जिसका उद्देश्य आधुनिक तरीके खेती को बढावा देना है,जिससे कम लागत में बेहतर कृषि उपज प्राप्त किया जा सके। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढावा देना है। जिसमे प्राकृतिक खेती, कृषि में ड्रोन का उपयोग, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन इत्यादि को भी शामिल किया गया है। इस अभियान का मूल मंत्र है 'लैब टू लैंड' जिसमे एक देश एक कृषि और एक टीम का निर्धारण कर देश में कृषि और किसानो को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है।उन्होने किसानो से इस अभियान का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। अपने संबोधन के दौरान कृषि मंत्री ने महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह का स्मरण चंपारण की भूमि का नमन किया। जिसमें केंद्रीय कारा, आईसीआर, स्वास्थ्य विभाग, लोहिया स्वच्छता विभाग, पशु व मत्स्य संसाधन विभाग, जीविका, समावेशिक शिक्षा व पीएम पोषण विभाग, आईसीडीएस, इफको, सात निश्चय, मशरूम रिसर्च, मधुमक्खी पालन विभाग, डीआरसीसी, कृषि अभियंता व प्रौद्योगिकी विभाग, प्राकृतिक खेती विद्यालय, पोषक अनाज व मूल्य संवर्धन उत्कृष्ट केंद्र, जल जीवन हरियाली, लीची व आम उत्पादन, मृदा जांच केंद्र का स्टॉल शामिल रहा। इसके साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसान चौपाल लगाकर किसानो की बाते सुनी।



## दो हजार रुपये के 6,181 करोड़ रुपये के नोट अभी भी जनता के पास : आरबीआई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2000 रुपये के नोट बंद करने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी जनता के पास यानी प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने 19 मई 2023 को दो हजार रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। ये 2000 रुपये के नोट अब भी वैध मुद्रा हैं। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 मई, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,181 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, इस प्रकार 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.26 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 रुपये के बैंक नोट कानूनी मुद्रा बने रहेंगे। रिजर्व बैंक के मुताबिक 2000 रुपये के इन बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। ये सुविधा अब केवल रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों मेंउपलब्ध है।



## रविशंकर प्रसाद ने प्रवासियों को आतंकवाद के खिलाफ अवगत कराया

**नयी दिल्ली।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल फ्रांस, इटली, डेनमार्क का दौरा पूरा करने के बाद लंदन पहुंचा। लंदन में अपने प्रथम दिन पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मध्य लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और डॉ. बीआर अंबेडकर संग्रहालय का दौरा किया। इसके उपरांत हजारों की संख्या में उपस्थित भारतीय प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख से अवगत कराया।

# सूर्य के तापमान तक पहुंचने वाले 'वारहेड' से करेंगे अटैक, सब हो जायेगा राख

एजेंसी

**रूस।** यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन वह वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने रूस पर खतरनाक जवाबी हमले की चेतावनी दी है। वीडियो में पुतिन ने कहा है कि हम यूक्रेन पर ऐसे वारहेड से जवाबी हमला करेंगे, जो जिनकी गर्मी सूर्य के तापमान तक पहुंच जाती है। पुतिन ने कहा कि हमारे ओरेशनिक वारहेड्स सूर्य के तापमान तक पहुंचते हैं। यह बेहद विनाशकारी होते हैं। जाहिर है अगर रूस यूक्रेन पर हमले के लिए ओरेशनिक वारहेड्स का इस्तेमाल करता है तो भयानक तबाही मच सकती है। पुतिन का ये वीडियो को पुराना बताया जा रहा है। मगर रसीया रूप ने इसे 02 जून को शेयर किया है।



**पुतिन ने बताया-कैसे लेंगे बदला :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को खतरनाक तीखी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि रूस अब 'लक्ष्य चुन रहा है' और यह लक्ष्य यूक्रेन की सीमाओं से भी परे हो सकते हैं। उनके इस बयान को पश्चिमी सहयोगियों और विशेषकर अमेरिका और नाटो के लिए एक सीधी धमकी माना जा रहा है। पुतिन ने ओरेशनिक वारहेड्स से हमला करने की धमकी दी है।

**क्या हैं 'ओरेशनिक वारहेड्स' :** ओरेशनिक वारहेड्स रूस की हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। जो कि किसी भी देश के मौजूदा एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देकर बेहद तेज और सटीक हमले करने में सक्षम हैं। यह ध्वनि की गति से 5 गुना अधिक तेज चलते हैं। पुतिन ने दावा किया कि रूस के पास ऐसे 'ओरेशनिक वारहेड्स' हैं जो 3 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से उड़ते हैं और टारगेट पर गिरते समय उनका तापमान 4000 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जोकि लगभग सूर्य की सतह के तापमान के बराबर है। यह रूस के अत्याधुनिक हाइपरसोनिक मिसाइल वॉरहेड्स हैं। यह महाविनाश और भयानक तबाही लाने के लिए जाने जाते हैं। पुतिन ने कहा, 4000 डिग्री सेल्सियस की ऊर्जा से सब कुछ राख बन जाता है। यह सिर्फ सैन्य चेतावनी नहीं, यह वास्तविकता है। हम अब लक्ष्य चुन रहे हैं।

### 'यूक्रेन से परे निशाना' का मतलब पश्चिमी देश!

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस जवाबी हमले के दौरान यूक्रेन से परे भी निशाना लगा सकता है। उनके इस बयान से साफ संकेत है कि रूस केवल यूक्रेन तक सीमित नहीं रहेगा। जरूरत पड़ी तो वह पश्चिमी देश, विशेषकर अमेरिका और नाटो पर भी हमला कर सकता है, जो यूक्रेन को लगातार सैन्य मदद दे रहे हैं। नाटो और अमेरिकी हथियारों के दम पर ही यूक्रेन रूसी सीमाओं पर उसके अंदर तक हमला करने में सक्षम हो गया है। इसलिए रूस अपने जवाबी हमले को और भी व्यापक बना सकता है।


**'जेलेंस्की को पछताना पड़ेगा' कठोर भाषा में हमला :** पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की को 'पश्चिम की कठपुतली' करार दिया और चेतावनी दी कि रूस की प्रतिक्रिया 'निर्दयी' होगी। पुतिन ने कहा कि 'जेलेंस्की और उसके पश्चिमी आका जल्द ही पछताएंगे। हमने काफी सहन कर लिया है। अब रूस चुप नहीं बैठेगा।'

**तीसरे विश्व युद्ध का बढ़ सकता है खतरा :** अगर पुतिन यूक्रेन पर ओरेशनिक वारहेड्स से हमला करते हैं तो यह दुनिया को तीसरे विश्वयुद्ध में भी धकेल सकता है। पुतिन के इस बयान के बाद अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो बेहद चिंतित हो गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पुतिन का यह संदेश सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की रणनीति भी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र समेत कई यूरोपीय देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और युद्ध को और आगे बढ़ने से रोकने की अपील की है।

## पटवा टोली से आठ बच्चे जेइइ एडवांस में सफल

**पटना।** गयाजी के पटवा टोली में जेइइ एडवांस परीक्षा में 8 छात्रों को सफलता मिली है। वृक्ष बी द चेंज संस्था के छात्रों ने कमाल किया है। गयाजी जिले के मानपुर प्रखंड क्षेत्र का पटवा टोली इंजीनियर या आईआईटियन का गांव के नाम से जाना जाता है। यहां संचालित वृक्ष बी द चेंज संस्था में छात्रों को निशुल्क इंजीनियरिंग की तैयारी करायी जाती है। यहां के छात्रों ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है।

### पीएचडी की उपाधि



ज्योति कुमारी, पुत्री - श्री चंद्रदेव प्रसाद एंव सुनीता देवी तथा पती- अमरजीत कुमार, ग्राम+पोस्ट हेहल, थाना- सुखदेव नगर, जिला- रांची (झारखंड), रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा मार्च 2025 मे आयोजित मानविकी संकाय के अंतर्गत हिन्दी विषय में पीएचडी की परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित की गयी। ज्योति कुमारी ने शोध निर्देशिका डॉ. मालती शर्मा, वरीय व्याख्याता (हिन्दी विभाग), मौलाना आजाद कॉलेज रांची के निर्देशन में मैत्रेयी पुष्पा की कहानियों में अभिव्यक्त सामाजिक चेतना एक अध्ययन, शीर्षक पर अपना शोध कार्य पूरा किया।